# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 26 फरवरी 2026


कच्चा तेल आयात घटाने व प्रदूषण कम करने में सहायक

## 1 अप्रैल से ई 20 पेट्रोल पूरे देश में अनिवार्य होगा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल 2026 से पूरे देश में कम से कम 95 आरओएन (रिसर्च ऑक्टेन नंबर) वाला ई20 पेट्रोल (20% एथनॉल मिश्रित) बेचना अनिवार्य कर दिया है। तेल मंत्रालय ने 17 फरवरी की अधिसूचना में साफ निर्देश शेष पेज 4 पर












हैरान करने वाली घटना

### धार जिले के पीथमपुर के परीक्षा केंद्र में मचा हड़कंप

# मप्र बोर्ड परीक्षा के दौरान 10वीं की छात्रा गणित का पेपर छोड़ गई बाथरूम... बच्चे को दिया जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

धार जिले के पीथमपुर से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां के सेक्टर-1 थाना क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के एक निजी स्कूल में 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दे रही एक नाबालिग छात्रा ने परीक्षा केंद्र के बाथरूम में बच्चे को जन्म दिया। छात्रा परीक्षा केंद्र पर गणित का पेपर दे रही थी। परीक्षा केंद्र प्रभारी नरेंद्र कुमार पोथे ने बताया कि छात्रा अचानक शौचालय जाने की बात कहकर अपनी सीट से उठी। जब वह करीब 15 मिनट तक नहीं लौटी, तो संदेह होने पर एक महिला कर्मचारी को उसे देखने भेजा गया। महिला कर्मचारी ने शेष पेज 4 पर

- 17 वर्षीय छात्रा और उसका बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ
- पुलिस जांच जारी, छात्रा ने प्रेमी को पिता बताया


फाइल फोटो

### मां को नहीं थी गर्भावस्था की जानकारी

घटना की सूचना मिलने पर छात्रा की मां भी अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने चिकित्सकों को बताया कि उन्हें बेटी की गर्भावस्था की कोई जानकारी नहीं थी। परिवार के अनुसार छात्रा की सगाई हो चुकी है और मंगेतर का घर आना-जाना था। परिजनों ने संभावना जताई शेष पेज 4 पर

### 'हाई रिस्क प्रेग्नेंसी' में जान जाने का खतरा

आखिर नौ महीने तक किसी शिक्षक, वार्डन या परिवार को इस प्रेगनेंसी का पता क्यों नहीं चला?। यह परिजनों और स्कूल प्रबंधक की घोर लापरवाही है। 14-16 साल की आयु में शारीरिक और मानसिक रूप से गर्भावस्था के लिए तैयार न होने के कारण इसे 'हाई रिस्क प्रेग्नेंसी' माना जाता है। इससे नाबालिग मां को प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव, एनीमिया, ब्लड प्रेशर और जान का खतरा हो सकता है। इस उम्र में अनचाही गर्भावस्था से गुजरना, उसे छिपाना और फिर स्कूल में प्रसव करना, बच्ची के लिए भयानक मानसिक सदमा पैदा कर सकता है। ऐसे में किशोरी को तत्काल मनोवैज्ञानिक परामर्श की आवश्यकता होती है।

**डॉ. विमला सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ, भोपाल**

सुप्रीम कोर्ट की सख्ती...सोशल साइंस की किताब में न्यायपालिका से जुड़े हिस्से पर विवाद

सीजेआई सूर्यकांत बोले- संस्था को बदनाम नहीं करने देंगे

# एनसीईआरटी की कक्षा 8 की किताब से 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' का चैप्टर हटेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


*सरकारी सूत्रों का कहना है कि केवल न्यायपालिका पर केंद्रित टिप्पणी करना उचित नहीं था। यदि संस्थागत ढांचे पर चर्चा करनी थी तो विधायिका और कार्यपालिका के बारे में भी समान रूप से उल्लेख किया जा सकता था*

देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने एनसीईआरटी की क्लास 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब में जोड़े गए 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' सेक्शन पर गंभीर चिंता जताई है। इस मामले पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने साफ शब्दों में कहा कि वे किसी को भी न्यायपालिका जैसी संस्था को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे और जरूरत पड़ी तो अदालत स्वयं कार्रवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट में यह मामला वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी द्वारा उठाया गया है, जिसमें इस विषय पर कोर्ट से स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया है। ताजा विवाद नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) द्वारा सोमवार को जारी की गई कक्षा 8 की नई सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक से जुड़ा है, जिसके एक अध्याय में 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' के अंतर्गत 'न्यायपालिका शेष पेज 4 पर


जस्टिस सूर्यकांत

सीजेआई ने स्वत: संज्ञान लेते हुए कहा कि कानून अपना काम करेगा






- सोशल साइंस की किताब में न्यायपालिका से जुड़े हिस्से पर विवाद
- सरकार ने माना- संतुलित नहीं थी सामग्री, किताब से हटेगी न्यायपालिका की बुराई

सुप्रीम कोर्ट में क्या हुआ?

### मुझे पता है कि इससे कैसे निपटना है : सीजेआई

*एनसीईआरटी की नई किताब के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि वे इस बात से विचलित हैं कि बच्चों को इस प्रकार की सामग्री पढ़ाई जा रही है। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया जाए। कपिल सिब्बल और* शेष पेज 4 पर

### एनसीईआरटी से जवाब तलब किया जाएगा

मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यह एक सुनियोजित और सोची-समझी कोशिश प्रतीत होती है। उन्होंने मुद्दा उनके संज्ञान में लाने के लिए सिब्बल और सिंघवी का आभार भी व्यक्त किया। सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया है कि इस मामले में उचित कदम उठाए जाएंगे। यदि अदालत औपचारिक रूप से शेष पेज 4 पर


मठ को ध्वस्त करते हुए बुलडोजर

सिंहस्थ 2028 को लेकर उज्जैन में बड़ी कार्रवाई

# शंकराचार्य मठ परिसर में संचालित 3 मंजिला होटल पर चला बुलडोजर

आश्रम परिसर में अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

शहर के नर्सिंग घाट क्षेत्र स्थित पुण्यानंद गिरी महाराज के आश्रम, शंकराचार्य मठ पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। आश्रम में कुल 54 कमरे बने हुए थे, जिनमें एसी और नॉन-एसी दोनों प्रकार के कमरे शामिल थे। तीन मंजिला सर्वसुविधायुक्त आश्रम परिसर में अवैध रूप से तीन मंजिला होटल संचालित किया जा रहा था। आश्रम परिसर में करीब 10 हजार से 15 हजार वर्गफुट में तीन मंजिला होटल का शेष पेज 4 पर


अवैध होटल टूटा

### अन्य आश्रमों और समाजों पर भी कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान माधवानंद आश्रम, कलोता समाज, बागली समाज और महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी इंद्रदेव सरस्वती महाराज द्वारा बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण पर भी निगम का बुलडोजर चला।

## खबर संक्षेप

### 'यादव जी की लव स्टोरी' का टाइटल नहीं बदलेगा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' की रिलीज रोकने से इनकार कर दिया है और कहा है कि फिल्म के टाइटल में कुछ भी आपत्तिजनक और नेगेटिव नहीं है। वहीं जब याचिकाकर्ता ने कहा कि फिल्म रिलीज होने के बाद कुछ भी आहत करने वाला लगे, तो दोबारा अपील की अनुमति दी जाए, इस पर कोर्ट ने कहा कि मोटी चमड़ी रखिए। पिछले दिनों घूसखोर पंडत के टाइटल पर बवाल मचा था।

### दूषित पानी से अब 54 साल के एक शख्स की मौत



**इंदौर।** भागीरथपुरा क्षेत्र में 54 वर्षीय रामनरेश यादव की कथित तौर पर दूषित पेयजल के सेवन से मौत हो गई। बताया गया है कि वे पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्हें 15 दिनों से आईसीयू में भर्ती रखा गया था, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। परिजनों के अनुसार, लगातार उल्टी और दस्त के कारण उनकी स्थिति गंभीर होती गई।


यह है आलीशान घर

यह शानदार घर 66 मीटर ऊंचा और 17 मंजिला है जो मुंबई के पाली हिल इलाके में है

अनिल अंबानी पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

# 3,716 करोड़ का मुंबई का बंगला 'अबोड' अटैच

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के मुंबई वाले घर 'अबोड' को एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत जब्त कर लिया है, जिसकी कीमत 3716 करोड़ रुपए है। यह शानदार घर, जो 66 मीटर ऊंचा और 17 मंजिला है, मुंबई के पाली हिल इलाके में है। साल 2000 के आसपास इस महंगी और आलीशान प्रॉपर्टी को रिलायंस ने खरीद लिया था। इस बिल्डिंग में रूफटॉप पर हैलिपेड बना हुआ है जिस पर कई हेलिकॉप्टर एक साथ लैंड कर सकते हैं। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत एक प्रोविजनल ऑर्डर जारी किया गया है, ताकि उनकी ग्रुप कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस द्वारा कथित बैंक फ्रॉड से जुड़े मामले में मल्टी-स्टोरी घर को अटैच किया जा सके। अटैच की गई संपत्ति की कीमत 3,716.83 करोड़ रुपए है। 66 साल के अंबानी के दूसरे शेष पेज 4 पर











आरबीआई का बैंकों को आदेश

# अब कोई हिडन चार्ज नहीं लगेगा बैंकों को हटाने होंगे 'डार्क पैटर्न'

जुलाई तक एप से हटा लें फंसाने वाली ट्रिक्स



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आपके साथ भी ऐसा होता होगा कि आप अपने बैंक का एप खोलते हैं और उसमें अतिरिक्त सेवाओं को खरीदने के लिए बार-बार मैसेज या नोटिफिकेशन आने लगते हैं. इनमें से कई मिडलीडिंग भी होते हैं। या फिर चेकआउट के समय आपको हिडन शुल्क दिखाई दिए हों, तो आप अकेले ऐसे यूजर नहीं हैं। अब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ऐसे मामलों में सख्त नजर आ रहा है और डिजिटल बैंकिंग को अधिक पारदर्शी बनाने के क्रम में बैंकों को कड़ा आदेश दिया है। आरबीआई ने कहा है कि बैंक जुलाई 2026 तक अपनी वेबसाइटों और मोबाइल एप से सभी डार्क पैटर्न हटा दें, जो कि ग्राहकों को गुमराह करने या उन पर दबाव डालने के लिए डिजाइन की गई ट्रिक्स हैं। डार्क पैटर्न डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इस्तेमाल की जाने वाली ऐसी डिजाइन तकनीकें हैं, जिनका उद्देश्य यूजर के व्यवहार को प्रभावित करना होता है, जिसे वे आसानी से पूरी तरह समझ न सकें। इनमें हिडन चार्ज, भ्रमित करने या प्रलोभन देने वाले विकल्प या फिर ग्राहकों को अतिरिक्त शेष पेज 4 पर

# लोकपाल की नियुक्ति के मामले में बीयू ने पेश की मिसाल, तेजी से निपटाई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों में जहां आए दिन समस्याएं सामने आ रही हैं। वहीं, राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने इस मामले में देशभर में अलग मिसाल कायम की है। यूजीसी और राज्य सरकार के निर्देश के बावजूद भी प्रदेश ही नहीं देश के कई विश्वविद्यालयों में छात्रों, शिक्षक, कर्मचारियों की समस्या के समाधान के लिए लोकपाल की नियुक्ति नहीं हो पाई है। लेकिन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने इस दिशा में तत्परता से कदम उठाते हुए न सिर्फ समय पर लोकपाल की नियुक्ति की, बल्कि उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान भी किया है। इसे देखते हुए कहा जा रहा है कि लोकपाल की नियुक्ति के मामले में बीयू देश का नंवर वन विवि बन गया है। विवि में 11 अप्रैल 2023 को शशिर कांत चौबे को बीयू का लोकपाल नियुक्त किया गया। शशिर कांत चौबे सेवानिवृत्ति जिला एवं सत्र न्यायाधीश रह चुके हैं और अपने सेवाकाल में कई महत्वपूर्ण न्यायिक फैसले किए हुए हैं। यहां ध्यान रहे कि बीयू का परिक्षेत्र 8 जिलों में बंटा हुआ है। बीते वर्षों में बीयू के लोकपाल ने विवि के कुलगुरु प्रो. एसके जैन के मार्गदर्शन में लोकपाल कार्यालय ने विभिन्न समस्याओं का त्वरित निराकरण कर एक मिसाइल कायम की है।

अलग खबर

*बीयू में लोकपाल ने नियुक्ति के बाद करीब 22 महीने में ही 133 अपील और 11 जांचें कर कायम की मिसाल, समस्याओं का तत्काल किया निराकरण*


फाइल फोटो।

## लोकपाल ने 133 अपील और 11 जांचें कीं

बीयू में लोकपाल ने करीब 22 महीने में ही विवि में कुल लगभग 133 अपील और 11 से अधिक जांचें कर समस्याओं का निराकरण किया है। मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति और जनजातियों की संख्या सबसे अधिक है, ऐसे में बीयू के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस की समस्या को प्राथमिकता के तौर पर निराकरण कर विवि के प्रति उनके विश्वास को बढ़ाया है। बीते वर्षों में लोकपाल ने 30 अपील और 11 जांचों के निराकरण के कार्य किए गए। इसमें विवि के अकादमी, प्रशासनिक, गोपनीय, परीक्षा शाखा के साथ ही डीएसडब्ल्यू, छात्रावास सहित लेखा शाखा के भी मामले आए, जिनका तत्काल निराकरण किया गया। इसके तहत सामान्य वर्ग के 71, ओबीसी के 25, अनुसूचित जनजाति के 27, अनुसूचित जनजाति के 8, ईडब्ल्यूएस के 2 और अल्पसंख्यकों के दो मामलों का निपटारा किया गया। यहां ध्यान रहे कि नैक द्वारा भी इस कार्य की प्रशंसा की गई थी।

### मैं चाहता हूं कि सभी की समस्याओं का समाधान हो

यह सही है कि विवि में लोकपाल की नियुक्ति यूजीसी के निर्देश के तत्काल बाद कर दी गई थी। लोकपाल के माध्यम से विवि में बड़ी संख्या में छात्रों, कर्मचारियों और शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किया गया है। मैं चाहता हूं कि विवि में सभी की समस्याओं का समाधान हो। ऐसे प्रयास लगातार जारी हैं।

**- प्रो एसके जैन, कुलगुरू, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल**

## खबर संक्षेप

### ट्रांसफार्मर के नीचे न करें होलिका दहन

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के विद्युत उपभोक्ताओं से बिजली लाइन के नीचे, ट्रांसफार्मर के नीचे या पोल के आसपास होली न जलाएं, क्योंकि इससे तार अथवा विद्युत उपकरण पिघल सकते हैं और दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। देखते ही देखते छोटी सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती है। कंपनी ने नागरिकों ने अनुरोध किया कि वे होलिका दहन का कार्यक्रम बिजली लाइनों के नीचे व आसपास न करें। कंपनी ने मिठाई, मूर्तियां, रंग-गुलाल, पूजन सामग्री आदि की दुकानें एवं होली पर्व से जुड़ी अन्य सामग्री के विक्रय हेतु लगाए जाने वाली अस्थाई दुकानों के प्रकाश व्यवस्था हेतु व्यापारी बंधुओं से अनुरोध किया है कि वे नियमानुसार अस्थाई कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें।

### कोलार मेन फीडर लाइन के वॉल्व में खराबी

**भोपाल।** कोलार जलप्रदाय परियोजना के तहत मैनिट परिसर की मेन फीडर लाइन के वॉल्व में गत दिवस आई तकनीकी खराबी को बुधवार सुधार लिया गया। इसके कारण शहर के कुछ क्षेत्रों में कोलार का जल प्रदाय एक दिन बाधित रहा। बुधवार को दोपहर बाद सभी क्षेत्रों में जलप्रदाय की स्थिति सामान्य हो गई। वाल्व में तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए बिजली कंपनी से शट डाउन लिया गया था। इसके चलते जल प्रदाय बंद रहा था।

### पात्रों को नियुक्ति नहीं मिलने पर विरोध प्रदर्शन आज

**भोपाल।** राजधानी में गुरुवार को प्रदेशभर के शिक्षक वर्ग-2 पात्रता परीक्षा पास अभ्यार्थी जुटेंगे। अभ्यार्थियों का कहना है कि मध्यप्रदेश में शिक्षक वर्ग-2 भर्ती की प्रक्रिया का 2022 में नोटिफिकेशन आया और 2023 में पात्रता परीक्षा हुई। 2025 (अप्रैल) में चयन परीक्षा का परीक्षा परिणाम सितंबर में आया था। इसमें कई अभ्यार्थियों का चयन भी हो गया, लेकिन 2026 आ गया और नियुक्ति अब तक नहीं हुई है। ऐसे में प्रदेशभर में अभ्यार्थी भोपाल में जुटेंगे। इस दौरान डीपीआई और भाजपा कार्यालय भी जाएंगे।

### डीएलएड संस्थाओं का संबद्धता शुल्क बढ़ा, 10 मार्च तक जमा करना जरूरी

**भोपाल।** बुधवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल ने सत्र 2026-27 से डीएलएड पाठ्यक्रम संचालित करने वाली संस्थाओं के लिए संबद्धता, नवीनीकरण और अतिरिक्त इंटेक की फीस बढ़ा दी है। कार्यपालिका समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद संशोधित आदेश जारी कर नई दरें लागू कर दी गई हैं। संस्थाओं को 10 मार्च 2026 तक निर्धारित शुल्क यूको बैंक की निर्दिष्ट शाखा या आरटीजीएस, एनईएफटी के माध्यम से जमा कर आवेदन की प्रति मंडल कार्यालय में जमा करनी होगी। समय सीमा तक राशि जमा नहीं होने पर संबंधित संस्था की संबद्धता समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

**ऐसी होगी नई फीस:** मंडल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार डीएलएड की परीक्षाओं के लिए पहली बार संबद्धता शुल्क 1 लाख 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर दिया गया है। इसमें एकमुश्त 50 हजार रुपए की वृद्धि की गई है।

## सीएम हाउस की तरफ जाने से पुलिस ने रोकी न्याय यात्रा, कर्मचारियों की पुलिस से हुई झड़प

# आक्रोशित स्वास्थ्य कर्मियों ने निकाली 'न्याय यात्रा' बोले-मांगें पूरी होने तक चलेगा संघर्ष

**कर्मचारियों की पुलिस के साथ बहस होने के साथ झड़प होने से अफरा-तफरी मची**

**जेपी अस्पताल में प्रदर्शन के दौरान बेहोश हुई महिला कर्मचारी**


आंदोलित स्वास्थ्यकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लंबित मांगों का सालों से निराकरण नहीं होने से आक्रोशित प्रदेश भर के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बुधवार को जेपी अस्पताल में एकत्रित होकर 'न्याय यात्रा' निकाल कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद जब दोपहर को कर्मचारी पैदल मार्च कर 'न्याय यात्रा' निकाल कर मुख्यमंत्री निवास को कूच करने लगे तो पुलिस ने बेरिक्रेट लगाकर रोक दिया।

इस दौरान कर्मचारियों की पुलिस के साथ बहस होने के साथ झड़प होने से अफरा-तफरी मच गई। न्याय यात्रा में शामिल धार जिले की एक महिला कर्मचारी मीना परमार अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। वे अपने ढाई साल के बच्चे के साथ प्रदर्शन में शामिल होने आई थी। साथी कर्मचारियों ने उन्हें तत्काल संभाला और परिसर में ही लिटाकर प्राथमिक देखभाल दी। कर्मचारियों का कहना है कि मांगें पूरी होने तक संघर्ष आंदोलन जारी रहेगा।



प्रदर्शन करते स्वास्थ्यकर्मी।

### विभागीय अधिकारियों ने मांगों पर लगाया अड़ंगा

अपनी मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारी दो फरवरी से चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। सरकारी अस्पताल के मरीजों को परेशानी ना हो इसलिए लगातार कर्मचारी काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जता रहे थे। कौरव का आरोप है कि विभागीय अधिकारी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहे, वह बेवजह जायज मांगों पर भी अड़गा लगाकर उनका निराकरण नहीं कर रहे है। न्याय यात्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक अपनी आवाज पहुंचाने की कोशिश की गई है।

**सुरेंद्र सिंह कौरव, प्रदेशाध्यक्ष, समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ**

### कई स्वास्थ्य संगठन हुए शामिल

प्रदर्शन में एड्स कंट्रोल कर्मचारी संगठन, संयुक्त डेंगू-मलेरिया कर्मचारी संघ, समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ, संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ और नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### नियमितिकरण और वेतन बढ़ोतरी प्रमुख मांग

कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सेवाएं दे चुके आउटसोर्स कर्मचारियों को तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर समायोजित कर नियमित किया जाए या संविदा में मर्ज किया जाए। इसके अलावा न्यूनतम 21 हजार रुप, मासिक वेतन, अन्य राज्यों की तर्ज पर स्थायी नीति, 1 अप्रैल 2024 से लागू वेतन वृद्धि का एरियर, निजी एजेंसियों को हटाकर सीधे खाते में वेतन भुगतान, 50 प्रतिशत आरक्षण, स्वास्थ्य बीमा, ग्रेच्युटी और शासकीय अवकाश जैसी मांगें भी नौ सूत्रीय ज्ञापन में शामिल हैं।

## एसपीएम कॉलेज में संस्कार, संस्कृति और उत्कृष्टता का उत्सव अनुपम 2025-2026 का समापन



एसपीएम कॉलेज में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन अनुपमः 2025-2026 का बुधवार को समापन हुआ। दूसरे दिन समारोह के मुख्य अतिथि हुजूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अनूप सिंह बैस उपस्थित रहे। महाविद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति-चिन्ह भेंट किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, नवाचारों, आधारभूत संरचना विकास एवं समग्र शैक्षणिक उन्नयन की जानकारी देते हुए कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, अपितु अनुशासन, संस्कार, कौशल एवं राष्ट्रीय चेतना से युक्त आदर्श नागरिकों का निर्माण करना है।

**महाविद्यालय के निरंतर प्रगति की सराहना की:**

मुख्य अतिथि रामेश्वर शर्मा ने महाविद्यालय की निरंतर प्रगति की सराहना की तथा छात्रसंख्या में वृद्धि एवं सेल्फ -फाइनेंस पाठ्यक्रम प्रारंभ करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की रूपरेखा छात्रसंघ प्रभारी एवं परामर्शदाता डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने प्रस्तुत की तथा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। संचालन डॉ. एसके मल्होत्रा ने किया। विधायक रामेश्वर शर्मा ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के मेधावी विद्यार्थियों तथा खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एकल नृत्य, समूह नृत्य एवं पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने गांधी, सुभाष चंद्र बोस, सरोजिनी नायडू, महाराणा प्रताप तथा अन्य ऐतिहासिक चरित्रों की भूमिका कर समारोह को जीवंत बना दिया।

*मुख्य अतिथि विधायक शर्मा ने महाविद्यालय की निरंतर प्रगति की सराहना करते हुए प्रतिभाओं को किया सम्मानित*

## वायु गुणवत्ता सुधारने की दिशा में कदम

# नगर निगम ने सड़कों पर उतारे 3 वाटर स्प्रिंकलर्स और 4 ट्रैक्टर माउंट फॉगर


वाटर स्प्रीलिंकर्स और ट्रैक्टर माउंट फॉगर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर वायु गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखने और हवा में शामिल धूल के कणों को जमीन पर लाने के दृष्टिगत पानी का छिड़काव शुरू किया गया है। इसके लिए सड़कों पर 3 वॉटर स्प्रीलिंकर्स और 4 ट्रैक्टर माउंट फॉगर मशीनें उतारी गई हैं। काफी ऊंचाई तक एवं सड़कों के किनारे पेड़ों आदि पर सुबह और शाम पानी का छिड़काव किया जा रहा है। निगम द्वारा लिंक रोड नं-1 व 2, टीटी नगर, न्यू मार्केट, रोशनपुरा, कोहेफिजा, लालघाटी, बैरागढ़, हमीदिया रोड, चार इमली, हबीबगंज सहित शहर के अन्य क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता में सुधार लगातार पानी का छिड़काव किया गया।

## किचिन व कमरों का हो रहा था निर्माण

# जज कॉलोनी में अवैध निर्माण पर चली जेसीबी, ढहाई दीवार


अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने बुधवार को ईदगाह हिल्स स्थित जज कॉलोनी में हो रहे अवैध निर्माण को ढहाने की कार्रवाई की। यहां सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर कमरे और किचन बनाने का काम चल रहा था। निगम और प्रशासन के अमले ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जेसीबी से अवैध निर्माण को ढहा दिया। इस दौरान नगर निगम और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के कई क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाए गए। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण दस्ते के दलों ने 11 मील, कटारा हिल्स, बंसल हॉस्पिटल, शाहपुरा लेक, सूरज नगर, जवाहर चौक, लिंक रोड नंबर-1,2 व 3, एमपी नगर, डीबी मॉल, वल्लभ भवन, चेतक ब्रिज, कस्तूरबा नगर, निजामुद्दीन रोड, शैतान सिंह चौराहा, फ्रेक्चर हॉस्पिटल, हमीदिया रोड, संत नगर आदि से अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

## उच्च शिक्षा विभाग का नूतन कॉलेज में हुआ राज्यस्तरीय एमओयू

# अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड को बढ़ावा देने 5 सरकारी तीन निजी विवि, 85 कॉलेजों ने किया एमओयू


राज्य स्तरीय एमओयू।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। बुधवार को अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम को बढ़ावा देने के लिए अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन एवं आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा की उपस्थिति में 85 महाविद्यालयों, 5 शासकीय एवं 3 निजी विश्वविद्यालयों ने क्रिस्प, नई दिल्ली के सहयोग से बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के साथ एमओयू किया।

### विभाग लगातार कर रहा प्रयास

आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा ने कहा कि विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे विद्यार्थियों में रोजगार निमित्त कौशल बढ़ेगा और उन्हें करियर के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। सेवानिवृत्त आईएएस एवं संस्थापक सदस्य, सेंटर फॉर रिसर्च इन स्कीम्स एंड पॉलिसीज राधेश्याम जुलानिया ने क्रिस्प द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी।

## लघु उद्योग भारती महिला इकाई ने कार्यशाला में दिया प्रशिक्षण

# मंत्रों और भजनों के बीच तैयार किया हर्बल गुलाल

**हर्बल रंग सदा रहे संग अभियान पर आधारित रहा यह विशेष आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बुधवार को लघु उद्योग भारती महिला इकाई, भोपाल ने स्वावलंबी भारत अभियान अंतर्गत नवाचार किया। कार्यशाला आयोजित कर मंत्रों और भजनों के बीच महिलाओं को हर्बल गुलाल बनाने सिखाया गया। प्रशिक्षण का नेतृत्व विशेष रूप से उपस्थित स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत की महिला प्रमुख, सौंदर्य विशेषज्ञ एवं गुलाल विशेषज्ञ सीमा भारद्वाज (हर्बल रंग सदा रहे संग अभियान) ने किया।


प्रशिक्षण प्रदान करतीं सीमा भारद्वाज।

### विशेषज्ञ सीमा भारद्वाज ने फूल-फल से हर्बल गुलाल बनाना सिखाया



कार्यशाला में उत्साहित महिलाएं।

कार्यशाला में सीमा भारद्वाज ने महिलाओं को फूलों, फलों, सब्जियों एवं औषधियों से प्राकृतिक गुलाल बनाना सिखाया। वहीं, स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। सीमा ने बताया कि भोपाल में बड़ी संख्या में महिलाएं हर्बल रंग सदा रहें संग अभियान से जुड़ चुकी हैं। वह प्राकृतिक गुलाल बनाकर बाजार में बेचकर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

### गुलाल बेचकर आत्मनिर्भर बन रही महिलाएं

कार्यशाला का उद्देश्य रासायनिक रंगों के स्थान पर सुरक्षित, प्राकृतिक रंग-गुलाल को बढ़ावा देना तथा स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर महिलाओं को स्वदेशी संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती एवं स्वावलंबी भारत अभियान की सह-समन्वयक प्रतिभा शुक्ला, रश्मि गुर्जर, शुभा कमरीशी, संगीता तिवारी, साधना शर्मा, सोनल श्रीवास्तव, सीमा निगम, प्रियंका शर्मा, आकाश शर्मा, राधा चौहान, अंजु मलिक, दुर्गेश नंदिनी एवं पलक उपस्थित रही।

## खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन आज


खाटू श्याम।

**भोपाल।** खाटू श्याम मित्र मंडल करोंद द्वारा गुरुवार 26 फरवरी को श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। खाटू श्याम संकीर्तन कार्यक्रम करोंद चौराहे पर स्थित केनरा बैंक के सामने शाम छह बजे से शुरू होगा। समिति के अध्यक्ष हरिसिंह ने बताया कि समिति पिछले तीन वर्षों से खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन कर रही है। खाटू श्याम संकीर्तन में मंत्री विश्वास सारंग को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर भजनों का आनंद लेंगे।

भोपाल
गुरुवार, 26 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-10
वर्ष : 12, अंक : 327
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 17

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## आजीविका मिशन क्षमतावर्धन कार्यशाला का किया शुभारंभ
# सशक्त हो रही हैं आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियां : सीएम


डॉ. मोहन यादव सम्मानित करते हुए

**12 लाख से अधिक दीदियां लखपति दीदी**

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियां सशक्त हो रही हैं। प्रदेश के 5 लाख स्व-सहायता समूहों से 65 लाख से अधिक दीदियां जुड़कर सशक्त हुई हैं। इनमें से 12 लाख से अधिक दीदियां लखपति दीदी बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता ⏩ शेष पेज 4 पर


स्पीकर ओहाना ने पीएम मोदी को पदक प्रदान किया

## इजराइली संसद को संबोधित करने वाले पहले भारतीय पीएम बने मोदी
# 'स्पीकर ऑफ द नेसेट' सम्मान से नवाजे गए

एजेंसी ⏭ तेल अवीव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को इजराइल के दो दिवसीय दौरे पर देश की संसद 'नेसेट' को संबोधित किया। पीएम नरेंद्र मोदी इजराइली संसद को संबोधित करने वाले पहले भारतीय पीएम बने। इजराइली संसद की ओर से पीएम मोदी को स्पीकर ऑफ द नेसेट का सर्वोच्च सम्मान मिला। भारत और इजराइल के बीच रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने में उनके असाधारण योगदान को मान्यता देते हुए पीएम मोदी को 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' से सम्मानित किया ⏩ शेष पेज 4 पर

- आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में इजराइल का किया समर्थन
- इजराइल में एयरपोर्ट पर पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया


पीएम मोदी इजराइली संसद नेसेट में अधिकारियों के साथ


### भारत और इजराइल दोनों ही प्राचीन सभ्यताएं: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इजराइल दोनों ही प्राचीन सभ्यता हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि हमारे सभ्याताओं में कई समानताएं हैं। इजराइली सभ्यता में तिकुल ओलाम का सिद्धांत है। भारत में यह वसुधैव कुटंबकम है। हमारे लिए दुनिया एक परिवार की तरह है। नेसेट में पीएम मोदी ने कहा, हमारे त्योहार भी एक-दूसरे से मेल खाते हैं। आप लोग हनुक्का मनाते हैं और मोमबत्तियां जलाते हैं। उसी समय पर हम लोग दिवाली मनाते हैं। भारत रंगों के साथ होली मनाता है। इसी दौरान इजराइल पुरिम का त्योहार मनाता है। ⏩ पढ़ें पेज 08 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सेक्रेटरी सचिवालय की छठी मंजिल से कूदे, मौत



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सचिवालय में बुधवार को आईएएस अधिकारी हितेश कुमार मीणा के स्पेशल सीनियर सेक्रेटरी गणेश दास अरोड़ा ने सचिवालय की छठी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। गंभीर चोटों के चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है।

### दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ करने की मांग



**नई दिल्ली।** केरल का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को केंद्र सरकार की सहमति मिल गई है। अब देश के दूसरे राज्यों का नाम भी बदलने की मांग होने लगी है। भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ किए जाने की मांग की है। इससे हमारी पहचान जुड़ी हुई है।

### संजय लीला भंसाली को हार्ट अटैक, भर्ती



**मुंबई।** मशहूर फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली ने हाल ही में 24 फरवरी को अपना 63वां जन्मदिन मनाया। जहाँ सोशल मीडिया पर फैंस और फिल्मी सितारे उन्हें बधाई दे रहे थे, वहीं बुधवार सुबह एक ऐसी खबर सामने आई जिसने हर किसी को सन्न कर दिया। भंसाली को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## निराश्रित पशुओं, गायों की दुर्घटना से यातायात बाधित होने का मुद्दा विधानसभा में उठा
## पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने विधानसभा को बताया
# निराश्रित गायों के लिए हर स्तर पर काम अगले दो वर्ष में इसका दिखेगा 'परिणाम'



*स्पीकर तोमर ने कहा कि यह विषय किसी एक पक्ष का नहीं हो सकता। इसलिए, समस्या की तह तक हमें जाना चाहिए। गोशालाओं से आय होने लगे तो गायों का संरक्षण होता रहेगा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र विधानसभा में बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य अजय सिंह ने निराश्रित पशुओं की वजह से प्रदेश भर में किसानों की फसलें नष्ट होने, यातायात बाधित होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से निराश्रित गायों की वजह से सड़कों पर आए दिन दुघर्टनाएं हो रही हैं, सड़कों पर गायों की मौत हो रही है। यह चिंता का विषय है। इस मुद्दे पर कई सदस्यों ने चिंता जाहिर करते हुए तत्काल इस पर कदम उठाने की मांग की।

पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने कहा कि निराश्रित गायों के लिए हर स्तर पर काम शुरू है। काम बड़ा है, इसलिए अगले दो वर्ष में इसका परिणाम देखने को मिलने लगेगा। इस पर व्यवस्था देते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि ⏩ शेष पेज 4 पर

**कांग्रेस विधायक अजय सिंह ने कहा-करीब 10 लाख निराश्रित पशु सड़कों पर घूम रहे**


फाइल फोटो

**स्पीकर ने कहा- गोशालाओं को अब प्रोफेशनल बनाना अत्यंत जरूरी है इसके लिए प्रयोग किया जाना चाहिए**

**अध्यक्ष ने विभागीय मंत्री से भी कहा कि आपने जो प्रयोग किया है वह ठीक दिशा में आगे बढ़ रहा है**

### कुल 3040 गोशालाएं संचालित


लखन पटेल

पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने जवाब में कहा कि निराश्रित गो वंश का व्यवस्थापन ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय क्षेत्र में नगरीय प्रशासन विभाग करता है। इन विभागों की ओर से सतत रूप से ⏩ शेष पेज 4 पर

### निराश्रित पशुओं की समस्या विकराल रूप ले चुकी


अजय सिंह

*अजय सिंह ने कहा कि निराश्रित पशुओं की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। पशुपालन विभाग की ओर से करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी करीब 10 लाख निराश्रित पशु सड़कों पर घूम रहे हैं। इससे फसलें नष्ट हो रही है। नेशनल हाईवे सहित सड़कों पर यातायात बाधित हो रही है। विशेष रूप से* ⏩ शेष पेज 4 पर ⏩ पढ़ें पेज 02 भी

### इस समस्या से सभी का संवेदनात्मक लगाव : पटेल


प्रह्लाद पटेल

इस मुद्दे पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि इस समस्या से सभी का संवेदनात्मक लगाव है। सरकार की जिम्मेदारी का परिणाम है कि राज्य में गोशालाओं का काम तेज गति से शुरू है। राजेंद्र पांडे ने कहा कि सरकार गो माता के लिए कदम उठा रही है। कैलाश कुशवाहा ने कहा कि ⏩ शेष पेज 4 पर

## पार्टी के बहाने ले गए थे होटल
# दोस्तों ने बीयर पिलाकर बेसुध कर डाला.... फिर गैंगरेप किया

**एक आरोपी धरा गया दूसरा फरार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



यहां 23 साल की युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। युवती ने बताया कि आरोपी युवक पार्टी करने के बहाने अलका टॉकीज के पास अंबर होटल ले गए। वहां उसे बीयर पिलाई। नशे की हालत का फायदा उठाकर दोनों ने बारी-बारी से रेप किया। कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरा फरार है। घटना सोमवार देर रात की है। मामले में मंगलवार को केस दर्ज किया गया है। घटना की जानकारी युवती की एक परिचित को लगी तो वह होटल पहुंची। युवती को अपने साथ कोतवाली थाने ले गई। उस समय युवती अत्यधिक नशे में थी, जिसके कारण पुलिस उसका बयान दर्ज नहीं कर सकी। प्राथमिक इलाज के लिए उसे जिला ⏩ शेष पेज 4 पर

## डीपफेक वीडियो से एक लाख की ठगी
# 10वीं के छात्र को चाकू मारते दिखाया, कहा- हमें पैसे नहीं दोगे तो इसे मार डालेंगे

**और, छात्र तो दोस्त के साथ सांवरिया सेठ मंदिर गया हुआ था**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

यहां 10वीं के छात्र का डीप फेक वीडियो बनाकर मां-पिता से 1 लाख से ज्यादा की ठगी की। ठगों ने मां-पिता को फोन कर धमकाया। बच्चे को चाकू मारते हुए दिखाया। ठगों ने कहा कि तुम्हारे बेटे की किडनैपिंग हुई है। पैसे नहीं दोगे तो


थाने में परिजन शिकायत दर्ज करवाते हुए

मार डालेंगे। छात्र की मां ने बताया कि उनका बच्चा घर से स्कूल जाने के लिए निकलता था, लेकिन बंक मार देता था। इसे लेकर फटकार लगाई थी। ⏩ शेष पेज 4 पर

## बोले- विरोधी ताकतों ने ब्रेनवॉश किया
# 50 से ज्यादा किन्नरों ने अपनाया हिंदू धर्म, ताप्ती में किया शुद्धिकरण

**धमकी और लालच देकर बदला जाता था धर्म**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

बैतूल जिले की पवित्र ताप्ती नगरी मुलताई में बुधवार को किन्नर अखाड़े द्वारा घर वापसी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के अलग-अलग जिलों से आए 50 से अधिक किन्नरों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ


वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुद्धिकरण

वापस हिंदू धर्म में प्रवेश किया। सभी ने आरोप लगाया कि सनातन विरोधी ताकतों द्वारा किन्नरों का ब्रेनवाश कर उनका धर्म बदला जा रहा था। ⏩ शेष पेज 4 पर

## इंदौर में बीआरटीएस रिमूवल पर हाईकोर्ट नाराज
# कलेक्टर और निगमायुक्त की कोर्ट में 11 मार्च को होगी हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

शहर के बीआरटीएस रिमूवल और ट्रैफिक जनहित याचिकाओं पर इंदौर हाईकोर्ट के खंडपीठ में बुधवार को सुनवाई हुई। इसमें फिर बेंच ने हैरानी जताई कि भोपाल में एकदम से रैलिंग हट गई लेकिन इंदौर में क्या हो रहा है। नगर निगम के पास इतना स्टाफ है, इसके बाद भी मामला लटक रहा है। इंदौर हाईकोर्ट ने सख्त मॉनिटरिंग का निर्देश दिया है। कलेक्टर इंदौर और


फाइल फोटो

निगमायुक्त को 11 मार्च को कोर्ट में उपस्थित होने के लिए कहा है। नगर निगम की तरफ से कहा है कि बस स्टैंड रिमूव करने, रैलिंग हटाने के लिए टेंडर कर दिए हैं। इसके लिए 8 एजेंसी को ⏩ शेष पेज 4 पर

# 1.31 करोड़ के नोटों से सजा उज्जैन का शिव मंदिर



### बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का अनोखा श्रृंगार

**उज्जैन।** जिले के बड़नगर स्थित बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि मेले के दौरान भगवान शिव का अनोखा श्रृंगार किया गया है। करीब 1 करोड़ 31 लाख रुपए के नोटों से भगवान शिव और मंदिर को सजाया गया है। मंदिर में नोटों की माला, मुकुट और लड़ियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी ⏩ शेष पेज 4 पर

## पीडब्ल्यूडी पर कोर्ट की कार्रवाई
# 36 लाख बकाए वेतन के लिए एसडीओ की कार व दफ्तर का सामान कुर्क किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पीडब्ल्यूडी की लापरवाही और कर्मचारियों के अधिकारों की अनदेखी विभाग को भारी पड़ गई। बुधवार को जिला न्यायालय के आदेश पर पीडब्ल्यूडी कार्यालय में कुर्की की कार्रवाई की गई। अदालत की टीम ने न केवल दफ्तर का फर्नीचर और कंप्यूटर सिस्टम जब्त किया, बल्कि मौके पर एसडीओ की सरकारी कार को भी कुर्क कर लिया। यह कार्रवाई रिटायर्ड क्लर्क कौशल किशोर राठौर के बकाया

**आगे विभाग की जमीन और भवन भी कुर्क किए जा सकते हैं**


सामान की जब्ती करते हुए

वेतन और एरियर के भुगतान को लेकर की गई, जिसकी राशि लगभग 36.68 लाख रु. बताई गई है। मामला 1995 से लंबित था। राठौर ने विभाग के खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की थी। कोर्ट ने साफ संदेश दिया है कि फिलहाल चल संपत्ति की कुर्की की जा रही है, लेकिन यदि बकाया राशि वसूल नहीं हुई, तो आगे विभाग की जमीन और भवन भी कुर्क किए जा सकते हैं।

## फैसले की आड़: भारत ने अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को अनुचित तरीके से सब्सिडी दी
# अमेरिका ने भारत के साथ खेला 'डर्टी गेम', सोलर इंपोर्ट पर लगाया 126% टैक्स, बौखलाए हुए हैं ट्रंप

**भारतीय कंपनियां अपने उत्पादों को अमेरिकी बाजार में घरेलू निर्माताओं की तुलना में काफी कम कीमत पर बेच रही हैं**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय बौखला गए हैं। ट्रंप प्रशासन ने भारत समेत कई देशों के सोलर इंपोर्ट पर टैक्स लगा दिया है। अमेरिका ने भारत से होने वाले सौर आयात पर 126% का प्रारंभिक शुल्क लगाया है। यह फैसला इसके बाद लिया गया है कि भारत ने अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को अनुचित तरीके से सब्सिडी दी थी। ट्रंप प्रशासन का यह भी कहना है कि यह कदम अमेरिकी घरेलू निर्माताओं की सुरक्षा के लिए उठाया गया है। इससे क्लीन एनर्जी ⏩ शेष पेज 4 पर



### 15 फीसदी से अलग होंगे ये शुल्क

ये शुल्क ट्रंप के उन व्यापक वैश्विक टैरिफ से अलग होंगे, जिन्हें पिछले सप्ताह अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके जवाब में, ट्रंप ने नए 10% टैरिफ जारी किए हैं, जिसे उन्होंने ⏩ शेष पेज 4 पर

### 6 जुलाई का आएगा अंतिम फैसला

कई डेवलपर्स का मानना है कि सस्ते आयात पर रोक लगने से सोलर प्रोजेक्ट्स की लागत बढ़ेगी, जिससे अमेरिका के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को झटका लग सकता है। 6 जुलाई 2026 को अलायंस फॉर अमेरिकन सोलर मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेड की ⏩ शेष पेज 4 पर

### मैं नहीं होता तो पाकिस्तान के साढ़े 3 करोड़ लोगों के साथ पीएम शहबाज मारे जाते: ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को लेकर कई सनसनीखेज दावे किए हैं। मंगलवार रात राष्ट्र को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि उनके हस्तक्षेप के कारण ही भारत और पाकिस्तान के बीच एक विनाशकारी परमाणु युद्ध टल सका। उन्होंने दावा किया कि यदि वे बीच में न आते, तो इस संघर्ष में लगभग ⏩ शेष पेज 4 पर

# बहनों के हाथों से बनी सामग्री को वैश्विक बाजार से जोड़ने की पहल सराहनीयः डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला उद्यमिता के इतिहास का आज स्वर्णिम दिन है। पारिवारिक स्तर पर मां-बेटियों-बहनों के हाथों से बने व्यंजन पूरे परिवार में आनंद का संचार करते हैं और यह व्यंजन ही त्यौहार की प्रसन्नता का आधार बनते हैं। आजीविका मिशन द्वारा हमारी बहनों के हाथों से बनी सामग्री को वैश्विक बाजार से जोड़ने की पहल सराहनीय है। डॉ यादव बुधवार को स्वसहायता समूहों की आजीविका मिशन क्षमतावर्धन कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

कार्यशाला में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल का विमोचन भी किया गया। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ (एमपीएसआरएलएम) इंडिया पोस्ट, अमेजन सहेली, एक्सेस डेवलपमेंट सर्विस, बुद्धा इंस्टीट्यूट, टीआरआईएफ और साइटसेवर संस्थान के साथ एमओयू का आदान-प्रदान हुआ। मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वालीं स्व-सहायता समूहों की 5 दीदियों को सम्मानित किया।

**खास बातें**

- स्वसहायता समूहों की आजीविका मिशन कार्यशाला का सीएम ने किया शुभारंभ
- प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल का विमोचन


आजीविका मिशन क्षमतावर्धन कार्यशाला का शुभारंभ करते सीएम।

## हुनर और कर्मठता को नई दिशा प्रदान करेगी कार्यशाला

डॉ यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में ऋतुओं से व्यंजनों तथा अन्य उपयोगी सामग्री बनाने का विशेष संबंध है। क्षमतावर्धन की आज की कार्यशाला हमारी बहनों के हुनर और कर्मठता को नई दिशा प्रदान करेगी। घर से निकलकर बैंकों और शासन के सहयोग से स्वयं को व्यापारिक गतिविधियों में सफलतापूर्वक स्थापित करने की बहनों की पहल ने ग्राम स्तर पर विकास को नई गति दी है। डॉ यादव ने कहा कि राज्य सरकार बहनों को प्रशिक्षण के साथ आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध करा रही है। बहनें अपने समूह की शक्ति को बढ़ाएं और नई मंजिलें प्राप्त करें, राज्य सरकार सदैव उनके साथ है। मुख्यमंत्री ने आजीविका मार्ट ग्वालियर, जबलपुर एयरपोर्ट पर स्व-सहायता समूहों के रिटेल आउटलेट और संभागीय एवं जिला स्तर पर होली मेलों का वर्चुअली शुभारंभ किया।

### *मंत्री ने किया बहनों से आगे बढ़ते रहने का आह्वान*

*पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने बहनों से बदलती तकनीक के साथ स्वयं को अपडेट रखते हुए आगे बढ़ने का आव्हान किया। उन्होंने आजीविका मिशन के डाक विभाग के साथ हुए एमओयू के संबंध में कहा कि इससे समूहों के उत्पादकों की सप्लाई चेन मजबूत होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन हर्षिका सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला विभिन्न जिलों के स्व-सहायता समूहों की दीदियों को उत्पादन और मार्केटिंग में सहायता व मार्गदर्शन प्रदान करेगी। इस कार्यशाला से प्रदेश के विभिन्न जिलों से समूहों को अपने उत्पाद राजधानी भोपाल में प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ है।*

**खबर संक्षेप**

### प्रमुख अभियंता कार्यालय में सालों से पदस्थ कर्मियों को हटाएं

**भोपाल।** शासकीय कर्मचारी परिसंघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन को पत्र लिखा है। पत्र में प्रमुख अभियंता कार्यालय जल संसाधन विभाग में विगत 15- 20 वर्षों से स्थापना कक्ष में एक ही जगह पर जमे कर्मचारियों को शासन के नियमानुसार तत्काल प्रभाव से अन्य विभाग में पदस्थ करने की मांग की है। परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय और प्रदेशाध्यक्ष ध्रुव सिंह सिकरवार ने बताया कि प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग अध्यक्ष कार्यालय में वर्षों से एक ही जगह पर जमे होने के कारण यह आरक्षित वर्ग के कर्मचारी सवर्ण जाति के कर्मचारियों के हित लाभ का शोषण कर रहे हैं। सवर्ण कर्मचारियों को प्रमोशन का लाभ तो वैसे भी विगत कई वर्षों से प्राप्त नहीं हो रहा है। लेकिन मप्र सरकार द्वारा सवर्ण कर्मचारियों की आहत भावनाओं को देखते हुए उच्च समय मान वेतनमान लाभ देने के आदेश जारी किए गए थे। लेकिन स्थापना कक्ष में और प्रमोशन होने वाली डीलिंग सीट पर आरक्षित वर्ग के कर्मचारी ने अपना विगत कई वर्षों से एकाधिकार बना रखा है और सवर्ण कर्मचारियों की प्रमोशन संबंधी रिकार्ड को एवं उच्च समयमान वेतनमान सवर्ण कर्मचारियों को देने हेतु रिकॉर्ड एकत्रित करने के नाम पर अनावश्यक पत्राचार विगत दो वर्षों से किया जा रहा है। प्रकरण के निराकरण होने तक शासकीय कर्मचारी परिसंघ द्वारा 2 मार्च से ही ज्ञापन, धरना, प्रदर्शन, क्रमिक आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### वनकर्मियों ने प्रदर्शन कर कहाः आधुनिक शस्त्रों के साथ दें वायर लैसः




**भोपाल।** राजधानी समेत प्रदेश भर में वन कर्मियों पर हो रहे हमले के विरोध में बुधवार को वन कर्मचारियों ने वन भवन पर प्रदर्शन कर वन बल प्रमुख को छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि आएदिन उन पर वन माफिया जानलेवा हमले कर रहे है। वन कर्मचारियों के पास सुरक्षा के लिए कोई आधुनिक शस्त्र नहीं है। कर्मचारियों ने वन बल प्रमुख को ज्ञापन सौंपकर आधुनिक शस्त्र और वायर लैस सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। मप्र कर्मचारी मंच वन विभाग के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बतायाकि प्रदेश भर में वन कर्मचारियों के ऊपर प्राण घातक हमले हो रहे हैं लेकिन वन मुख्यालय द्वारा सुरक्षा की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके विरोध में वन कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी कर वन बल प्रमुख को ज्ञापन सौंप कर वन कर्मचारी की सुरक्षा के लिए ठोस कार्यवाही करने की मांग की। पांडे ने कहा कि कर्मचारियों को सुरक्षा के लिए आधुनिक शस्त्र एवं वायर लैस सुविधा उपलब्ध कराने के साथ वन कर्मचारी पर हमला करने वाले आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। पीसीसीएफ ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया है कि एक सप्ताह में मांगों का निराकरण किया जाएगा।




## पत्रकार सुरक्षा कानून और निराश्रित पशुओं का मुद्दा भी प्रश्नकाल के दौरान गरमाया

# सहारा निवेश घोटाले पर सदन में हंगामा 6,689 करोड़ में से सिर्फ 355 करोड़ लौटे

## छह वर्षों में कुल 123 एफआईआर हुईं दर्ज, जिनमें से कई लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रश्नकाल में सहारा समूह से जुड़े निवेशकों की राशि वापसी का मामला जोरदार तरीके से उठा। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने आरोप लगाया कि सहारा ने प्रदेश के निवेशकों के 6 हजार 689 करोड़ रुपये डकार लिए, लेकिन अब तक महज 355 करोड़ रुपये ही लौटाए गए हैं। जवाब में राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बताया कि इस मामले में 4 एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि छोटे निवेशकों ने अपनी गाढ़ी कमाई निवेश की थी और प्रकरण उच्च न्यायालय में रिट याचिकाओं के रूप में भी विचाराधीन रहा है। मंत्री के अनुसार, सभी एफआईआर मुरैना में दर्ज कर मुख्य प्रकरण में मर्ज की गई हैं।

अब तक 355 करोड़ रुपये निवेशकों को वितरित किए जा चुके हैं। इस पर जयवर्धन सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि पिछले छह वर्षों में कुल 123 एफआईआर दर्ज हुईं, जिनमें से कई लंबित हैं और गृह विभाग के पास समुचित जानकारी तक उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि कुल राशि की तुलना में रिकवरी मात्र 5 प्रतिशत है और सरकार स्पष्ट करे कि शेष राशि की वसूली के लिए क्या ठोस योजना है। मंत्री ने जवाब दिया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत कार्रवाई की जा रही है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी हस्तक्षेप करते हुए कहा कि मामला न्यायिक प्रकृति का है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन में ही सभी निर्णय लिए जा रहे हैं। शासन की अपनी सीमाएं हैं और कार्रवाई न्यायालय के आदेशों के अनुरूप ही होगी।


सदन के लाउंज में मीडिया को सदन की कार्यवाही की जानकारी देते सीएम।

### पत्रकार सुरक्षा कानून पर सरकार का जवाब

प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक विपिन जैन ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की समयसीमा पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि आखिर प्रदेश में यह कानून कब तक लागू होगा। इस पर मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि मोहन सरकार पत्रकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कानून बनाने के लिए अन्य राज्यों के प्रावधानों का अध्ययन किया जा रहा है। विषय विशेषज्ञों से परामर्श लिया जा रहा है और प्रशासनिक स्तर पर मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया जारी है।

### निराश्रित पशुओं से फसल और सड़क सुरक्षा पर संकट

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत कांग्रेस विधायक अजय सिंह राहुल ने निराश्रित पशुओं की समस्या उठाई। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं से किसानों की फसलें नष्ट हो रही हैं और नेशनल हाईवे पर यातायात बाधित हो रहा है। सड़कों पर पशुओं के कारण जान-माल की हानि हो रही है, लेकिन सरकार की उदासीनता के चलते समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा। जवाब में मंत्री लखन पटेल ने कहा कि नगरीय प्रशासन द्वारा सतत कार्रवाई की जा रही है। सड़कों पर घूमने वाले पशुओं के मालिकों पर 25 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। गौशालाओं में चार लाख से अधिक मवेशी आश्रित हैं। राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, चयनित स्थानों पर गौशालाएं चिन्हित की गई हैं। अजय सिंह राहुल ने कहा कि रात के समय गोवंश सड़कों पर नजर आता है और किसान टॉर्च लेकर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं।

### मंत्री और मुख्यमंत्री के बीच खींचतान का खामियाजा भगत रही जनताः सिंघार

बुधवार को विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार में मंत्री और मुख्यमंत्री के बीच खींचतान पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि नगरीय प्रशासन को न फ्री हैंड दिया जा रहा है, न ठोस निर्णय हो रहे है और इस कारण से डेढ़ साल से शहरों के मास्टर प्लान अटके पड़े है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि इंदौर और भोपाल जैसे बड़े शहर आज भी स्पष्ट विकास योजना का इंतजार कर रहे हैं, जबकि अवैध कॉलोनियों का निर्माण धड़ल्ले से जारी है। क्या इन शहरों की जनता को सुव्यवस्थित विकास का अधिकार नहीं है?।

#### किसानों के मुद्दे भाषण से नहीं फैसलों से होते है हल

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मुख्यमंत्री को समझना होगा कि किसानों के मुद्दे भाषणों से नहीं, फैसलों से हल होते हैं। जय जवान जय किसान का नारा भी इसी सोच का प्रतीक है। काले कानूनों के समय भी कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी रही, लेकिन आज सरकार विदेशी हितों के साथ खड़ी दिख रही है। यूएस ट्रेड डील के असर से निमाड़ क्षेत्र में कपास के दाम 11 प्रतिशत तक गिर चुके हैं। फिर सोयाबीन, सरसों और अन्य फसलों का क्या होगा?।

### फायर सेफ्टी एक्ट पर विधानसभा में ध्यानाकर्षण के तहत हुई चर्चा

**भोपाल।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के भाजपा विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने लगातार बढ़ रही आगजनी की घटनाओं को लेकर ध्यानाकर्षण में प्रश्न उठाया। उन्होंने कहा कि फायर सेफ्टी एक्ट लाने और उसे व्यवस्थित रूप से लागू करने की जरूरत है। इस पर तत्काल कदम उठाना चाहिए। उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से इसे जल्दी लागू करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न महानगरों और नगरों में स्थित व्यवसायिक परिसर, स्कूल, कॉलेज तथा सार्वजनिक स्थलों पर पिछले कुछ समय से आगजनी की घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है, जिससे जन-धन की हानि होने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने सदन में कहा कि एक स्पष्ट विधिक ढांचे और नियमित 'फायर ऑडिट' की व्यवस्था होने से न केवल आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि यह स्वयं संस्थान मालिकों के लिए भी उनके निवेश और व्यवसाय की सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जवाब में बताया कि इस विषय पर 3 महीने पहले विभाग की बैठक हुई थी। इसमें तय किया गया है कि नगर निगम के 74 वें संविधान संशोधन में नगर निगम को अधिकार दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि आने वाले समय में हम होम अफेयर मिनिस्ट्री से जो मॉडल फायर सेफ्टी एक्ट आया है, उसके ही मार्गदर्शन में मप्र का भी फायर सेफ्टी एक्ट बना रहे हैं। आने वाले 2 से 3 महीने में हम फायर सेफ्टी एक्ट बनाकर प्रस्तुत कर देंगे।

### विधानसभा में मंत्री शाह ने लगाई घोषणाओं की झड़ी, नेता प्रतिपक्ष का तंज ये 'भाषण की बुलेट ट्रेन'

जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह की घोषणाओं और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के तीखे बयानों के बीच सदन का माहौल गर्म रहा। एक ओर मंत्री ने आदिवासी क्षेत्रों के लिए बड़े ऐलान किए, तो दूसरी ओर विपक्ष ने सवाल उठाए। बहस के दौरान विजय शाह ने कहा कि वे आदिवासी विधायकों को कम से कम 10-10 करोड़ रुपए देंगे, क्योंकि उन्हें ज्यादा जरूरत है। इस बयान पर विपक्ष ने कड़ा एतराज जताया। कांग्रेस विधायकों ने सवाल उठाया कि क्या अन्य क्षेत्रों के विधायक कम महत्वपूर्ण हैं। शाह ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य आदिवासी अंचलों के विकास को प्राथमिकता देना है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मंत्री के भाषण पर तंज कसते हुए कहा कि 'इनके भाषण की बुलेट ट्रेन जल्दी आ गई, जापान से बुलेट ट्रेन लेट आएगी।' इस पर सत्ता पक्ष की ओर से भी ठहाके लगे।

### मप्र में 70 महीनों में 715 कैदियों की मौत, 36 ने की आत्महत्या

मध्यप्रदेश की जेलों में एक अप्रैल 2020 से पिछले 70 महीनों के दौरान 715 कैदियों की मौत हो चुकी है। इनमें 36 बंदियों ने आत्महत्या की, जबकि 54 कैदी जेल से फरार हो गए। यह जानकारी राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी ने विधायक उमाकांत शर्मा के सवाल के लिखित जवाब में दी। मंत्री पटेल ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 11 केंद्रीय जेल, 41 जिला जेल, 73 उपजेल और 8 खुली जेल संचालित हैं। इसके बावजूद जेलों में क्षमता से अधिक कैदी रखे जा रहे हैं, जिससे व्यवस्थाओं पर अतिरिक्त दबाव बना हुआ है। सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश की 15 जेलों की बाउंड्रीवाल पर इलेक्ट्रिक वायर फेंसिंग लगाई गई है, ताकि कैदी दीवार फांदकर फरार न हो सकें। अन्य जेलों में भी यह कार्य प्रक्रियाधीन है। सभी जेलों को सीसीटीवी नेटवर्क से जोड़ा गया है। सरकार ने जेलों में सुधार और पुनर्वास की दिशा में भी कदम उठाने का दावा किया है। प्रदेश की 13 सर्किल जेलों और 11 जिला जेलों में विभिन्न उद्योग संचालित किए जा रहे हैं, जहां बंदियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्ष 2025 में 2828 बंदियों को इन उद्योगों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### मप्र में 201 करोड़ खर्च, फिर भी न निवेश न रोजगार

पिछले तीन साल में मध्यप्रदेश में आयोजित संभागीय इंडस्ट्रियल मीट और भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट पर सरकारी खजाने से कुल 201 करोड़ 85 लाख 31 हजार रुपये खर्च किए गए, लेकिन इन आयोजनों से न तो कोई एमओयू हुआ, न निवेश आया और न ही रोजगार सृजन का कोई अनुबंध हुआ। यह जानकारी मंत्री चैतन्य काश्यप ने विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया के सवाल के लिखित जवाब में दी। विधायक डॉ. भूरिया ने वर्ष 2020 से 2025 के बीच संभाग स्तर पर आयोजित इंडस्ट्रियल समिट में किए गए एमओयू, संबंधित संस्थाओं और प्रस्तावित निवेश की जानकारी मांगी थी। साथ ही भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में किन कंपनियों से समझौते हुए, कितनी राशि के निवेश का अनुबंध हुआ और कितने लोगों को रोजगार देने का एमओयू किया गया-इसका भी ब्यौरा चाहा था। मुख्यमंत्री के जवाब के अनुसार, वर्ष 2023 में 1565 लाख 22 हजार रुपये, वर्ष 2024 में 7753 लाख रुपये और वर्ष 2025 में प्रावधिक रूप से 10867 लाख 9 हजार रुपये खर्च किए गए। इस तरह तीन वर्षों में कुल व्यय 201 करोड़ 85 लाख 31 हजार रुपये तक पहुंच गया।

### राज्यपाल धरती आबा कार्यक्रम में हुए शामिल

## जनजातीय, गरीब परिवार को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि शिक्षा से ही जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। शिक्षा जीवन में प्रगति का आधार है।

प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने जनजातीय और वंचितों को शासन की योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ दिलाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से समाज के अंतिम व्यक्ति का सशक्तिकरण संभव होगा। राज्यपाल पटेल मऊगंज जिले के हनुमना जनपद के तहत दूरस्थ जनजातीय धरती आबा ग्राम सलैया खास में आयोजित कार्यक्रम में बुधवार को शामिल हुए। राज्यपाल ने कहा कि बिरसा मुंडा के त्याग से प्रेरणा लेकर जनजातीय समाज के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत 18 विभागों की योजनाओं का लाभ जनजातीय परिवारों को मिलेगा।

#### 15 हजार करोड़ के प्रावधान की दी जानकारी

सिकल सेल उन्मूलन के लिए 15 हजार करोड़ रुपए के प्रावधान की जानकारी दी। उन्होंने निक्षय मित्र योजना, उज्ज्वला योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल पटेल के सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों की सराहना सांसद जनार्दन मिश्र ने की। विधायक प्रदीप पटेल ने कहा कि हनुमना क्षेत्र के 144 ग्रामों को धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना से जोड़कर जनजातीय विकास और मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

### लुप्त प्राय प्रजाति का दिखना जैव विविधता संरक्षण की खास घटना, सबसे दुर्लभ शिकारी पक्षियों में से एक

## कूनो राष्ट्रीय उद्यान में फॉरेस्ट ऑउलेट का दिखाई देना शुभ संकेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पक्षी विज्ञान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, स्थानिक और लुप्त प्राय फॉरेस्ट ऑउलेट (एथिन ब्लेविटी) को पहली बार कूनो राष्ट्रीय उद्यान में देखा गया है, जो इस प्रजाति के ज्ञात वितरण क्षेत्र में उल्लेखनीय विस्तार का संकेत है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में फॉरेस्ट ऑउलेट की खोज भारत में जैव विविधता संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण घटना है।

यह खोज इस तथ्य को देखते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण है कि यह पक्षी विश्व के सबसे दुर्लभ शिकारी पक्षियों में से एक है और चीता परियोजना से जुड़े पर्यावास प्रबंधन के साथ इसके संभावित पारिस्थितिक संबंध हैं। फॉरेस्ट आउलेट मध्य भारत का एक स्थानिक पक्षी है, जिसे 1872 में पहली बार खोजा गया था, लेकिन 1884 के बाद इसे विलुप्त मान लिया गया था। लगभग 113 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद, 1997 में इसे महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में फिर से खोजा गया, जिसने पक्षी विज्ञान की दुनिया में सनसनी फैला दी थी। वर्तमान में यह मध्य भारत के खंडित वन क्षेत्रों में पाया जाता है, जिसमें मध्यप्रदेश (खकनार, पीपलोद), महाराष्ट्र (तोरणमाल, मेलघाट) और गुजरात (डांग, पूर्णा वन्य जीव अभयारण्य) के हिस्से शामिल हैं।

**फॉरेस्ट आउलेट मध्य भारत का एक स्थानिक पक्षी**



### समाजसेवा को तप से किया सिद्ध, सीएम ने वर्चुअली किया संबोधित

स्व. नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि पर चित्रकूट में हो रहा 3 दिवसीय कार्यक्रम

## स्व. नानाजी देशमुख ने अपना सम्पूर्ण जीवन ग्राम विकास शिक्षा और स्वावलंबन के कार्य के लिए कर दिया समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख केवल एक राजनेता नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन के महान साधक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन ग्राम विकास-शिक्षा-स्वावलंबन के लिए समर्पित कर दिया। स्व. नानाजी देशमुख का मानना था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। जब गांव मजबूत होंगे तभी राष्ट्र मजबूत बनेगा। सीएम राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की 16वीं पुण्यतिथि के संदर्भ में चित्रकूट स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम को विधानसभा भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।


दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम को विधानसभा भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

### गांवों को मजबूत कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे

दीनदयाल शोध संस्थान, ग्रामीण विकास के साथ ही स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, कृषि, स्वावलंबन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय कार्य कर रहा है। राज्य सरकार विरासत के साथ विकास को ध्यान में रखते हुए गांवों को मजबूत कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रही है। चित्रकूट में स्थानीय सांसद गणेश सिंह, विश्वविद्यालय के कुलगुरू आलोक दुबे, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन तथा विषय विशेषज्ञ और शोधार्थी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



## भोजन रास्ते पर फेंकने वाले से वसूला जुर्माना

**भोपाल।** नगर निगम अमले ने वार्ड-20 के तहत कोतवाली रोड पर विवाह कार्यक्रम का बचा हुआ भोजन रास्ते पर फेंकने वाले दुर्गा कीर से एक हजार रुपए का स्पॉट फाइन वसूल किया। इसके अलावा निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने वार्ड 56, 60, 61, 62, 64, 66, 67, 68, 73 व 74 में सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने, कचरा अलग-अलग न करने, अलग-अलग डस्टबिन न रखने तथा प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 53 प्रकरण बनाए।

## आयुष संस्थानों में बनेंगे तंबाकू त्याग केंद्र

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के आयुर्वेद, यूनानी, सिद्धा, सोवा-रिग्पा आयुष मेडिकल संस्थानों में तंबाकू त्याग केंद्र (टीसीसी) सेंटर्स स्थापित होंगे। बोर्ड ऑफ आयुर्वेद नेशनल कमीशन फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन आयुष मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सदस्य डॉ. अतुल बी वार्ष्णेय ने सर्कुलर जारी कर संस्थानों को निर्देशित किया है कि तंबाकू त्याग केंद्र स्थापित करने के लिए आवश्यक संसाधन, बुनियादी ढांचा, प्रशिक्षित जनशक्ति सुदृढ़ता के साथ उपलब्ध कराया जाए।
चिकित्सकीय रूप में ओपीडी में भी तंबाकू छोड़ने संबंधित विचारों-गतिविधियों को जनता को प्रचारित कर समझाया जाए। डॉ. अतुल बी वार्ष्णेय ने स्पष्ट किया है कि आयुष संस्थानों को अभी तक की गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट आयोग को भेजना होगा। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने इसे महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## पर्यटन स्थलों पर महिला सुरक्षा, वर्कशॉप आज से

**भोपाल।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर महिलाओं के लिए सुरक्षित, संवेदनशील और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत पर्यटन स्थलों पर महिला सुरक्षाः पुलिस की भूमिका एवं रणनीति विषय पर तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन 26 से 28 फरवरी तक होटल पलाश रेसिडेंसी में होगा। कार्यशाला का उद्देश्य पर्यटन और पुलिस विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पर्यटन स्थलों पर महिला पर्यटकों की सुरक्षा, सहजता और विश्वास को मजबूत करना है। कार्यक्रम में गृह, पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग, पर्यटन बोर्ड, पर्यटन निगम और विभिन्न विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी रहेगी।



बड़े तालाब के 50 मीटर दायरे में आने वाले निर्माणों की सर्वे कर लाल निशान लगाते अधिकारी व कर्मचारी।

## भदभदा, बिसनखेड़ी एवं गोरागांव में अवैध निर्माण

शहरी सीमा में 50 मीटर और ग्रामीण सीमा में 250 मीटर के दायरे में कोई निर्माण नहीं होना चाहिए, लेकिन एफटीएल मुनार से सटकर ही पक्के निर्माण बन गए हैं। ऐसे सैकड़ों निर्माण हैं। भदभदा, बिसनखेड़ी, गौरागांव, बील गांव और सूरजनगर में बड़ी बिल्डिंग, फार्म हाउस, रिसॉर्ट भी बनाए गए हैं। सूरजनगर में नगर निगम की मुनार के पास बिल्डिंग की बाउंड्रीवॉल है। गौरागांव से बील गांव की तरफ सड़क भी तालाब के बीच से ही गुजरी है।








बड़े तालाब के दायरे में बन रही मल्टी स्टोरी बिल्डिंग।

### चार महीने बाद दोबारा से शुरू हुआ बड़े तालाब का सीमांकन

# 3 मल्टीस्टोरी बिल्डिंगों के अंदर लगाए लाल निशान... सरकारी बंगला भी जद में आया

*पूर्व पार्षद का मकान भी पचास मीटर में बना, दीवार पर लाल निशान लगाया*

*सर्वे में शीरीन नदी के पचास मीटर में बंगला और बड़े तालाब के दायरे में दो विला आए*

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

चार महीने पहले वीआईपी रोड स्थित राजा भोज बुर्ज से लेकर खानूगांव तक बड़े तालाब की हद तय करने के बाद बुधवार को बैरागढ़ एसडीएम की टीम ने पचास मीटर दायरे का सर्वे शुरु किया। टीम ने सबसे पहले गरमगड्डा स्थित सीवेज पंप के सामने एक मकान की दीवार पर लाल निशान लगाया, जिसके बाद एक धार्मिक स्थल और दो मकान भी बीस फीट अंदर तक दायरे में आए। इसके साथ वीआईपी रोड स्थित पूर्व पार्षद माहिरा सलामुद्दीन के पति आजम के मकान पर भी लाल निशान लगाया गया। यहां पर 15 मीटर अंदर तक करीब पचास फीट का दायरे अवैध निर्माण की जद में आ रहा है।

टीम यहां से आगे बढ़ी तो करबला स्थित लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का बंगला भी साठ फीट अवैध निर्माण की जद में आ रहा है। इसके साथ लेक कोर्टयार्ड हाइट्स और एक अन्य मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में भी पचास मीटर के दायरे में आई हैं। करबला के आगे नशेमन लेक पैराडाइज बिल्डिंग, शफीक खान, इम्तेयाज और आगा अब्दुल कय्यूम के विला भी पचास फीट तक दायरे में आए हैं। अपर तहसीलदार जेजे पंडोल ने बताया कि कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर सीमांकन और पचास मीटर दायरे में आने वाले निर्माणों का सर्वे किया जा रहा है, जिसमें पटवारी अरविंद गिरी, महेश मिश्रा और नीलू गोस्वामी सहित नगर निगम की टीम शामिल रही।

### दो दिन में दस्तावेज पेश करने की नसीहत

अपर तहसीलदार जेजे पंडोले की टीम ने इन मकानों पर लाल निशान लगाने के साथ अगले दो दिन में रजिस्ट्री सहित मकान और निर्माण के दस्तावेज बैरागढ़ वृत में पेश करने की बात कही है। विला नंबर 88 में बीड़ी कारोबारी राशिद खान के मकान में निशान लगाने के लिए टीम को देर तक इंतजार करना पड़ा। इसके बाद टीम ने अंदर जाकर करीब 40 फीट अंदर जाकर निशान लगाया। इसी तरह दूसरे बीड़ी कारोबारी इम्तेयाज के मकान में भी कर्मचारियों ने अंदर निशान लगाने नहीं दिए। जिससे टीम को बाहर से ही निशान लगाना पड़ा।



पूर्व पार्षद माहिरा सलामुद्दीन के पति आजम के मकान के हिस्से पर लाल निशान लगाते शासकीय अमला।

### टीम ने इन जगहों पर लगाए लाल निशान

टीम ने जब राजा भोज बुर्ज से लालघाटी तरफ सर्वे शुरु किया तो गरम गड्डा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के सामने घर की दीवार पर 50 मीटर का लाल निशान लगाया गया। वीआईजी रोड स्थित एक धार्मिक स्थल, दो मकान जिसमें एक मकान में मल्टीफेरियस नाम से कोचिंग का संचालक होता है, इन मकानों का दस फीट हिस्सा अवैध निर्माण के दायरे में आया। इसके बाद टीम ने पूर्व पार्षद माहिरा सलामुद्दीन के पति आजम के मकान का करीब 50 फीट हिस्सा पचास मीटर की जद में आ रहा है। लोक स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी का सरकारी बंगला, बीड़ी कारोबारी राशिद और इम्तेयाज के बंगले, लेक कोर्टयार्ड हाईट्स, नशेमन बिल्डिंग, आगा अब्दुल कय्यूम के बंगले और एक मल्टी स्टोरी बिल्डिंग पर निशान लगाया गया है।

### सुपर बिल्डर के आलीशान लेक कोर्टयार्ड में निर्माण

वीआईपी रोड के किनारे सुपर बिल्डर के संचालक अशफाक द्वारा आलीशान लेक कोर्टयार्ड हाईट्स बनाई जा रही है। जिसे सात फ्लोर तक बनाया जाएगा, जिसमें पेंट हाउस, स्वीमिंग पूल सहित फाइव बीएचके के 40 से अधिक फ्लेट्स बनाए जा रहे हैं। टीम जब मौके पर पहुंची, तो यहां की पांचवीं मंजिल पर निर्माण का काम चल रहा था। यह बिल्डिंग भी साठ फीट से अधिक अवैध निर्माण की जद में आ रही है।

### तीन साल पुराने निशान मिले

टीम ने जब वीआईपी रोड पर करबला के आगे लाल घाटी तरफ सर्वे शुरु किया तो, यहां कई जगहों पर पीले पेंट से लगे तीन साल पुराने प्वाइंट्स मिले। जिसे तालाब की हद से पचास मीटर के दायरे पर लगाया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोक कार्रवाई नहीं होने से अब तक आलीशान बिल्डिंग्स तनी हुई हैं।



मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के सरकारी बंगले का भी कुछ हिस्सा दायरे में आ रहा है।



तीन साल पहले भी सर्वे कर पीला निशान लगाया था। बुधवार को लाल निशान लगाया गया।

### तीन दिन मौसम साफ रहेगा

## एक साथ पांच सकुर्लेशन, चार से पांच दिन बाद फिर बदलेगा शहर का मौसम

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

राजधानी सहित आधा दर्जन जिलों में बुधवार को दिन के पारे में औसतन दो डिग्री तक कमी आई, जबकि अधिकांश जिलों में पारा एक डिग्री तक बढ़ा है। अभी प्रदेश के आसपास करीब पांच सिस्टम सक्रिय हैं। अगले पांच दिन में प्रदेश में मौसम फिर बदलने की उम्मीद है।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी अरब सागर में गुजरात से कुछ दूर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन है। एक मध्य महाराष्ट्र और दो सकुर्लेशन राजस्थान के दक्षिण पूर्वी और दक्षिण पश्चिमी हिस्से पर सक्रिय हैं। वहीं एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन पाकिस्तान के मध्य में सक्रिय है।

### भोपाल में आज रहेगा धुंध का असर

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार गुरुवार से शुक्रवार के बीच भोपाल में हल्के बादल और धुंध का असर रहेगा। अधिकांश जिलों में धूप का असर होने से तापमान में एक से दो डिग्री तक बढ़त होगी। इसके बाद मौसम बदलना शुरू होगा। मध्य प्रदेश के अधिकांश जिलों में बुधवार को दिन-रात का पारा सामान्य से अधिक रहा है। भोपाल में अधिकतम पारे में 1.6 डिग्री की कमी के साथ बुधवार को पारा 30.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से दशमलव दो डिग्री कम है। रात में 1.4 डिग्री की कमी के साथ 13.8 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 1.1 डिग्री कम है। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 32 डिग्री रहा है, जो सामान्य से औसतन डेढ़ डिग्री ज्यादा है। रात का औसतन 14 डिग्री रहा।

### जिन विभागों का सामान पहुंच रहा है, उनके कर्मचारियों को समझ नहीं आ रहा कि कहां बैठना है

## निगम के नए मुख्यालय में विभागों के लिए जगह तय नहीं, नस्तियां लेकर पहुंचे कर्मचारी लौटे

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

नगर निगम के नए मुख्यालय भवन में लोकार्पण से पहले शिफ्टिंग बड़ी चुनौती बन गई है। आठ मंजिला भवन में कौन सा विभाग कहां होगा इसके लिए जगह ही तय नहीं है। इस समस्या से खुद निगम के कर्मचारी परेशान हैं। निगम प्रशासन ने सभी विभागों को आनन-फानन में सामान समेटने का फरमान तो दे दिया, लेकिन जब कर्मचारी नस्तियां लेकर पहुंच रहे हैं तो उन्हें यह तक नहीं मालूम पड रहा है कि सामान कहां रखना और कहां बैठना है।

माता मंदिर से बड़ी संख्या में निगम के कर्मचारी नस्ती लेकर तो नए भवन पहुंचे, लेकिन उल्टे पांव उन्हें लौटना पड़ा। निगम प्रशासन का तर्क है कि 90 फीसदी विभागों की शिफ्टिंग हो चुकी है। अधिकांश विभागों का संचालन शुरू हो गया है। अब लोकार्पण की तैयारी की जा रही है। जबकि निगम कर्मचारियों की मानें तो जब वे सामान लेकर पहुंच रहे हैं तो उन्हें लिफ्ट ही बंद मिल रही हैं। कौन-कौन से विभाग नए मुख्यालय भवन में संचालित होना शुरू हो गए हैं, उनका खुलासा निगम प्रशासन करने से बच रहा है। हालांकि अभी भी भवन के भीतर फर्नीचर, इंटरनेट की लाइनें और फिनिशिंग का काम चल रहा है। इधर नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ला का कहना है कि 90 फीसदी विभाग नए भवन में आ चुके हैं। जल्द लोकार्पण का कार्यक्रम भी तय होगा।

आनन-फानन में की जा रही है लोकार्पण की तैयारी | अभी भी भवन में फर्नीचर एवं फिनिशिंग का काम चल रहा



निगम का नया मुख्यालय।

### लोकार्पण के लिए सीएम से मांगा समय


निगम के सूत्रों के अनुसार नए भवन के लोकार्पण की तैयारी चल रही है। इसके लिए सीएम डॉ. मोहन यादव से समय मांगा गया है। सीएम हाउस से तारीख तय होते ही नए भवन का विधिवत लोकार्पण होगा।

### नगर निगम की डिस्पेंसरी नए भवन में कहां होगी, तय नहीं

नगर निगम की लंबे समय से सदर मजिल के पास आंबेडकर लाइब्रेरी के नीचे संचालित डिस्पेंसरी कहां शिफ्ट होगी, यह भी तय नहीं है। बताया जा रहा है कि इसके लिए भी जगह आरक्षित नहीं है। हालांकि निगम प्रशासन का तर्क है कि डिस्पेंसरी नए मुख्यालय भवन में संचालित होगी।

### महापौर पहली मंजिल पर, आयुक्त कार्यालय आठवीं मंजिल पर

महापौर मालती राय का कार्यालय पहली मंजिल पर होगा, जबकि नगर निगम कमिश्नर का कार्यालय आठवीं मंजिल पर होगा। हर फ्लोर पर स्मार्ट मीटिंग रूम और विजिटर लाउंज बनाए गए हैं। ग्राउंड फ्लोर पर लोक सेवा केंद्र होंगे। पहली मंजिल पर महापौर मालती राय के अलावा परिषद अध्यक्ष किशन सिंह सूर्यवंशी और नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी के कार्यालय होंगें। दूसरी मंजिल पर सामाजिक न्याय, समग्र आईडी, विवाह पंजीयन और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र शाखाएं। तीसरी मंजिल पर फाइनेंस और आईटी विभाग। चौथी मंजिल पर पूरी तरह जल कार्य विभाग के लिए आरक्षित किया गया है। पांचवीं से सातवीं मंजिल पर बिल्डिंग परमिशन, इंजीनियरिंग, गार्डन, हेल्थ और स्वच्छता विभाग रहेंगे।




# लॉस एंजिल्स में हुई रणबीर की रामायण की खास स्क्रीनिंग

**मुंबई।** नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित रणबीर कपूर स्टारर 'रामायण' को इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म माना जा रहा है। फैंस फिल्म के टीजर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस साल दिवाली में रिलीज होने वाली 'रामायण'की पहली खास स्क्रीनिंग अमेरिका के लॉस एंजिल्स के सिनेमार्क प्लाया विस्टा थिएटर में की गई। जानकारी के मुताबिक, फिल्म को वहां काफी सराहना मिली है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'रामायण'की पहली स्क्रीनिंग लॉस एंजिल्स के सिनेमार्क प्लाया विस्टा थिएटर में आयोजित की गई। यह स्पेशल स्क्रीनिंग 18 से 60 वर्ष की उम्र के चुनिंदा दर्शकों के लिए की गई थी। स्क्रीनिंग से मिली शुरुआती प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं, जिनके मुताबिक फिल्म को काफी पसंद किया गया है।

लाइफ Style



# प्रियंका थियेटर में दर्शकों को दिया सरप्राइज

इंटरनेशनल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी हालिया रिलीज हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ'को लेकर चर्चाओं में हैं। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। इस बीच प्रियंका ने फिल्म की रिलीज से पहले फैंस को ऐसा सरप्राइज दिया, जिससे इसकी साधारण स्क्रीनिंग यादगार बन गई।

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द ब्लफ' के स्ट्रीमिंग पर रिलीज होने से एक दिन पहले, प्रियंका चोपड़ा न्यूयॉर्क के एक स्थानीय थिएटर में पहुंच गईं, जहां 'द ब्लफ' की स्क्रीनिंग हो रही थी। अचानक प्रियंका को अपने बीच पाकर फैंस हैरान रह गए। प्रियंका अचानक ही दर्शकों से भरे एक थिएटर में व्यक्तिगत रूप से मिलने पहुंच गईं। इस मुलाकात की तस्वीरें और वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। इस दौरान फैंस ने प्रियंका के साथ तस्वीरें खिंचाईं और फिल्म को लेकर उनसे बात भी की। थिएटर में मौजूद फैंस के लिए प्रियंका की अचानक उपस्थिति किसी सरप्राइज से कम नहीं थी। 'द ब्लफ' में चोपड़ा एक पूर्व समुद्री डाकू की दमदार और एक्शन से भरपूर भूमिका में हैं। जो अपनी बेटी की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से ही फैंस फिल्म का इंतजार कर रहे थे। अब सामने आए फिल्म के शुरुआती रिव्यूज में दर्शक फिल्म को पसंद कर रहे हैं। वहीं, प्रियंका के अभिनय की जमकर सराहना कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण एजीबीओ स्टूडियोज ने अमेजन एमजीएम स्टूडियोज के सहयोग से किया है, जो सिटाडेल के बाद स्टूडियोज और चोपड़ा के बीच एक और कोलैबोरेशन है।


# नैनीताल में विक्रांत और मानुषी ने की स्कूटर राइड

**मुंबई।** मिस वर्ल्ड रहीं मानुषी छिल्लर की बॉलीवुड में अब तक की जर्नी काफी निराशाजनक रही है। मानुषी के खाते में अब तक एक भी हिट फिल्म नहीं है। हालांकि, उन्हें काम लगातार मिल रहा है। इन दिनों मानुषी छिल्लर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वो नेशनल अवॉर्ड विनर एक्टर विक्रांत मैसी के साथ शूटिंग करती नजर आ रही हैं। हालांकि, अब तक प्रोजेक्ट को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इसलिए अभी ये कंफर्म नहीं है कि ये किसी फिल्म की शूटिंग या कोई एड या कुछ और है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो नैनीताल का बताया जा रहा है।



**अभी किसी प्रोजेक्ट की नहीं हुई है घोषणा:** सेट से वायरल हो रहे वीडियो में मानुषी और विक्रांत एक स्कूटर की सवारी करते नजर आ रहे हैं। मानुषी स्कूटर चला रही हैं, जबकि विक्रांत पीछे बैठे नजर आ रहे हैं। पीले रंग के स्कूटर पर मानुषी सफेद रंग के टॉप और नीले और सफेद रंग के फ्लोरल लॉन्ग स्कर्ट में नजर आ रही हैं। जबकि विक्रांत पिंक जैकेट और ब्लू जींस में दिख रहे हैं।

# भागम भाग 2 में दो हीरोइनों के साथ लड़ाएंगे इश्क



**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला'को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म के जरिए अक्षय कमुार और निर्देशक प्रियदर्शन की जोड़ी सोलह साल बाद लौट रही है। इसके अलावा अक्षय की पाइपलाइन में 'भागम भाग 2' भी है। इसकी कास्टिंग को लेकर भी लगातार नई-नई जानकारियां सामने आ रही हैं। अब ऐसी खबरें हैं कि अक्षय 'भागम भाग 2' में दो अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करते नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय फिल्म में जिन दो अभिनेत्रियों के साथ नजर आएंगे, उनमें मीनाक्षी चौधरी और 'धुरंधर के 'शरारत' गाने से सुर्खियां बटोरने वाली आयशा खान के नाम शामिल हैं। फिल्म में तीनों के बीच रोमांटिक एंगल देखने को मिलेगा। रिपोर्ट में आगे ये भी बताया गया है कि दोनों अभिनेत्रियां फिल्म की नई कहानी में अहम भूमिकाएं निभाने वाली हैं। 'भागम भाग 2' की कहानी गलत पहचान, कन्फ्यूजन और क्लासिक कॉमेडी-ऑफ-एरर्स से भरपूर होगी।



**Government of Madhya Pradesh**
Higher Education Department,
State Project Directorate,
Satpura Bhavan, Ground Floor
Wing "Khaa", Bhopal (MP)

Tender Notice -NIT No: 156/SPD/RFP/2025/CCTV System retender 25-02-2026

The State Project Directorate (SPD), Higher Education Department, Madhya Pradesh invites Request for Proposal for Supply, Installation, Commissioning and testing of CC TV System on Turnkey Basis at 247 Govt College under Department of Higher Education, Bhopal, Madhya Pradesh. Interested bidders are requested to view the mptender.gov.in e-Portal for the Bid information from 25-02-2026 onwards. Last date of Submission date 24-03-2026. This Tender Notice Information will also be available on https://www.highereducation.mp.gov.in

जी -26414/25
स्वच्छता ही सेवा

Commissioner and Project Director
State Project Directorate
Higher Education Department

# मां बनने के साढ़े 3 महीने बाद पब्लिक में आईं नजर

**मुंबई।** कटरीना कैफ मां बनने के साढ़े तीन महीने बाद पब्लिक के बीच नजर आईं, तो फैंस खुशी से झूम उठे। कटरीना ने 7 नवंबर 2025 को बेटे को जन्म दिया था, जिसका नाम विहान रखा। उससे पहले से कटरीना ने लोगों की नजरों से दूरी बना रखी थी। उन्होंने कोई प्रोजेक्ट्स भी साइन नहीं किए थे, ताकि बेबी पर ध्यान दे सकें। अब मां बनने के बाद से कटरीना पूरी तरह बेटे विहान में बिजी हैं। हाल ही डिलीवरी के साढ़े तीन महीने बाद वह नजर आईं, तो उन्हें देख फैंस खुश हो गए। कटरीना कैफ ने चेहरे पर मास्क लगाया हुआ था, पर ग्लो दमक रहा था। उन्होंने कैमरे देखते ही उनकी तरफ हाथ हिलाया और खिलखिलाकर हंस दीं। कटरीना कार में बैठी हुई थीं और साथ में सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर यास्मिन कराचीवाला भी थीं। यास्मिन, कटरीना की भी ट्रेनर हैं। कटरीना के इस वीडियो पर फैंस के काफी कमेंट्स आ रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'इतने लंबे टाइम बाद।' एक ने लिखा, 'मैं कितने लंबे वक्त बाद कैट को देख रहा हूं।' एक और कमेंट आया, 'कटरीना कब कमबैक करोगी। हमें इंतजार रहेगा।'


**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**
Water Work Department
Municipal Corporation Rest House, Shyamlla Hills, Bhopal
Office Telephone No. 0755-2701669

NOTICE INVITING e-TENDER

Online tenders are being invited for the following work from the appropriated firm that Registered in the office of Madhya Pradesh (Central Registration Cell) The tender documents can be obtained online on the website http://mptenders.gov.in as per the Key Dates in the Notice published on the above website and detailed information can also be seen on website http://mptenders.gov.in

Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in news papers Corrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | Tender ID | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Tender Fee | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 2026_ UAD _483083_1 | Cutsourcing of man power required for operation and maintenance of Bairagarh 2 MGD and 3 MOD comprising Water Treatment Plant and intake well Pump House Borevan, Bairagarh Under Zone 01, Bhopal | 72,53,304.00 | 72533.00 | 10000.00 | 17.03.2026 6:00 PM |
| 2. | 2026_UAD _483229_1 | Outsourcing of man power required for operation and maintenance of Idgah 3 MGD comprising Water Treatment Plant and Intake well Pump Hoose Karbala Under Zone 02, Bhopal | 46,77,036.00 | 46770.00 | 5000.00 | 17.03.2026 6:00 PM |

नि.क्र.3224/025/026

Executive Engineer
Water Works Department
Municipal Corporation, Bhopal



**कार्यालय प्रमुख अभियंता**
**जल संसाधन विभाग, भोपाल**
ईमेल - ce.tender.wrdmp@gmail.com
फोन - 0755-2767635 फेक्स-0755-2552406
निविदा सूचना कमांक -1203/2025-26/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग /
भोपाल, दिनांक 18.02.2026

निम्न कार्यो हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.03.2026 को 17:30 बजे तक क्रय / डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_ WRD_ 479755 | केरवा बांध पर पूर्व निर्मित स्पिल-वे फुट ब्रिज को तोड़कर नवीन फुट ब्रिज, स्पिल चैनल एवं शूट फाल का निर्माण एवं वि./यां. से संबंधित कार्य । | भोपाल | 1174.49 |

G-26377/25
" स्वच्छता ही सेवा "

मुख्य अभियंता
(प्रोक्योरमेंट)



**M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED**
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal-462011 (M.P.)
Ph. : 0755-2518300, Website : www.mpsedc.mp.gov.in,
Email : marketing@mpsedc.com

NOTICE INVITING TENDERS (NIT)

MPSEDC invites online proposals for following bids on MP Tender :

| S.No. | Tender No. | NIT |
|---|---|---|
| 1. | MPSEDC/ F&A/ Internal Auditor/ 2026/677 | Request for proposal (RFP) for Appointment of the Chartered Accountant Firms as Internal Auditor for Audit of Madhya Pradesh State Electronics Development Corporation Limited (MPSEDC) for the period of Two Financial Years (2025-26 & 2026-27) |

For detailed scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on MP Tender **Portal : www.mptenders.gov.in**.

M.P. Madhyam/124632/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER**


टीवी मसाला



# कुकिंग का हंगामा बदल गया हंसी से भरे सफारी में

**मुंबई।** कलर्स के शो 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' की किचन इस बार जंगल थीम में तब्दील हो गई, जहां कुकिंग का हंगामा हंसी से भरे सफारी में बदल गया। एप्रन की जगह जानवरों के अंदाज़ ने ली और किचन का फ्लोर जंगल में बदल गया, जहां सिर्फ एक ही नियम था- हंसो या हंसाओ! जंगल स्पेशल एपिसोड में प्रतिभागियों ने अपने वाइल्ड अंदाज़ को अपनाया।अंकिता लोखंडे बिल्ली बनकर मंच पर आईं।सुधेश लेहरी जंगल सफारी गार्ड के रूप में नज़र आए। जन्नत जुबैर ने केंचुए का किरदार निभाया। कृष्णा ऊंट बने। सामर्थ घोड़े के रूप में आए। भारती तितली की तरह इधर-उधर उड़ती दिखीं, जबकि बाकी टीम भी उतने ही मजेदार और अनोखे अवतारों में दिखाई दी। इस वाइल्ड मस्ती में क्यूटनेस का तड़का तब लगा जब कंटेस्टेंट्स अपने असली पालतू जानवरों को लेकर पहुंचे। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश अपने डॉग्स मजनू और डाकू को लेकर आए। अंकिता ने अपनी बिल्ली माऊ से सबको मिलवाया। अर्जुन बिजलानी अपनी कैट ऑरा के साथ आए, जबकि अली गोनी अपने डॉग रैम्बो को लेकर पहुंचे। कुछ देर के लिए किचन पालतू जानवरों का पैराडाइज़ बन गई और दिल पिघल गए। भले ही काउंटर पर कुकिंग का हंगामा जारी रहा।जंगल तब और ज़िंदा हो उठा जब तेजस्वी ने अपने आइकॉनिकट्रैक 'मैंनागिन' पर नागिन-स्टाइल एंट्री की। सर्प क्वीन के अवतार में उन्होंने अपना मशहूर नागिन डायलॉग बोला-इस बार 'लाफ्टर शेफ़्स' के खास ट्विस्ट के साथ। लेकिन, इससे पहले की वह ज़्यादा आगे बढ़ पातीं, कृष्णा अभिषेक ने रोस्ट करते हुए चुटकी ली कि तेजस्वी घंटों मेकअप में बैठती हैं, फिर लेट हो जाती हैं औरउसके बाद रोनेलगती हैं। जब लगा कि हंगामा अपनी चरम सीमा पर है, तभी हरपाल सिंह सोखी ने जंगल का सबसे बड़ा ट्विस्ट दिया'कुक-ऑफ के लिए लाइटरबैन!' असली जंगल सर्वाइवल मोड में कंटेस्टेंट्स को आग जलाने और खाना बनाने का नया तरीका ढूंढना पड़ा। यह शो हर शनिवार-रविवार रात 9:00 बजे केवल कलर्स पर प्रसारित होता है!

## 'मुंगेरी के भाई नौरंगीलाल' ने बना दिया था स्टार

**नई दिल्ली।** राजपाल यादव बीते दिनों अपनी जेल यात्रा को लेकर चर्चा में रहे। एक्टर ने 9 करोड़ रुपए के चेक बाउंस केस में तिहाड़ जेल में सरेंडर किया था। हालांकि उन्हें कोर्ट से अस्थाई राहत मिल गई है और अब वह बाहर है। आज हम राजपाल यादव के उन दिनों की बात करने जा रहे हैं, जब उन्होंने अपने दमदार एक्टिंग से टीवी पर धमाल मचा दिया था। 90 के दशक में राजपाल ने काम करना शुरू किया लेकिन उन्हें सफलता मिली इस दशक के आखिरी के सालो में, जब उन्होंने प्रकाश झा का एक टीवी शो किया, जिसमें वह लीड रोल में थे। हम बात कर रहे है दूरदर्शन पर आने वाले शो 'मुंगेरी के भाई नौरंगीलाल' की। 'मुंगेरी के भाई नौरंगीलाल' शो में राजपाल लीड रोल में थे। ये शो 90 के दशक के मशहूर शो 'मुंगेरी के हसीन सपने' का सीक्वल था। दूरदर्शन के समय में ये शो बड़ा हिट रहा और राजपाल के किरदार को बेहद पसंद किया गया।



## टैरेंटीनो के साथ काम करना चाहते हैं लिलार्ड

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर फिल्ममेकर क्वेंटिन टैरेंटिनो ने पिछले साल हॉलीवुड अभिनेता मैथ्यू लिलार्ड की सबके सामने बुराई की थी। अब मैथ्यू लिलार्ड का इस पर रिएक्शन दिल छू लेने वाला है। मैथ्यू लिलार्ड ने हाल ही में खुलकर बताया कि क्वेंटिन टैरेंटिनो ने पिछले साल सबके सामने उनकी बुराई की थी, तो उन्हें काफी बुरा लगा था। लिलार्ड ने कहा कि वे टैरेंटिनो के काम को बहुत पसंद करते हैं और उनकी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहेंगे। लेकिन, जब उन्होंने पॉडकास्ट पर अपनी बुराई सुनी, तो उन्हें बड़ा झटका लगा। उन्होंने कहा, 'वो एक शानदार फिल्ममेकर हैं।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड, अरविन्द विहार, लहारपुर डेम के समीप, बाग मुंगालिया भोपाल**
Phone No. 0755-2930001, E-Mail I.D. emphbpl@mp.nic.in
क्रमांक 263/तक/का.यं. / लो.स्वा./मैके.खण्ड/भोपाल/2026/दिनांक 18/2/26
निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 33/2026-27 दिनांक 18.02.2026 ऑन-लाईन निविदा क्रमांक
2026_PHED_483430_1 दिनांक 18.02.2026

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के दौरान बैतूल जिले में विभागीय ड्रिलिंग रिंग मशीनों पर आवश्यकतानुसार हैवी लाईसेंसधारी पुरुष (कुशल श्रमिक) तथा पुरुष मजदूर (अकुशल श्रमिक) उपलब्ध कराने हेतु ऑन लाईन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 06.03.2026 सायं 17.00 बजे तक अनुभवी ठेकेदार से प्रपत्र "Annexure 2.10" पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग में पंजीयन का प्रमाण-पत्र इत्यादि (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑन-लाईन अपलोड करना होगा। निविदा दिनांक 09.03.2026 को सायं 15.00 बजे ऑन लाईन खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत बेबसाईटः https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं। परशिष्ट / संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

| कार्य का विवरण | टेण्डर के प्राक्कलन की अनुमानित लागत राशि (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | टेण्डर का. मूल्य (रू.) | टेण्डर बिक्री की तिथि | टेण्डर खुलने की तिथि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत् वर्ष 2026-27 के दौरान बैतूल जिले में विभागीय ड्रिलिंग रिंग मशीनों पर आवश्यकतानुसार हैवी लाईसेंसधारी पुरुष (कुशल श्रमिक) तथा पुरुष मजदूर (अकुशल श्रमिक) उपलब्ध कराया जाना। | 1384614.00 | 27692.00 | 2,000.00 | 06.03.2026 17:00 बजे तक | 09.03.2026 सांय 15:00 बजे | अनुबंध दिनांक से 09 माह (वर्षा श्रृतु छोड़कर) |

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्तें एवं विवरण वेब साइट पर https://mptenders.gov.in निविदा क्रमांक 2026_PHED_483430_1 दिनांक 18.02.2026 उपलब्ध हैं ।

जी - 26401/25
स्वच्छता ही सेवा है

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां. मैकेनिकल खण्ड भोपाल



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)**

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निविदा सूचना क्रमांक 38/वर्ष 2025-26/कार्य.यं. नरसिंहपुर, दिनांक 20/02/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| क्रं | टेण्डर आई डी | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनु. राशि (रू लाख में) | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्रं | कार्य समयावधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2025_ PWDRB_ 457554_4 | नरसिंहपुर | निर्माण | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत केरपानी से हथियाटोला (पोल शिफ्टिंग कार्य सहित) मार्ग लंबाई 150 किमी. का निर्माण कार्य । (चतुर्थ आमंत्रण) | 209.58 | 2,10,000 | 15,000 | चतुर्थ आमंत्रण | 04 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 2 | 2025_ PWDRB_ 470478_3 | नरसिंहपुर | निर्माण | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत सी.एम. राईज विद्यालय सांईखेडा से बारछी पहुँच मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित। (तृतीय आमंत्रण) | 325.06 | 3,25,500 | 15,000 | तृतीय आमंत्रण | 04 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 3 | 2026_ PWDRB_ 473681_3 | नरसिंहपुर | मरम्मत कार्य | नरसिंहपुर संभाग अंतर्गत कुल लंबाई 68.06 कि.मी के विभिन्न मार्गों की एस.एम.टी.शी कार्य निविदा (तृतीय आमंत्रण):- (1) गोंगावरी कामती मार्ग लंबाई 7.30 किमी (2) बेलखेडी बरहटा मुंगवानी गार्ग लंबाई 17.80 कि.मी. (3) गाडरवारा तेन्दूखेडा नवीन राज्य मार्ग किमी. 19/2 से ग्राम बीकोर सिन्दूर नदी तक मार्ग लंबाई 6.00 कि.मी. (4) नरसिंहपुर गगस्था मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी. (5) महगघातला से भामा मार्ग लंबाई 16.90 कि.मी. (6) उमरिया से पिपरहा मार्ग संबाई 520 कि.मी (7) मऊ लिंक मार्ग लंबाई 1.00 किमी. (8) बनवारी एप्रोच मार्ग लंबाई 0.80 कि.मी. (9) खोबी गैसा राखी से ब्रम्हाकुण्डघाट मार्ग लंबाई 4.36 कि.मी. (10) गुंदरई से पथरीका मार्ग लंबाई 400 कि.मी. (11) सालीचौका से सहावन मार्ग लंबाई 220 कि.मी. (12) सांकल मार्ग से मण्डी तिराहा मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. | 61.25 | 61,500 | 10,000 | तृतीय आमंत्रण | 12 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 595.89 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनेंलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 04/03/2026, (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समावार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 04/03/2026, (17.30) बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

G-26365/25
" स्वच्छता ही सेवा "

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स), संभाग नरसिंहपुर



**केनरा बैंक Canara Bank**
A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

सामान्य प्रशासनिक अनुभाग, अंचल कार्यालय, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, साकेत नगर बागसेवनिया भोपाल- 462026

बैंक द्वारा "जैसी हैं, जहाँ हैं" स्थिति में मौजूद अपना एक वाहन सामान्य जनता को बेचना प्रस्तावित है। वाहन का विवरण निम्नानुसार हैः

| क्र.सं. | वाहन का मेक | पंजीयन क्र. | मॉडल | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Maruti Suzuki CIAZ | MP04CY1322 | 2019 | 4,00,000/- |

विवरण बैंक की वेबसाइट http://www.canarabank.bank.in/ tenders. में दिया गया है। आवश्यक आवेदन फार्म उपरोक्त वर्णित कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं अथवा बैंक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। समस्त दस्तावेजों सहित निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 05.03.2026 को दोपहर 4.00 बजे तक, आगे यदि कोई भी संप्रेषण, शुद्धिपत्र, संशोधन होने पर केवल बैंक की वेबसाइट पर ही दिया जायेगा।

स्थान- भोपाल
दिनांक - 26.02.2026

कृते
सहायक महाप्रबंधक
अंचल कार्यालय, भोपाल



**इंडियन बैंक Indian Bank**
इलाहाबाद ALLAHABAD

मण्डलीय कार्यालय : ऑफिस काम्पलेक्स, गौतम नगर, भोपाल
फोन : 0755-2784821, 2600714, 2583669, 2602347

**लॉकर के बकाया किराए हेतु नोटिस**

इंडियन बैंक ने सुरक्षित जमा लॉकरों को अपनी निम्नलिखित शाखाओं के माध्यम से लॉकर किराएदारों को किराए पर दिया था ।

लॉकर किराएदार द्वारा किराए का भुगतान नहीं किया गया है और उन लॉकरों का किराया बकाया है । बैंक ने संबंधित लॉकर किराएदारों को लॉकर के बकाया किराए के भुगतान के लिए तीन नोटिस जारी किए हैं, लेकिन अभी भी संबंधित शाखा के निम्न लॉकर किराएदारों द्वारा बकाया किराया जमा नहीं किया गया है ।

| क्र. सं. | शाखा का नाम | लॉकर संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | अरेरा कालोनी | L27 | डी. बी. गुहा |
| 2. | अरेरा कालोनी | 108 | दलवीर परिहार |
| 3. | अरेरा कालोनी | 191 | एमपी श्रीवास्तव एवं ओ के श्रीवास्तव |
| 4. | अरेरा कालोनी | 175 | रिप्पी साहनी |
| 5. | अरेरा कालोनी | 98 | श्रीमती शारदा यादव |
| 6. | अरेरा कालोनी | 27 | रमाकांत विश्वमित्रा |
| 7. | अरेरा कालोनी | 126 | अर्चना शर्मा |
| 8. | अरेरा कालोनी | 146 | मखतार अहमद |
| 9. | अरेरा कालोनी | 226 | मानु मुखर्जी |
| 10. | कोतवाली रोड | 226 | संजय कुमार सोनी |
| 11. | कोतवाली रोड | 236 | राधेश्याम पटवा पुत्र एच आर पटवा |
| 12. | कोतवाली रोड | 27A | फखर जहां पत्नि मोह. लुकमान खान |
| 13. | कोतवाली रोड | 19 | आर एम ट्रांसपोर्ट कंपनी |
| 14. | टी.टी. नगर | 82 | अर्चना गुप्ता |
| 15. | टी.टी. नगर | 155 | शाहला खान |

हम आपका ध्यान लॉकर किराये पर लेने संबंधी लॉकर अनुबंध के नियमों व शर्तों की ओर आकर्षित करते हैं जो इस प्रकार हैं:-

लॉकर का किराया पूरी तरह से अग्रिम रूप से देय होता है और बैंक के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि लॉकर का किराया शेष होने की स्थिति में किराए का भुगतान न किए जाने की स्थिति में, चाहे उसकी मांग की गई हो या नहीं, लॉकर परिचालन को मना करने का अधिकार सुरक्षित है ।

इसलिए यह नोटिस जारी किया गया है। बिना किसी पूर्वाग्रह या अन्य किसी उपाय के अभाव बिना जो लॉकर किराया वसूलने में बैंक इस्तेमाल कर सकता है, लॉकर उपभोक्ता के सम्पूर्ण अधिकार, किराया प्राप्त न होने की स्थिति में, जिसकी माँग की गई थी या नहीं या किसी शर्तो का उल्लंघन किया गया या नहीं; खारिज करता है। ऐसी परिस्थितियों में बैंक लॉकरों को ब्रेक ओपन करने हेतु स्वतंत्र है । इस स्थिति में होने वाले किसी भी नुकसान भरपाई हेतु बैंक जिम्मेदार नहीं होगा।

लॉकर में रखी पूर्ण सामग्री अथवा सामग्री के कुछ भाग को नीलाम करने के लिए भी बैंक स्वतंत्र है और बैंक की बकाया राशि, लॉकर तोड़ने की लागत, उसकी मरम्मत और अन्य आकस्मिक शुल्क सहित बैंक को देय सभी राशियों के लिए आय का उपयोग करने के लिए स्वतंत्र है ।

इसलिए हम आपको यह नोटिस देते हैं कि यदि अनुबंध के अनुसार बकाया किराया और जमानत राशि का भुगतान इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर नहीं किया जाता है, तो लॉकर अनुबंध के प्रावधानों के अनुरूप लॉकर को तोड़ दिया जाएगा तथा लॉकर सामग्री का निपटान किया जा सकता है। शेष किराए व इस संबंध में व्यय की गई राशि के लिए आप उत्तरदायी होंगे।

इंडियन बैंक, अंचल कार्यालय, भोपाल

## चिंतन

# उथल-पुथल के बीच नरेंद्र मोदी दिखाएंगे कूटनीतिक संतुलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को इजरायल के दो दिनी दौरे पर पहुंचे। यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है, जब मध्य-पूर्व व पश्चिम एशिया में भारी उथल-पुथल है। अमेरिकी युद्धपोत ईरान को घेरे हुए हैं और ईरान भी शक्ति प्रदर्शन का कोई मौका छोड़ नहीं रहा है। ऐसे हालात में प्रधानमंत्री की नौ साल में दूसरी इजरायल यात्रा चर्चा का विषय बनी हुई है। देश में विपक्ष, खासकर कांग्रेस इस यात्रा को लेकर हमलावर है। 2014 में मोदी के सत्ता में आने के बाद से ही भारत ने इजरायल और अरब देशों के साथ अपने संबंधों को रिसेट किया है। अब भारत की नीति हर देश के साथ द्विपक्षीय हितों और साझेदारियों पर केंद्रित है। हमारे फिलस्तीन और ईरान के साथ भी अच्छे रिश्ते हैं। भारत आतंकवाद से पीड़ित है और वह दुनिया में होने वाली ऐसी हर घटना के खिलाफ रहा है। भारत ने जहां इजरायल पर हमास के हमले का विरोध किया, वहीं वह गाजा में मानवीय सहायता को तेज करने का भी हिमायती रहा है। इसलिए प्रधानमंत्री की यह यात्रा न तो किसी देश के खिलाफ है और न ही किसी के समर्थन में। यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के साथ ही साझा हितों को लेकर है। इस दो दिन की यात्रा में रक्षा और सुरक्षा, श्रम और व्यापार, एआई और प्रौद्योगिकी तथा आईएमईसी परियोजना के तहत कनेक्टिविटी एजेंडा में शीर्ष पर होंगे। इसके बावजूद मोदी और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच होने वाली बैठकों के परिणाम केवल द्विपक्षीय समझौतों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उनके प्रतीकात्मक महत्व और पश्चिम एशिया क्षेत्र को दिए जाने वाले संदेश भी इसमें शामिल होंगे। इस यात्रा के दौरान अधिकांश निर्धारित कार्यक्रमों में दोनों नेता साथ दिखाई देंगे। नेतन्याहू ने बुधवार को तेल अवीव हवाई अड्डे पर मोदी का खुद स्वागत किया और उन्हें यरुशलम की यात्रा पर ले गए। गुरुवार को द्विपक्षीय वार्ता और प्रेस वक्तव्यों के अलावा, वे निजी रात्रिभोज, एक नवाचार कार्यक्रम, यद वाशेम होलोकॉस्ट स्मारक संग्रहालय का दौरा और संभवतः इजराइल में बसे प्रवासी समुदाय से मुलाकात करेंगे, जिसे वहां बसे भारतीय-यहूदी समुदाय के साथ संवाद के रूप में प्रस्तुत किया गया है। मोदी ने इजरायली संसद को भी संबोधित किया । इस यात्रा में मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर हमले की धमकियों के बीच सावधानीपूर्वक कूटनीतिक संतुलन साधना होगा, खासकर ऐसे समय में जब पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य जमावड़ा बढ़ रहा है और प्रमुख ठिकानों से कर्मियों की वापसी हो रही है। हालांकि गुरुवार को ईरान-अमेरिका वार्ता के चलते इस सप्ताह हमले की संभावना कम दिखती है, फिर भी यह याद रखना चाहिए कि जून 2025 में ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले वार्ता जारी रहने के बावजूद हुए थे। ईरान में भारतीय नागरिकों को देश छोड़ने की सलाह से जुड़े सवालों पर विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने सोमवार को कहा था कि यदि ईरान पर बमबारी होती है तो प्रधानमंत्री की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। हालांकि, नई दिल्ली को उस कूटनीतिक छवि पर भी विचार करना होगा, जिसमें ईरान और इजराइल के बीच तनाव के दौरान मोदी व नेतन्याहू साथ खड़े दिखाई देंगे। दोनों नेताओं के बीच वार्ता इसलिए भी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण, प्रशासन और शांति स्थापना के लिए अमेरिका की "बोर्ड ऑफ पीस" योजना पर चर्चा चल रही है और भारत ने इसमें एक पर्यवेक्षक के रूप में भाग लेने का निर्णय लिया है।



प्रहार
कांतिलाल मांडोत

# आतंक के खिलाफ नई राष्ट्रीय ढाल

'प्रहार' केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की समग्र सोच का प्रतिबिंब है। इसमें सुरक्षा, तकनीक, सामाजिक जागरूकता, कानूनी संतुलन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समावेश है। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया गया, केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच वास्तविक समन्वय स्थापित हुआ और समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई तो निश्चित रूप से आतंकवाद की घटनाओं में और कमी लाई जा सकती है। यह नीति भारत की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को भटकाव से बचाने और राष्ट्र को स्थिर, सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई पहली राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी नीति 'प्रहार' भारत की आंतरिक सुरक्षा रणनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है। आज़ादी के 78 वर्ष बाद एक समग्र, लिखित और स्पष्ट आतंकवाद विरोधी नीति का आना इस बात का संकेत है कि सरकार अब प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि सक्रिय और पूर्व-निवारक दृष्टिकोण अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। लंबे समय से सुरक्षा विशेषज्ञ यह सवाल उठाते रहे थे कि जिस देश ने दशकों तक सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद, अलगाववाद और वैश्विक आतंकी नेटवर्क की चुनौतियों का सामना किया है, उसके पास एक औपचारिक राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी नीति क्यों नहीं है।

अब 'प्रहार' के माध्यम से केंद्र ने इस कमी को दूर करने का प्रयास किया है। इस नीति का मूल आधार 'जीरो टॉलरेंस' यानी आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि आतंकवाद को किसी धर्म, जाति या समुदाय से नहीं जोड़ा जाएगा, बल्कि इसे केवल राष्ट्र-विरोधी हिंसक कृत्य के रूप में देखा जाएगा। यह दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है क्योंकि आतंकवाद की चुनौती केवल सुरक्षा का प्रश्न नहीं है, बल्कि सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता से भी जुड़ी हुई है। जब नीति यह स्पष्ट करती है कि आतंकवाद किसी विशेष पहचान से संबद्ध नहीं है तो वह कट्टरपंथ की जड़ों को कमजोर करने की दिशा में भी काम करती है। 'प्रहार' की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह हमले के बाद की कार्रवाई से अधिक हमले से पहले रोकथाम पर केंद्रित है। यह बदलाव बेहद महत्वपूर्ण है। पारंपरिक सुरक्षा मॉडल अक्सर किसी हमले के बाद जांच, गिरफ्तारी और दंड पर केंद्रित होते थे, लेकिन नई नीति में खुफिया तंत्र को सुदृढ़ कर संभावित हमलों को पहले ही विफल करने पर जोर दिया गया है। मल्टी एजेंसी सेंटर के माध्यम से केंद्र और राज्यों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान को तेज और प्रभावी बनाने का प्रयास इसी सोच का हिस्सा है। यदि विभिन्न एजेंसियों के पास मौजूद सूचनाएं समय रहते साझा हों और उन पर त्वरित कार्रवाई हो, तो कई बड़ी घटनाओं को रोका जा सकता है। नीति में अल-कायदा और आइएसआइएस जैसे वैश्विक आतंकी संगठनों से खतरे का उल्लेख यह दर्शाता है कि भारत अपनी सुरक्षा को केवल घरेलू संदर्भ में नहीं देख रहा, बल्कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी आकलन कर रहा है। अल कायदा और आईएसआईएस जैसे संगठन डिजिटल माध्यमों से युवाओं को प्रभावित करने और उन्हें कट्टरपंथ की ओर धकेलने की रणनीति अपनाते रहे हैं। ऐसे में नीति का डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया, एन्क्रिप्शन, डार्क वेब और क्रिप्टो करेंसी के दुरुपयोग पर ध्यान देना समय की मांग है। आज आतंकवाद केवल बंदूक और बम तक सीमित नहीं है; यह साइबर हमलों, ड्रोन तकनीक, फेक न्यूज और ऑनलाइन भर्ती के रूप में भी सामने आ रहा है। ड्रोन हमलों और साइबर अटैक जैसी नई चुनौतियों का उल्लेख इस नीति को आधुनिक बनाता है। सीमाओं पर ड्रोन के माध्यम से हथियार और मादक पदार्थ गिराने की घटनाएं पिछले वर्षों में सामने आई हैं। साइबर हमलों के जरिए महत्वपूर्ण डिजिटल अवसंरचना को निशाना बनाया जा सकता है। रासायनिक, जैविक या परमाणु हमलों की आशंका भले ही कम हो, लेकिन उनका



प्रभाव विनाशकारी हो सकता है। इसलिए नीति में इन सभी संभावित खतरों के प्रति तैयारी और सतर्कता पर जोर दिया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि 'प्रहार' केवल वर्तमान खतरों तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य की चुनौतियों को भी ध्यान में रखती है। आतंकी संगठनों और संगठित अपराध गिरोहों के गठजोड़ पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। कई बार आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन की व्यवस्था हवाला, मादक पदार्थों की तस्करी या अन्य आपराधिक गतिविधियों से की जाती है। यदि इन फंडिंग चैनलों को तोड़ा जाए और ओवरग्राउंड वर्कर्स के नेटवर्क को खत्म किया जाए तो आतंकवाद की जड़ों को कमजोर किया जा सकता है। नीति में इस दिशा में कठोर कदम उठाने की बात कही गई है। इससे आतंकवाद के आर्थिक स्रोतों पर चोट पहुंचेगी। भारत जैसे संघीय ढांचे वाले देश में कानून-व्यवस्था मुख्यतः राज्य का विषय है, जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा में केंद्र की भूमिका प्रमुख होती है। यदि दोनों स्तरों पर समन्वय में कमी हो, तो सुरक्षा व्यवस्था कमजोर पड़ सकती है। 'प्रहार' में राज्यों की एटीएस और आतंकवाद रोधी इकाइयों की क्षमता बढ़ाने, प्रशिक्षण, आधुनिकीकरण और तकनीकी संसाधनों के विस्तार पर जोर दिया गया है। इससे पूरे देश में एक समान और मजबूत आतंकवाद रोधी ढांचा तैयार किया जा सकेगा। नीति में मानवाधिकारों और कानून के शासन को बनाए रखने की बात भी महत्वपूर्ण है। आतंकवाद से लड़ाई में कठोरता आवश्यक है, लेकिन कानून की सीमाओं के भीतर रहकर ही कार्रवाई होनी चाहिए। आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया और अपील का अधिकार देना लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करता है। इससे सुरक्षा और स्वतंत्रता के बीच संतुलन कायम रहता है। यह संदेश भी जाता है कि भारत आतंकवाद से लड़ते हुए भी अपने संवैधानिक सिद्धांतों से समझौता नहीं करेगा।

कट्टरपंथ को रोकने के लिए युवाओं की समय रहते पहचान और परामर्श की व्यवस्था, जेलों में उग्र विचारधारा के प्रसार को रोकने के उपाय तथा शिक्षा और रोजगार के माध्यम से सामाजिक कमजोरियों को दूर करने की सोच नीति को केवल सुरक्षा दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार का माध्यम भी बनाती है। यदि युवा कट्टरपंथ की ओर आकर्षित ही न हों तो आतंकवादी संगठनों की भर्ती प्रक्रिया कमजोर पड़ जाएगी। इस दृष्टि से 'प्रहार' सामाजिक भागीदारी और पुनर्वास पर भी जोर देती है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग की बात इस नीति को वैश्विक आयाम देती है। अन्य देशों के साथ सूचना साझा करना, प्रत्यर्पण समझौते और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर आतंकियों को नामित कराने के प्रयास भारत की कूटनीतिक सक्रियता को दर्शाते हैं। आतंकवाद आज सीमा-रहित चुनौती बन चुका है, इसलिए उसका समाधान भी वैश्विक सहयोग से ही संभव है। 2004-14 की तुलना में 2014-25 के बीच घटनाओं और हताहतों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। यह प्रवृत्ति बताती है कि सुरक्षा तंत्र ने कुछ हद तक प्रभावी काम किया है। कुल मिलाकर, 'प्रहार' केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की समग्र सोच का प्रतिबिंब है। इसमें सुरक्षा, तकनीक, सामाजिक जागरूकता, कानूनी संतुलन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समावेश है। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया गया, केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच वास्तविक समन्वय स्थापित हुआ, और समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई तो निश्चित रूप से आतंकवाद की घटनाओं में और कमी लाई जा सकती है। यह नीति भारत की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को भटकाव से बचाने और राष्ट्र को स्थिर, सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



# प्रखर राष्ट्रभक्त क्रांतिवीर थे विनायक दामोदर सावरकर

विनायक दामोदर सावरकर एक प्रमुख भारतीय क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, लेखक, कवि, वकील तथा प्रखर राष्ट्रभक्त नेता थे। इनका जन्म 28 मई 1883 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के भागपुर गांव में मध्यवर्गीय परिवार में हुआ था। सावरकर बाल्यकाल से ही उत्कृष्ट प्रतिभा के धनी थे। स्कूली शिक्षा के दौरान ही उनका साहित्य के क्षेत्र में पदार्पण हो गया था। दस वर्ष की आयु में ही उनकी कविताएं प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशित होने लगी थी। ब्रिटिश सरकार से स्वतंत्रता के उद्देश्य से सावरकर ने वर्ष 1899 में मात्र 16 वर्ष की आयु में मित्र मेला नामक संगठन का गठन किया। बाद में संगठन का नाम बदलकर अभिनव भारत रख दिया गया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सावरकर लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक, विपिन चंद्र जैसे कट्टरपंथी राजनीतिक नेताओं से प्रेरित थे।


उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने के बाद पुणे के फर्ग्यूसन कॉलेज में दाखिला लिया और कला स्नातक की डिग्री हासिल की इसके बाद वह कानून की पढ़ाई करने के लिए इंग्लैंड गए। इंग्लैंड जाकर भी इस राष्ट्रभक्त ने भारतीय छात्रों को स्वाधीनता हेतु प्रेरित किया और 1906 में फ्री इंडिया सोसाइटी की स्थापना की, जिसका उद्देश्य ब्रिटिश सरकार को उखाड़ना था। वर्ष 1909 में वीर सावरकर को मिंटो मार्ले रिफार्म के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह की साजिश रचने के आरोप में वारंट जारी किया गया। वर्ष 1910 में क्रांतिकारी समूह इंडिया हाउस के साथ संबंधों के लिए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद उन्हें ब्रिटिश सरकार द्वारा 50 वर्ष की जेल की कठोर सजा सुनाई गई। 4 जुलाई 1911 को सावरकर को अंडमान निकोबार द्वीप सेल्यूलर जेल ले जाया गया। 27 वर्ष की आयु में सावरकर को दो बार काले पानी की सजा सुनाई गई थी। अंग्रेज सावरकर को दिनभर कोल्हू में बैल की जगह हांकते, तेल पिसवाते, रस्सी बंटवाते। इन समस्त यातनाओं को सहते हुए भी सावरकर जेल में कैदियों के भीतर राष्ट्र भक्ति की भावनाएं सुदृढ़ करते रहे। जेल की दीवारों पर इन्होंने कील और पत्थरों से 6000 राष्ट्रभक्ति से उत्प्रोत कविताएं लिख दी थी। भीषण अमानवीय यातनाओं के दौर को झेलते हुए वे जेल में बंद कैदियों को समझाते थे कि - 'धीरज रखो, एक दिन आएगा, जब यह जगह तीर्थ स्थल बन जाएगी। आज भले ही हमारा पूरे विश्व में मजाक बन रहा हो, एक समय ऐसा होगा, जब लोग कहेंगे कि देखो, इन्हीं काल कोठरियों में हिंदुस्तानी कैदी बंद थे। उन्हीं कैदियों की यहां प्रतिमाएं होंगी'। ये कलम और दिमाग दोनों से अंग्रेजों से लड़ने वाले क्रांतिकारी थे। सावरकर पहले इतिहासकार थे, जिन्होंने 1857 की लड़ाई को प्रथम स्वाधीनता संग्राम कहा था। सावरकर ने ही यह साबित किया था कि यह सैनिक विद्रोह नहीं प्रथम स्वाधीनता संग्राम था। उसने सभी अमर बलिदानियों की गाथा जन-जन तक पहुंचाई। भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों ने भी सावरकर द्वारा रचित प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 पुस्तक से प्रेरणा प्राप्त की। दुनिया में ऐसी कौन सी पुस्तक है जिसे प्रकाशन से पहले ही प्रतिबंधित किया गया हो। अंग्रेज सावरकर की इस पुस्तक से इतने भयभीत थे कि उन्होंने हर एक प्रयास किया, ताकि यह पुस्तक भारत तक न पहुंच सके। और जब सावरकर की यह पुस्तक क्रांतिकारियों में पहुंची तो क्रांति की ज्वाला में घी की आहुति पड़ गई। वर्ष 1924 में जेल से रिहा होने के बाद सावरकर समाज सुधार कार्य में लग गए। यह हिंदुत्व के प्रखर चिंतक थे। सावरकर जातिवाद के घोर विरोधी थे। रत्नागिरी में इन्होंने पतित पावन मंदिर की स्थापना की और छुआछूत मिटाने का कार्य किया। इनका संपूर्ण जीवन भारतीय स्वाधीनता एवं हिंदुत्व को समर्पित रहा। सावरकर ने 1937 में अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष बनकर हिंदुओं की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया था। सावरकर को ओजस्वी वक्ता के रूप में भी जाना जाता है, अपने समर्थकों पर उनकी अमिट छाप थी। सावरकर ने दृढ़ता पूर्वक यह कहा था कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है और जो एक रक्त में बंधे हैं।



इनका चिंतन था कि हमारी सभ्यता और संस्कृति के आदर्श प्रत्येक भारतवासी के लिए वंदनीय हैं। सावरकर ने अपनी युवावस्था भारतीय स्वाधीनता हेतु सेलुलर जेल की काल कोठरी में कठोर अमानवीय यातनाएं सहकर मृत्यु पर्यंत भारतीय हिंदू संस्कृति के उद्धार हेतु कार्य किया। 26 फरवरी 1966 को मुंबई में इस महान देशभक्त ने अंतिम श्वास ली। निडर स्वतंत्रता सेनानी एवं हिंदुत्व के सूत्रधार सावरकर का संपूर्ण जीवन मातृभूमि को समर्पित रहा।

( लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जन्म व मृत्यु के उपरांत समाप्त होती है यात्रा



संकलित
## दर्शन

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है।

# जीवन में ईश्वर की दया ही है सब



संकलित
## प्रेरणा

एक बार एक अमीर सेठ के यहाँ एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछाः ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोलाः आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएँ दी है, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं।

असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### आखिर क्यों नहीं रुक रहे हवाई हादसे

हाल ही में रांची से दिल्ली एयर एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुखद समाचार ने हमें एक बार फिर से सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिर क्यों नहीं रुक रहे एयरप्लेन हादसे। इस दुखद हादसे से यह तो साफ जाहिर है कि इनसान विज्ञान के क्षेत्र में अपने आपको बेशक तीस मार खां समझता हो, लेकिन विज्ञान के क्षेत्र में इनसान अभी भी अधूरा नजर आता है। अगर ऐसा नहीं होता तो इस अभागे विमान की तकनीकी खराबी का पहले पता लगाया जा सकता था या फिर इस विमान में अचानक खराबी कैसे आ गई? विमान बनाने वाली कंपनियां ऐसी तकनीक क्यों तैयार नहीं कर पाई है कि अगर कोई तकनीकी खराबी आती है तो मानव जिंदगियों को बचाया जा सके।

- संजय सचदेव, धमतरी

## करंट अफेयर

# टेलीग्राम एप के संस्थापक पावेल के खिलाफ जांच शुरू




टेलीग्राम एप के संस्थापक पावेल डुरोव ने मंगलवार को दावा किया कि रूस की सरकार ने उनके खिलाफ /"आतंकवादी गतिविधियों में सहायता करने/" के आरोप में आपराधिक जांच शुरू की है। रूस में जन्मे और इसी देश में अपना कॅरियर शुरू करने वाले डुरोव ने मॉस्को पर आरोप लगाया कि वह टेलीग्राम तक रूसी नागरिकों की पहुंच सीमित करने के लिए मनगढ़ंत बहाने बना रहा है। रूसी मीडिया में इससे पहले अपुष्ट खबरें आई थीं कि रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने डुरोव के खिलाफ आपराधिक जांच शुरू कर दी है। यह घटनाक्रम उस बयान के दो सप्ताह बाद सामने आया है जब रूस के संचार नियामक रोसकॉमनादजोर ने टेलीग्राम पर प्रतिबंधात्मक कदम उठाने की घोषणा की थी और इस ऐप पर रूसी कानूनों का पालन न करने का आरोप लगाया था। टेलीग्राम पर कार्रवाई के फैसले से देश में असामान्य सार्वजनिक विरोध देखने को मिला। यहां तक कि क्रेमलिन समर्थित कई सैन्य ब्लॉग लेखकों ने भी इसकी आलोचना की और चेतावनी दी कि यूक्रेन में लड़ रहे रूसी सैनिकों के बीच टेलीग्राम व्यापक रूप से इस्तेमाल होता है, ऐसे में इसकी सेवाओं में बाधा सैन्य संचार को प्रभावित कर सकती है। इसके बावजूद रूसी अधिकारी टेलीग्राम को सुरक्षा के लिए जोखिम बताते आ रहे हैं।

## ऑफ बीट

# पढ़े-लिखे व विज्ञान समर्थकों का भी अंधविश्वास पर भरोसा



बचपन में हममें से कई लोगों को बताया जाता है कि बाल गीले होने पर बाहर निकलने से सर्दी लग जाती है। बड़े होने पर भी हम बाहर जाने से पहले बाल अच्छी तरह सुखाने में अतिरिक्त समय लगा देते हैं। अंग्रेजी भाषी देशों में कई ऊंची इमारतों में 13वीं मंजिल को अंकित नहीं किया जाता, जबकि पूर्वी एशिया में अक्सर चौथी मंजिल को छोड़ दिया जाता है। यदि जिस खिलाड़ी का मैं समर्थन करता हूं और वह लगातार जीत रहा हो तथा कोई कमेंटेटर उसका जिक्र कर दे, तो मुझे लगता है कि अब अपशगुन हो जाएगा और उसकी जीत का सिलसिला टूट जाएगा। ये सब अंधविश्वास और पारंपरिक मान्यताएं हैं। विज्ञान के प्रति जागरूक समाज होने के बावजूद ये मान्यताएं कायम रहती हैं। सवाल यह है कि ऐसा क्यों होता है और क्या इसमें कोई नुकसान है? ऐसी कई मान्यताओं की जड़ें पुराने चिकित्सा और सांस्कृतिक विश्वासों में हैं। प्राचीन यूनानी और चीनी चिकित्सा में स्वास्थ्य को शरीर और पर्यावरण के संतुलन से जोड़ा जाता था। तापमान को बीमारी का कारण माना जाता था। आज विज्ञान स्पष्ट करता है कि सर्दी-जुकाम का मुख्य कारण वायरस है। हालांकि कुछ शोध बताते हैं कि ठंड में शरीर वायरस के प्रति थोड़ा अधिक संवेदनशील हो सकता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि गीले बाल ही बीमारी का कारण बनते हैं।

## ट्रेंड

### भारत माता का अपमान



मैं आपको पूरे विश्वास के साथ कह रहा हूं कि कृषि समझौते भारत के किसानों के हित में हैं। कुछ लोग गलतफहमी फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। एआई कॉन्फ्रेंस में जाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कपड़े उतारे। ये भारत माता का अपमान है।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### कांग्रेस की कार्यशैली



सत्ता की लालसा में राष्ट्रहित से समझौता करना कांग्रेस की पीढ़ीगत कार्यशैली रही है। आज भी इनके नेता देश और विदेशी धरती पर जाकर भारत की साख को धूमिल करने तथा दुश्मन देशों से मदद की गुहार लगाने में संकोच नहीं करते।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### सच्चाई जनता को बताएं



निवेश के नए आंकड़े देने से पहले पुराने समझौतों की सच्चाई जनता को बताइए। यूपी की भाजपा सरकार ने दिखाए तो करोड़ों के एमओयू लेकिन ज़मीन पर इनके बनाये हवाई अड्डों की तरह कुछ भी नहीं उतरा।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### तकनीकी इस्तेमाल



अगर चीन रोबोट का इस्तेमाल कचरा इकट्ठा करने, सीवर साफ करने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को नियंत्रित करने के लिए कर सकता है, तो हम क्यों नहीं? आइए, तकनीकी विशेषज्ञों, इस चुनौती को स्वीकार करें - कचरे को धन में बदलें और एक स्वच्छ और हरा-भरा शहर बनाएं।

- किरण मजूमदार, उद्यमी

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# ट्रंप बोले- यह अमेरिका का स्वर्णकाल, महंगाई पर अंकुश लगा, अर्थव्यवस्था मजबूत

ट्रंप ने कहा कि हमने टैरिफ से बहुत ज्यादा रकम इकट्ठा की है। लेकिन हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने दुर्भाग्यपूर्ण फैसला देकर टैरिफ को खत्म कर दिया। लेकिन राष्ट्रपति की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए नई डील की हैं, जिनसे देश में पैसा आता रहेगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव से ठीक पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार रात अपने दूसरे कार्यकाल का पहला आधिकारिक स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन अमेरिकी कैपिटल के हाउस चैंबर में किया। इस दौरान उन्होंने अपने एक साल के शासन की उपलब्धियां गिनाईं। भावी नीतियां और योजनाओं को साझा किया। उन्होंने कहा कि आज रात सिर्फ एक साल बाद मैं पूरे सम्मान और गर्व के साथ कह सकता हूं कि हमने ऐसा बदलाव किया है जैसा पहले कभी किसी ने नहीं देखा, और यह एक ऐसा बदलाव है जो सदियों के लिए है। हम कभी भी उस जगह वापस नहीं जाएंगे जहां हम कुछ समय पहले थे। उन्होंने कहा कि यह देश का स्वर्णकाल है। अब से पहले इतना बेहतर कभी नहीं हुआ। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की स्वतंत्रता को 250 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। दुनिया में कोई भी देश अमेरिका जैसा नहीं है। इस दौरान डेमोक्रेट सांसदों ने ट्रंप के भाषण के विरोध में सदन से वॉकआउट किया। इसके जवाब में रिपब्लिकन सांसदों ने नारेबाजी की।

## डेमोक्रेट सांसदों ने ट्रंप के भाषण के विरोध में सदन से वॉकआउट किया



ट्रंप ने संसद में पहले साल की गिनाई उपलब्धियां

### अपराध घटा है

राष्ट्रपति ने कहा कि एक साल में पूरा देश बदल गया है। इससे पहले ऐसा किसी ने नहीं किया है। देश में अपराध कम हुआ है। हमारे दुश्मन घबराए हुए हैं। हमारी सेना और पुलिस पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हैं। आज हमारी सीमाएं इतिहास में सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं। बीते 9 महीने में एक भी अवैध घुसपैठ की घटना नहीं हुई है। हालांकि कानूनी तौर पर आने वाले लोगों का अमेरिका में स्वागत है। ट्रंप ने कहा कि देश में खतरनाक फेंटानिल ड्रग की आमद में 56 प्रतिशत की कमी आई है। देश में हत्या दर में भी ऐतिहासिक तौर पर कमी आई है और यह 125 साल में सबसे कम है।

### महंगाई को कम किया

*ट्रंप ने कहा कि बाइडन सरकार ने हमें खराब अर्थव्यवस्था दी थी, लेकिन हमने महंगाई को कम किया और पिछले पांच साल में यह सबसे कम है। लोगों की आय बढ़ रही है। देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत हो रही है और गैसोलीन की कीमतों में भी भारी कमी आई है और कई राज्यों में यह 2.30 डॉलर से भी कम है। मोर्गेज रेट भी बेहद कम है।*

### 18 खरब डॉलर का निवेश आया

*ट्रंप ने कहा कि स्टॉक मार्केट भी मजबूत है। हमने पेंशन बढ़ाई है और अमेरिका में बीते एक साल में 18 खरब डॉलर का निवेश आया है। निर्माण क्षेत्र में 70 हजार नई नौकरियां पैदा हुई हैं। अमेरिका में नेचुरल गैस का उत्पादन सर्वकालिक उच्च स्तर पर है। देश के इतिहास में मौजूदा समय में सबसे ज्यादा लोग काम कर रहे हैं और बीते एक साल में निजी क्षेत्र में 100 फीसदी नौकरियां पैदा हुई हैं।*

### टैरिफ के दम पर हमने कई देशों के साथ ट्रेड डील की

*ट्रंप ने कहा हम टैरिफ से अरबों डॉलर लेकर आए। हमने उन टैरिफ के दम पर विभिन्न देशों के साथ ट्रेड डील की। और ये देश भी डील से खुश हैं। हमने टैरिफ से बहुत ज्यादा रकम इकट्ठा की है। लेकिन हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने दुर्भाग्यपूर्ण फैसला देकर टैरिफ को खत्म कर दिया। लेकिन राष्ट्रपति की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए नई डील की हैं, जिनसे देश में पैसा आता रहेगा। टैरिफ से इतना पैसा आएगा कि ये आधुनिक आयकर सिस्टम की जगह ले सकता है और लोगों को बड़ी राहत दे सकता है। देश में अरबों डॉलर का निवेश आ रहा है और नई कंपनियां यहां उत्पादन कर रही हैं।*

### ट्रंप ने 100 मिनट में बोले 13 झूठ

*ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल का पहला और अब तक का सबसे लंबा 'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन दिया। उन्होंने अर्थव्यवस्था, इमिग्रेशन, क्राइम, एनर्जी और विदेश नीति पर अपनी उपलब्धियां गिनाईं। साथ ही डेमोक्रेट्स और पिछली सरकार की आलोचना भी की। लेकिन उनके कई दावों पर सवाल उठे हैं। उन्होंने भूखमरी समस्या खत्म करने, महंगाई कम करने, दवा की कीमत कम करने, अमेरिका में आए निवेश, हत्या दर में कमी, लोगों को नौकरी देने के दावे किए थे। उनके भाषण में आधे से ज्यादा दावों पर या तो गलत बोला या फिर उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया। अब इसी को लेकर ट्रंप की लानत-मलानत हो रही है।*

## खबर संक्षेप

### भारतीयों के लिए ब्रिटेन में ई वीजा अनिवार्य



**लंदन।** ब्रिटेन में बुधवार से लागू हुए नए नियमों के तहत एक डिजिटल पारगमन प्रणाली शुरू हो रही है, जिसमें भारतीय यात्रियों के लिए अनिवार्य ई-वीजा और बिना वीजा वाले आगंतुकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक यात्रा अनुमति (ईटीए) लेना शामिल है। इसके तहत नयी प्रक्रिया कागज आधारित वीजा 'स्टिकर' की जगह लेगी। हालांकि, नई प्रणाली में बायोमेट्रिक पंजीकरण के लिए आवेदन केंद्र पर व्यक्तिगत रूप से जाना आवश्यक होगा, इससे प्रक्रिया अवधि के दौरान पासपोर्ट दस्तावेज छोड़ कर जाने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी।

### जांच के लिए श्रीलंका के पूर्व खुफिया प्रमुख अरेस्ट



**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राज्य खुफिया सेवा प्रमुख सुरेश सैली को 2019 के ईस्टर बम धमाकों की जांच के सिलसिले में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। सैली को पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने कोलंबो के उपनगर पेलियागोड़ा में उस समय हिरासत में लिया, जब वह एक गैर-सरकारी संगठन में काम करने जा रहे थे। उनकी गिरफ्तारी 2019 के ईस्टर संडे धमाकों से जुड़ी है। साल 2019 में ईस्टर पर कोलंबो के गिरजाघरों और पांच सितारा होटलों में हुए हमलों में 11 भारतीयों सहित 270 लोगों की मौत हुई थी।

### ब्राजील में भयावह बाढ़ से 25 लोगों की मौत



**जुइज डी फोरा।** दक्षिण-पूर्व ब्राजील में आई भयंकर बाढ़ में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है और मिनास गेरैस राज्य में दर्जनों लोग लापता हैं। रियो डी जेनेरियो से लगभग 310 किलोमीटर उत्तर में जुइज डी फोरा और उबा शहरों में सोमवार को मूसलाधार बारिश शुरू हुई, जिससे लगभग 440 लोगों को अपने घर छोड़कर दूसरी जगहों पर जाना पड़ा। अधिकारियों ने लोगों को उन इलाकों से दूर रहने की चेतावनी दी है जहां भूस्खलन का खतरा हो सकता है। इस इलाके में और बारिश होने की आशंका है।

## पीएम मोदी ने इजराइल की संसद में हमास के 'बर्बर' हमले की निंदा की

# इजराइल संग हमेशा मजबूती से खड़ा रहेगा भारत 'गाजा शांति' योजना के प्रस्ताव का पूर्ण समर्थन



*पीएम मोदी ने कहा कि भारत, आतंकवाद के मामले में इजराइल के दर्द को भलीभांति समझता है। क्योंकि हमने भी लंबे वक्त से इसका दंश झेला है। आतंकवाद का मुख्य उद्देश्य समाजों में अस्थिरता पैदा कर विकास को रोकना और भरोसे पर कुठाराघात करना है*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपनी दो दिवसीय यात्रा के तहत बुधवार रात इजराइल की संसद केनेस्सेट में अपना पहला ऐतिहासिक भाषण दिया। इजराइल के पीएम नेतन्याहू के साथ संसद में मौजूद सभी सांसदों ने अपने स्थान पर खड़े होकर पीएम का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ जोरदार अंदाज में स्वागत किया। पीएम मोदी के भाषण के दौरान इजराइली संसद में मोदी-मोदी के नारे गूंजे। पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत हिब्रू शब्द 'शालोम' और 'नमस्ते' से की। हिब्रू में अभिवादन के लिए शालोम शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। इस दौरान उन्होंने 7 अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा किए गए 'बर्बर आतंकवादी हमले' पर शोक व्यक्त किया। पीएम मोदी ने कहा कि किसी भी कारण से नागरिकों की हत्या को उचित नहीं ठहराया जा सकता। पीएम मोदी ने कहा कि हम आपकी पीड़ा को समझते हैं। भारत वर्तमान में ही नहीं बल्कि भविष्य में भी पूर्ण विश्वास और दृढ़ता के साथ इजराइल के साथ खड़ा है। उन्होंने जान गंवाने वाले निर्दोष इजराइली नागरिकों और उनके परिजनों के प्रति भारत की जनता की तरफ से गहन संवेदनाएं प्रकट की हैं।

तालियों की गड़गड़ाहट के साथ जोरदार स्वागत

भाषण के दौरान संसद में मोदी-मोदी के नारे गूंजे



इजराइल पीएम नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का गले लगाकर स्वागत किया

### भारत और इजराइल के रिश्ते 2000 साल पुराने

मैं उस जमीन पर लौटकर जिसकी ओर मैं हमेशा से खींचा चला आया हूं। मेरा जन्म 17 सितंबर 1950 को उसी दिन हुआ था, जिस दिन भारत ने इजराइल को औपचारिक रूप से मान्यता दी थी। उन्होंने कहा कि भारत और इजराइल के रिश्ते 2000 साल पुराने हैं। 'बुक ऑफ एस्तेर' में भारत का जिक्र मिलता है और तलमुद में हमारे व्यापारिक संबंधों का उल्लेख है। भारत में इजराइल के पक्के इरादों, हिम्मत और सफलता की बहुत तारीफ होती है। यहूदी व्यापारी भूमध्यसागर को हिंद महासागर से जोड़ने वाले समुद्री रास्तों से सफर करते थे और भारत में, वे हम में से एक बन गए। यहूदी समुदाय भारत में बिना किसी जुल्म या भेदभाव के डर के रहे हैं। यहूदी समुदाय भारत में बिना डर के रहता है। यहूदी समुदाय ने भारत को समृद्ध किया है।

### शांति का रास्ता आसान नहीं होता

पीएम मोदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) द्वारा स्वीकार की गई गाजा शांति योजना के कदम को भारत अपना पूर्ण समर्थन प्रदान करता है। हमें विश्वास है कि इस पूरे क्षेत्र में रहने वाले आम लोगों के लिए दीर्घकालिक व स्थायी शांति के अपने वादे को इसके जरिए पूरा किया जाएगा। जिसमें फिलिस्तीन के मुद्दे पर भी ध्यान दिया जाएगा। पीएम ने आह्वान किया कि आइए हमारे सभी प्रयास ज्ञान, साहस और मानवता के दिशानिर्देशन में तैयार किए जाने चाहिए। शांति का रास्ता हमेशा आसान नहीं होता है। लेकिन भारत आपके और बाकी दुनिया के साथ इस क्षेत्र में संवाद, शांति और स्थिरता के लिए मजबूती से खड़ा है। पीएम मोदी ने कहा कि इजराइल में टिक्कुन ओलाम का सिद्धांत दुनिया को ठीक करने की बात करता है। भारत में वसुधैव कुटुंबकम इस बात की पुष्टि करता है कि दुनिया एक परिवार है।

### यहूदी नरसंहार का इतिहास काला

*पीएम मोदी ने कहा कि बीते महीने दुनिया ने इंटरनेशनल होलोकॉस्ट रिमेम्बरेंस डे मनाया। होलोकॉस्ट इंसानियत के सबसे काले अध्याय में से एक है। प्रथम विश्व युद्ध में 4000 भारतीय सैनिकों ने शहादत दी थी। हाइफा में भारतीय सैनिकों ने शहादत दी। यहूदी नरसंहार का इतिहास काला है। गुजरात के नवानगर के महाराजा, जिन्हें जाम साहेब के नाम से भी जाना जाता है, उन्होंने पोलैंड के बच्चों को शरण दी, जिनमें यहूदी बच्चे भी शामिल थे, जिनके पास और कोई ठिकाना नहीं था।*

### 'एम यिसराइल चाई' कहकर भाषण समाप्त किया

*पीएम नरेंद्र मोदी ने इजराइल की संसद नेसेट को अपने ऐतिहासिक भाषण को हिब्रू नारे 'एम यिसराइल चाई' के साथ समाप्त किया, जिसके बाद नेसेट में खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजी, और उन्होंने 'जय हिंद' के साथ भाषण का समापन किया। 'एम यिसराइल चाई' का अर्थ है 'इजराइल के लोग जिंदा हैं' का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व बेहद गहरा है। यह नारा यहूदी परंपरा में जीवन के प्रति प्रेम और अटूट संकल्प को दर्शाता है। यह नारा आधुनिक रूप में 1960 के दशक में सोवियत यहूदियों के आंदोलन से लोकप्रिय हुआ, जहां इसे श्लोमो कार्लेबैक ने गाया। 7 अक्टूबर हमलों के बाद इजराइल में यह एकता और प्रतिरोध का गान बन गया। यह नारा यहूदी इतिहास में सदियों से उत्पीड़न और चुनौतियों के बावजूद जीवटता और जीवन की अटूट भावना का प्रतीक रहा है।*

## इजराइल के पीएम नेतन्याहू बोले

# हमने व्यापार दोगुना, सहयोग तिगुना और आपसी समझ को चौगुना किया

» पीएम मोदी एशिया के शेर

» हमेशा मदद के लिए तैयार



इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने पीएम मोदी का नेसेट में स्वागत किया और कहा यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। दिल की गहराइयों से शुक्रिया। इजराइली पीएम ने कहा कि मुझे आपसे कहना है मेरे प्रिय मित्र नरेंद्र, आज आपकी यात्रा से मैं बेहद भावुक हूं।

आप इजराइल के एक महान मित्र, भारत-इजराइल गठबंधन के एक महान समर्थक, विश्व मंच पर एक महान नेता हैं। आपकी यात्रा से मैं इतना भावुक कभी नहीं हुआ था। मेरे प्रिय मित्र पीएम मोदी और आपके सम्मानित प्रतिनिधिमंडल का यरूशलम में स्वागत है। मैं तो यह कहूंगा कि आप मित्र से बढ़कर भाई हैं। जब आप पिछली बार यहां आए थे, हम दोनों भूमध्य सागर के तट पर थे। मैंने कहा था- क्यों न हम अपने जूते उतारकर पानी में चलें? हम पानी पर तो नहीं चले, लेकिन तबसे हमने चमत्कार जरूर किए हैं। क्योंकि हमने अपने व्यापार को दोगुना, सहयोग को तिगुना और आपसी समझ को चौगुना कर दिया है।

### पीएम मोदी का गले लगना कुछ खास है

*इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, हम दोनों के बीच व्यक्तिगत और दोनों देशों और हमारे लोगों के बीच एक शानदार दोस्ती रही है। आज सुबह, मेरी पत्नी सारा और मैंने एयरपोर्ट पर आपका स्वागत किया। जैसे ही आप सीढ़ियों से नीचे आए, हमने एक-दूसरे को गले लगा लिया। पीएम मोदी का गले लगना कुछ खास है। इसे मोदी हग कहा जाता है। यह दुनिया भर में मशहूर है। और जब आप किसी को करीब से सच में गले लगाते हैं, तो आप जानते हैं कि यह कोई दिखावा नहीं है। यह असल है। इसे मोदी हग कहा जाता है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को 'एशिया का शेर' बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी हमेशा इजराइल की मदद के लिए तैयार रहते हैं।*

### विपक्षी सांसदों ने नेतन्याहू के भाषण का बायकॉट किया

*संसद अध्यक्ष अमीर ओहाना ने पीएम मोदी के भाषण के लिए रखे गए विशेष सत्र में सुप्रीम कोर्ट के अध्यक्ष इसहाक एमिट को आमंत्रित नहीं किया। इस फैसले के विरोध में विपक्षी सांसद सत्र की शुरुआत में ही सदन से बाहर चले गए। जब विपक्षी सांसद बाहर गए तो उनकी खाली सीटों पर सत्तापक्ष के पूर्व सांसद आकर बैठ गए। कई विपक्षी दलों ने बयान जारी कर कहा कि वे पीएम नेतन्याहू के भाषण में शामिल नहीं होंगे और केवल तब सदन में लौटेंगे जब नरेंद्र मोदी बोलना शुरू करेंगे।*

## कहा- मैंने कुछ गलत नहीं किया, न देखा

# गेट्स ने फाउंडेशन के अधिकारियों से एपस्टीन से संबंधों को लेकर माफी मांगी

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने दोषी ठहराए जा चुके यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ अपने संबंधों को लेकर गेट्स फाउंडेशन के कर्मचारियों से माफी मांगी है, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया। उन्होंने एपस्टीन के अपराधों में भाग नहीं लिया। गेट्स ने एक बैठक में स्वीकार किया कि उनके दो रूसी महिलाओं के साथ संबंध थे, जिनका पता बाद में एपस्टीन को चला, लेकिन उनका एपस्टीन की पीड़ितों से कोई लेना-



देना नहीं था। गेट्स ने कहा कि मैंने कुछ भी अवैध नहीं किया। मैंने कुछ भी अवैध नहीं देखा। उन्होंने कहा कि ये तस्वीरें उन दोनों की मुलाकात के बाद एपस्टीन के कहने पर उसकी सहयोगियों के साथ खिचवाई गयी थीं। गेट्स ने कहा कि स्पष्ट रूप से कहूं तो, मैंने कभी पीड़ितों, यानी उनके आसपास की महिलाओं के साथ समय नहीं बिताया। उन्होंने कहा कि एपस्टीन के साथ समय बिताना मेरी बड़ी गलती थी।

## टेलीग्राम फाउंडर डुरोव ने किया खुलासा

# रूस में उन पर लगे आतंकवाद के आरोपों की जांच शुरू, बैन किया जा सकता है एप

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

टेलीग्राम मैसेजिंग एप के फाउंडर पावेल डुरोव ने मंगलवार को बताया कि रूसी सरकार ने उनके खिलाफ आपराधिक जांच शुरू कर दी है। उन पर आतंकवाद में मदद करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। डुरोव का जन्म रूस में ही हुआ था और उन्होंने अपना करियर भी वहीं से शुरू किया था।

उन्होंने मॉस्को पर आरोप लगाया कि सरकार प्राइवेसी और बोलने की आजादी को दबाना चाहती है। डुरोव का कहना है कि रूसी नागरिकों की टेलीग्राम तक



पहुंच रोकने के लिए सरकार बहाने बना रही है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, यह एक ऐसे देश का दुखद नजारा है जो अपने ही लोगों से डरता है।

बता दें, रूस की संचार संस्था 'रोसकोम्नाडजोर' ने टेलीग्राम पर रूसी कानूनों को न मानने का आरोप लगाते हुए एप को बैन करने की बात कही थी। इस फैसले से रूस में लोगों का गुस्सा भड़क गया है। हालांकि, रूसी अधिकारी इसे सुरक्षा के लिए खतरा बता रहे हैं।

## जयपुर के गणेश मंदिर में 'फाग उत्सव' की धूम



**जयपुर।** बुधवार को जयपुर के मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर में 'फाग उत्सव' के दौरान प्रार्थना कर रहे श्रद्धालुओं पर पुजारी ने फूलों की पंखुड़ियां बरसाईं। मोती डूंगरी गणेश मंदिर का इतिहास 1761 ईस्वी से जुड़ा है। जब सेठ जय राम पालीवाल ने इसे बनवाया था। मान्यता है कि मेवाड़ के राजा माधव सिंह प्रथम, जो गणेश के भक्त थे, जब उदयपुर से मूर्ति ला रहे थे, तब बैलगाड़ी मोती डूंगरी की तलहटी में रुक गई, और वहीं मंदिर की स्थापना की गई। जहाँ आज भी लाल रंग की, दाईं सूंड वाली गणेश प्रतिमा है, जिसे करीब 750-900 साल पुराना माना जाता है।

## परमाणु निरस्त्रीकरण सम्मेलन में भारत की अपील

विदेश सचिव विक्रम मिसरी बोले

# हथियारों की नई दौड़ रोके दुनिया वैश्विक सुरक्षा पर सबका हो ध्यान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने दुनिया में बढ़ती अस्थिरता और हथियारों की नई रेस को रोकने की जरूरत पर जोर दिया है। जिनेवा में निरस्त्रीकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि आज के दौर में सुरक्षा का माहौल बहुत अनिश्चित है। सैन्य खर्च बढ़ रहा है और पुराने हथियार नियंत्रण समझौते कमजोर पड़ रहे हैं। नई तकनीक से सैन्य क्षमताएं तो बढ़ रही हैं, लेकिन इससे नए खतरे भी पैदा हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि संयुक्त राष्ट्र को इन तकनीकों के सुरक्षा पर पड़ने वाले असर की जांच करनी चाहिए।



विक्रम मिसरी

### भारत 'नो-फर्स्ट यूज' नीति का पालन कर रहा

विदेश सचिव ने 'न्यू स्टार्ट' संधि के खत्म होने को वैश्विक हथियार नियंत्रण के लिए एक बड़ा झटका बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की सुरक्षा के लिए रणनीतिक स्थिरता बनाए रखना अब पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है। भारत एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति संपन्न देश है। भारत अपनी परमाणु नीति के तहत भरोसेमंद न्यूनतम प्रतिरोध बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत 'नो-फर्स्ट यूज' (परमाणु हथियार का पहले इस्तेमाल न करना) की नीति का पालन करता है। साथ ही, भारत उन देशों के खिलाफ परमाणु हथियार इस्तेमाल नहीं करेगा जिनके पास ये हथियार नहीं हैं।

### एआई के इस्तेमाल में निगरानी बहुत जरूरी

उन्होंने कहा कि सेना में एआई का इस्तेमाल जिम्मेदारी से होना चाहिए। इसमें इंसानी फैसला और निगरानी बहुत जरूरी है ताकि अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन हो सके। मिसरी ने परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए एक चरणबद्ध और भेदभाव रहित तरीके की वकालत की। उन्होंने कहा कि भारत ऐसी व्यवस्था चाहता है जिसे पूरी दुनिया माने और जिसकी सही तरीके से जांच हो सके।

## संसद को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दी ईरान को चेतावनी

# आतंक पोषित देश के पास नहीं रहने देंगे परमाणु हथियार

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल का पहला आधिकारिक 'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन किया। इस दौरान उन्होंने ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले का भी जिक्र किया। मिडनाइट हैमर ऑपरेशन के जरिए ईरान को चेतावनी दी गई।

ट्रंप ने ईरान पर 32 हजार प्रदर्शनकारियों की हत्या करने का आरोप लगाया। ट्रंप ने कहा कि मैं ईरान के साथ संघर्ष नहीं चाहता और कूटनीति के जरिए इसे सुलझाना चाहता हूं, लेकिन मैं ये नहीं चाहता कि आतंकवाद का पोषक देश के पास परमाणु हथियार हो। ट्रंप ने कहा कि ताकत से ही शांति आ सकती है। ट्रंप ने अमेरिकी सेना का रक्षा बजट बढ़ाने का भी जिक्र किया। आज देश की सेना में बड़े पैमाने पर भर्तियां हो रही हैं।

दोनों देशों के पास साझा हित हासित करने का मौका



डोनाल्ड ट्रंप



अब्बास अराघची

### ईरानी विदेश मंत्री बोले- हमें भी शांति की उम्मीद

अमेरिका की सैन्य तैयारियों और बयानबाजी के बीच ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान अमेरिका के साथ जल्द से जल्द एक न्यायसंगत और बराबरी वाला समझौता करना चाहता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के पास एक ऐतिहासिक मौका है, जिससे आपसी चिंताओं को दूर किया जा सके और साझा हितों को हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि अगर कूटनीति को प्राथमिकता दी जाए तो डील हो सकती है। अराघची ने यह बात सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखी।

### ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा

*अराघची ने कहा कि हमारे बुनियादी यकीन बिल्कुल साफ हैं, ईरान किसी भी हालत में कभी भी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा, न ही हम ईरानी अपने लोगों के लिए शांतिपूर्ण परमाणु तकनीक के फायदों का इस्तेमाल करने के अपने अधिकार को कभी छोड़ेंगे। अराघची ने कहा कि पिछले राउंड में बनी समझ के आधार पर, ईरान जिनेवा में अमेरिका के साथ बातचीत फिर से शुरू करेगा, इस पक्के इरादे के साथ कि वह कम से कम समय में एक सही और बराबर डील करेगा। दोनों देश पहले भी दो चरणों में बातचीत कर चुके हैं।*

### सीआईए ने मुखबिरों को मदद की पेशकश की

*अमेरिकी केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) ने मंगलवार को ईरान में संभावित मुखबिरों को मदद की पेशकश की और सुरक्षित रूप से संपर्क करने के तरीकों के बारे में फारसी भाषा में निर्देश दिए। फारसी, कोरियाई, रूसी और मंदारिन भाषाओं में भेजे गए भर्ती संदेशों की श्रृंखला में यह हालिया पोस्ट है जिनमें सीआईए से संपर्क करने के सुरक्षित तरीके बताए गए हैं। मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स', इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर पोस्ट किया गया फारसी भाषा का यह संदेश ऐसे समय में आया है जब अमेरिका-ईरान संबंध बेहद तनावपूर्ण हैं और ईरान की सरकार को देश में नए विरोध प्रदर्शनों का सामना करना पड़ रहा है।*

## खबर संक्षेप



### पं. शर्मा को शॉल-श्रीफल देकर किया सम्मानित

**औबेदुल्लागंज।** बुधवार को ग्राम काली तलाई में चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित पवन शर्मा ने कहा कि गुरुवार को भगवान श्रीकृष्णा का जन्मोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाए। इस अवसर पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, किसान कांग्रेस अध्यक्ष सूरजमल गौर, पंकज शर्मा मित्र मंडली ने कथा वाचक पवन शर्मा को शॉल-श्रीफल देकर आशीर्वाद लिया।

### विद्यार्थियों को 14.56 लाख तक का पैकेज




**संतनगर।** संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में जारो एजुकेशन द्वारा एमबीए और इंटीग्रेटेड एमबीए बैच के लिए कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें मैनेजमेंट ट्रेनी की प्रोफाइल के लिए 14.56 एलपीए तक का आकर्षक पैकेज ऑफर किया गया, जिसमें पुणे, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, गुरुग्राम, लखनऊ, चंडीगढ़, जयपुर, कोलकाता, कोच्चि, अहमदाबाद और इंदौर जैसे स्थान शामिल थे। प्रि-प्लेसमेंट टॉक में एचआर लीडरशिप टीम ने करियर विकास, और राष्ट्रीय स्तर के अनुभव के बारे में व्यापक जानकारी साझा की। संस्था के प्रबंधन और नेतृत्व ने संस्थान की प्लेसमेंट ड्राईव परगर्व व्यक्त किया और टीएंडपी काल के समर्पित प्रयासों की सराहना की। मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी और डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने छात्राओं के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### न्यू मार्केट में अतिक्रमण अमले ने हटाए कब्जे

**भोपाल।** नगर निगम के अतिक्रमण अमला बुधवार को देर शाम न्यू मार्केट से अस्थाई कब्जे हटाने पहुंचा। इस दौरान मार्केट में हडकंप मच गया और रोड किनारे जमे अस्थाई व्यवसाय करने वाले अपना सामान लेकर इधर-उधर भागते नजर आए, लेकिन अतिक्रमण अमले ने उन्हें रोककर सामग्री जप्त कीं। इस दौरान गारमेंटस व अन्य अस्थाई दुकानदारों से टेबल, पॉलिथीन आदि सामग्री जप्त की। अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र भदौरिया ने बताया कि लगातार बाजारों में निगम अमला एनाउसमेंट कर रहा है कि स्वेच्छा से अपना सामान रोड से हटा लें। बार-बार चेतावनी देने के बाद भी जमे लोगों को सख्ती से हटाया जा रहा है और सामग्री जप्त कर रहे हैं।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 250 | 71 | 489 |
| रात: | 229 | 35 | 113 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 488 | 06 | 240 |
| रात: | 470 | 19 | 234 |

# गुनगा में इमला चौकी के पास सेमरी गांव में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार चाची-भतीजे को मारी टक्कर, दोनों की मौत

## पुलिस ने डंपर जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित इमला चौकी के पास सेमरी गांव में बुधवार सुबह तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार चाची, भतीजे को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। हादसे के बाद चालक मौके पर डंपर छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने डंपर जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### चाची को बाइक से भोपाल लेकर आया था नारायण



पुलिस के अनुसार 65 साल की जुगती बाई गुर्जर पति मोतीलाल गुर्जर, अहमदपुर सीहोर की रहने वाली थी। उनका भतीजा नारायण गुर्जर (45) भी अहमदपुर सीहोर में रहता था। नारायण अपनी चाची जुगती बाई को बाइक से भोपाल लेकर आया था। भोपाल के अस्पताल में कोई रिश्तेदार भर्ती है।

### भोपाल से शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकले

*चाची-भतीजे ने रिश्तेदार को देखा और बाइक से रमगढ़ा बैरसिया जाने के लिए निकल गए। दरअसल, रमगढ़ा में रिश्तेदारी में शादी थी। चाची-भतीजे को शादी में शामिल होना था। दोनों बाइक से बुधवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे सेमरी गांव, इमला चौकी के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से चाची-भतीजे को गंभीर चोट आई थी।*

# मर्जी का खाना नहीं बनाने पर लैब संचालक ने लगाई फांसी

## कोलार स्थित गिरधर हाइट्स सनखेड़ी में पत्नी से विवाद के बाद युवक ने की आत्महत्या

कोलार थाना क्षेत्र स्थित गिरधर हाइट्स सनखेड़ी में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात निजी अस्पताल के लैब संचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनका पत्नी से पसंद का खाना नहीं बनाने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद वह गुस्से में घर से बाहर चले गए। देर रात घर लौटे और अपने कमरे में चादर का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार गिरधर हाइट्स सनखेड़ी कोलार निवासी पुष्पेन्द्र दोहरे पिता रामलखन दोहरे (39) निजी अस्पताल के लैब संचालक थे। परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। सोमवार रात पसंद का खाना नहीं बनाने पर पुष्पेन्द्र की पत्नी से कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद विवाद बढ़ा और पुष्पेंद्र गुस्से में घर से बाहर चले गए।

### मृतक के भाई ने जताई हत्या की आशंका

काफी इंतजार करने के बाद भी वह घर नहीं लौटे। पत्नी अपने कमरे में सोने चली गई। सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात पत्नी को देखने दूसरे कमरे में पहुंची, वहां पुष्पेन्द्र को फांसी के फंदे पर लटका देखा। फंदा काटकर पुष्पेंद्र को निजी अस्पताल ले जाया गया। पत्नी का कहना है कि उन्हें नहीं पता कि पुष्पेन्द्र कब घर लौटे और कमरे में जाकर फांसी लगा ली। दूसरी ओर मृतक के भाई आकाश ने भाई की सुनियोजित तरीके से हत्या करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि जिस चादर से फांसी लगाई गई है, वह घर की चादर नहीं है।

## गोविंदपुरा भेल स्पोर्ट्स क्लब के पास जंगल में युवक की हत्या का खुलासा

# जंगल में ले गई प्रेमिका, फिर दूसरे प्रेमी के साथ मिलकर उतारा था मौत के घाट

**» डेढ़ साल से संपर्क में थी आरोपी महिला, युवक की प्रताड़ना से थी परेशान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शारीरिक संबंध बनाने का झांसा देकर युवक को जंगल में लेकर पहुंची महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। चार बच्चों की मां के करीब डेढ़ साल से युवक से अवैध संबंध थे। जब उसे पता चला कि युवक का कहीं और प्रेम प्रसंग चलने लगा है तो उसने नए प्रेमी के साथ मिलकर युवक की हत्या की साजिश रच दी। वे भेल स्पोर्ट्स क्लब के पास जंगल में लेकर पहुंची और वहां दूसरे प्रेमी के साथ मिलकर युवक को मौत के घाट उतार दिया। गोविंदपुरा पुलिस ने भेल स्पोर्टस क्लब के पास जंगल में हुई युवक की हत्या का खुलासा करते हुए उसकी प्रेमिका और प्रेमिका के दूसरे प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

एसीपी गोविंदपुरा अदिती भावसार ने बताया कि 21 फरवरी की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले कुछ लोगों ने भेल स्पोर्ट्स क्लब के पास जंगल में युवक का शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के पास ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला था, जिससे की उसकी पहचान की जा सके। पुलिस ने मृतक का हुलिया सोशल मीडिया पर वायरल किया। इस दौरान मृतक की पहचान ताराचंद पटेल (46) निवासी मंडीदीप के रूप में की गई। ताराचंद मजदूरी करता था।




पुलिस की गिरफ्त में आरोपी महिला व उसका प्रेमी।

### डेढ़ साल से थे अवैध संबंध

शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने मृतक के परिजन से संपर्क किया। परिजन ने बताया कि ताराचंद के जहांगीराबाद में रहने वाली 32 साल की रानी अहिरवार से अवैध संबंध थे। पुलिस ने रानी अहिरवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। रानी ने अपने साथी कृष्णपाल यादव (35) के साथ हत्या करने की बात स्वीकार ली।

### महिला ने दूसरे प्रेमी के साथ रचि साजिश

रानी अहिरवार ने पुलिस को बताया कि ताराचंद से उसके डेढ़ साल से संबंध थे। वह उसे पैसे देता था और घरेलू सामान खरीदकर देता था। लेकिन ताराचंद उसे प्रताड़ित करता था। वह कहीं भी गालीगलौज करने लगता था और बच्चों की मौजूदगी में शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाता था। उसकी हरकतों से वह परेशान हो गई थी। इसी बीच उसकी दोस्ती प्राइवेट सिक्यौरिटी गार्ड कृष्णपाल से शुरू हो गई। कृष्णपाल को उसने ताराचंद के बारे में बताया। इसके बाद कृष्णपाल के साथ ताराचंद की हत्या की साजिश रच दी।

### » ताराचंद की बाइक से गए थे आरोपी

साजिश के तहत रानी ने ताराचंद पटेल 20 को जिंसी चौराहा बुलाया। ताराचंद की बाइक से प्रभात चौराहा पहुंची और कृष्णपाल यादव से मिलवाया और ताराचंद को बताया कि यह भेल स्पोर्टस क्लब में सिक्यौरिटी गार्ड है। उसे सुनसान जगह का पता है हम वहीं चलते हैं। तीनों भेल स्पोर्ट्स क्लब के जंगल में रात करीब साढ़े 9 बजे पहुंचे। योजना के तहत ताराचंद रानी से शारीरिक संबंध बनाने लगा। इसी बीच कृष्णपाल ने ताराचंद के सिर में डंडे से हमला कर दिया। इससे वह बेसुध हो गया। इसके बाद चाकू से रानी और कृष्णपाल ने ताराचंद की हत्या कर दी।

## सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल

# युवक पर जानलेवा हमला करने वाले 5 आरोपी दबोचे

**अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित भीम नगर का मामला**

**प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश की में जुटी पुलिस टीम**



पुलिस थाने में गिरफ्तार पांच आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित भीम नगर में चार नल के पास युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आधा दर्जन बदमाशों में पांच बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक से मारपीट करते हुए जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों का एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है।

वीडियो में दिख रहा है कि आधा दर्जन से अधिक बदमाश रॉड, डंडा से युवक पर ताबड़तोड़ हमला कर रहे है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### रॉड, चाकू और पत्थर से हमला किया था

पुलिस के अनुसार हनुमान मंदिर के पास भीम नगर निवासी सौरभ विश्वकर्मा (25) आरओ सुधारने का काम करता है। गत 22 फरवरी की शाम करीब साढ़े 7 बजे वह अपने साथी रावेंद्र सेन के साथ मोहल्ले में चार नल के पास खड़ा था। इसी दौरान अक्कू उर्फ आकाश और विशाल चपटी अपने आधा दर्जन दोस्तों के साथ पहुंच गया। पहुंचते ही उसने रॉड, डंडे और चाकू से हमला कर दिया। मारपीट में रावेंद्र सेन द्वारा बीच बचाव किया गया तो बदमाशों ने उससे भी मारपीट की थी। रॉड, डंडे पत्थर सहित चाकू से हमला होने के कारण सौरभ विश्वकर्मा को गंभीर चोट आई थी। जबकि बीच बचाव में रावेंद्र को भी चोट आई है। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सौरभ की शिकायत पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करते हुए शिवम यादव, दीपक पाल, दीपक राठौर, विशाल सूर्यवंशी और आकाश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। हमले की वजह वर्चस्व की लड़ाई और पुरानी रंजिश की बात सामने आई है।

# खेत पर काम कर रहे किसान ने जहर खाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव रायपुर में मंगलवार दोपहर खेत पर काम कर किसान ने सल्फास की गोली खा ली। घटना के समय खेत पर परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां रात करीब पौने दस बजे इलाज के दौरान किसान की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन के बयान नहीं हो सके हैं। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि पत्नी से उसका विवाद चल रहा था और पत्नी इन दिनों बच्चों के साथ मायके में है। पुलिस ने बताया कि गोलू साहू हुकुचंद साहू (28) गांव रायपुर, ईंटखेड़ी में रहता था। उसके पिता का गांव में खेत है। मंगलवार दोपहर वह भाई और पिता सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ खेत पर काम कर रहा था। दोपहर करीब एक बजे के आसपास उसने खेत में सल्फास की गोली खा ली। उसे पिता ने बेसुध पड़ा देखा था।

## जनप्रतिनिधियों ने फोटो जारी कर क्षेत्र से भेदभाव का लगाया आरोप

# वार्ड 14 में गंदगी के लगे ढेर आने-जाने में हो रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वार्ड 14 में नगर परिषद के स्वच्छता एम्बेसडर, भाजपा नेता पुरुषोत्तम शर्मा एवं हिंदू उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक जायसवाल, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, दिनेश सेन, आकाश जैन, सोनू पंजाबी, कृष्ण नरवरिया आदि ने वार्ड के गंदगी के फोटो जारी कर रोष व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि वार्ड 14 से सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है। स्वच्छता पर कोई ध्यान नहीं और न ही वार्ड वासियों की सुनवाई हो रही है। गंदा पानी निकालने की कोई व्यवस्था नहीं है। गलियों में आने-जाने में परेशानी होती है। नगर परिषद में साढ़े तीन साल में करीब 2500 बार आवेदन दिए एवं मौखिक शिकायत की, इसके बावजूद न कोई सुनने वाला और न कोई देखने वाला है। वार्ड 14 के निवासियों ने सीएमओ किरण रहंगडाले से कहा कि एक बार वार्ड 14 की दुर्दशा देख जाओ। समस्याओं को हल कराएं।



गली में गंदा पानी भरा है।

### विशेष राजस्व शिविरों में निगम को मिला 10 करोड़ रुपए राजस्व

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा संपत्ति कर, जल उपभोक्ता प्रभार, ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन प्रभार, लीज रेंट सहित अन्य करों व शुल्कों की वसूली को लेकर बुधवार को विशेष राजस्व वसूली शिविर लगाए गए। इसमें करदाताओं से विभिन्न मदों में 10 करोड़ 3 लाख 61 हजार 90 रूपए से ज्यादा की राशि निगम कोष में जमा कराई गई। वसूली अमले ने करदाताओं से संपर्क के साथ ही मोबाइल व अन्य माध्यमों से विशेष राजस्व वसूली शिविरों के आयोजन के संबंध में जानकारी दी। सभी 21 जोनों के 85 वार्ड क्षेत्रों में आयोजित शिविरों में संपत्तिकर के 782 करदाताओं ने 65 लाख 63 हजार 626 रूपए, जल उपभोक्ता प्रभार के 403 उपभोक्ताओं ने 16 लाख 58 हजार 362 रूपए व अन्य मदों में 21 लाख 39 हजार 102 रूपए की राशि निगम कोष में जमा कराई।

## साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# वार्षिक महोत्सव यूफोरिया में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा




सांस्कृतिक प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं।

**गायन, नृत्य, फैशन शो रंगोली और कविता प्रतियोगिता ने बांधा समां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय में वार्षिक महोत्सव यूफोरिया का समापन समारोह आयोजित हुआ। साधु वासवानी एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष दयालदास डेटानी, महासचिव राजेंद्र मनमानी व पदाधिकारियों ने महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एके सिंह व एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. डीके दुबे, डॉ. सुमन मालिक, डॉ. बीडी पांडे वाणिज्य विभागाध्यक्ष ने कार्यक्रम की शुरुआत की।

यूफोरिया में 5 फरवरी से 25 फरवरी तक निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, केश सज्जा, सलाद सज्जा, मेंहदी, रंगोली, कविता पाठ, प्रश्नमंच, गायन, नृत्य, फैशन शो और रील मेकिंग प्रतियोगिताएं हुई। प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका खुशबू आडवाणी, रिया ठाकुर, पिंकी वाधवानी, नैना मुलानी व मुस्कान डेटानी ने निभाई। सोसाइटी के अध्यक्ष दयालदास डेटानी प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने बताया कि यूफोरिया छात्रों विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति अपनी रूचि बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

## लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ नई डिजिटल तकनीकी से हुए रूबरू, जवानों को किया प्रोत्साहित

# सैन्य कमांडर ने ड्रोन, एल्गोरिथ्मिक युद्ध क्षमताओं, नई पीढ़ी के प्रशिक्षण उपक्रम को परखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, दक्षिणी कमान ने भोपाल प्रवास के दौरान सुदर्शन चक्र कोर की परिचालन एवं प्रशासनिक तैयारियों की व्यापक समीक्षा की।

सेना कमांडर ने मिशन तत्परता, नई पीढ़ी के प्रशिक्षण उपक्रम, ड्रोन एवं एल्गोरिथ्मिक युद्ध क्षमताओं, विकसित हो रहे संगठनात्मक ढांचे, एआई-सक्षम बल संरचना तथा आधारभूत संरचना आधुनिकीकरण का मूल्यांकन किया। उन्हें भारतीय सेना के 'ईयर ऑफ नेटवर्किंग एंड डेटा सेंट्रिसिटी' के अनुरूप तीव्र तकनीकी समावेशन की रूपरेखा से अवगत कराया गया।

**खास बातें**

- सुदर्शन चक्र कोर की परिचालन एवं प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की
- सुदर्शन चक्र एडवांस्ड ड्रोन वारफेयर स्कूल मिलिट्री-सिविल फ्यूजन नोड का दौरा किया



उपकरणों का निरीक्षण करते लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ।

### 3 ईएमई सेंटर में अग्निवीरों से संवाद

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने सुदर्शन चक्र एडवांस्ड ड्रोन वारफेयर स्कूल का भी दौरा किया। भोपाल स्थित दक्षिणी कमान के मिलिट्री-सिविल फ्यूजन नोड का भी जायजा लिया, जहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसफ) के 50 कार्मिकों के लिए हवाई अड्डा सुरक्षा एवं आकस्मिक प्रतिक्रिया पर केंद्रित दो सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण कैप्सूल संचालित किया जा रहा है। सेना कमांडर ने परिष्कृत टैक्टिक्स, टेक्नीक्स एवं प्रोसीजर्स का प्रत्यक्ष प्रदर्शन देखा तथा प्रदर्शित उच्च स्तर की पेशेवर दक्षता एवं संयुक्तता की सराहना की। उन्होंने पूर्व सैनिकों से संवाद किया तथा राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान के लिए विशिष्ट उपलब्धि प्राप्तकर्ताओं को 'वेटरन अचीवर्स अवॉर्ड' से सम्मानित किया। 3 ईएमई सेंटर के दौरे के दौरान उन्होंने अग्निवीरों से संवाद किया तथा उनकी मानसिक दृढ़ता एवं शारीरिक सुदृढ़ता की सराहना की।

# नौ देवियों और शिव परिवार का भक्तों ने कराया सहस्त्र स्नान

## श्रीमद भागवत कथा में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नव देवी हनुमंत लाल शिव परिवार भव्य प्राण प्रतिष्ठा शिव शक्ति लघु रुद्र यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में बुधवार को नौ देवियों व शिव परिवार का सहस्त्र स्नान कराया गया। कथा में विशेष रूप से पंडित यज्ञाचार्य आशीष व्यास, पंडित राजेंद्र प्रसाद शास्त्री उपस्थित रहे। कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कथा सुनकर श्रोता नाचने लगे।

गुरुवार को खेड़ापति माता मंदिर में नव निर्मित नव देवियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। संरक्षक




रामकिशोर शर्मा, व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर, रामेश्वर नागर, योगेश तिवारी, भाजपा नेता जयप्रकाश शर्मा, डॉ माखन नागर, पूर्व पार्षद उमेश नागर, बद्री नागर, जेपी मिश्रा, सुरेंद्र नागर, रवि नागर, सपना रैकवार, सुशील नायडू, वीरेंद्र नागर आदि आयोजन में शामिल हुए।

## मध्यप्रदेश की एकमात्र फिल्म 'द टेम्पल्स ऑफ आशापुरी' जो आईएफएफसीटी में होगी प्रदर्शित

# मुंबई में आयोजित तीन दिवसीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित होगी डॉ. सुधीर आजाद की फिल्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के लेखक, शायर एवं फिल्मकार डॉ. सुधीर आजाद की डॉक्यूमेंट्री फिल्म द टेम्पल्स ऑफ आशापुरी का चयन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक पर्यटन फिल्म महोत्सव के लिए हुआ है। यह फिल्म आगामी 5 से 7 मार्च तक आयोजित होने वाले समारोह में प्रदर्शित की जाएगी। विशेष बात यह है कि महोत्सव में यह मध्यप्रदेश की एकमात्र फिल्म है, जिसे इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर चयनित किया गया है और जो प्रदेश के स्थापत्य वैभव तथा ऐतिहासिक गौरव को वैश्विक दर्शकों के सामने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करेगी। लगभग पांच मिनट की अवधि वाली इस लघु डॉक्यूमेंट्री में आशापुरी की ऐतिहासिक गरिमा, स्थापत्य वैभव और वर्तमान स्थितियों को प्रभावशाली दृश्य भाषा में अभिव्यक्त किया गया है। फिल्म का निर्माण 'सुधीर आजाद फिल्म प्रोडक्शन एवं बोल' के बैनर तले हुआ है। सीमित समय में गहन शोध और कलात्मक प्रस्तुति के माध्यम से फिल्म आशापुरी की सांस्कृतिक आत्मा को स्पर्श करती है।





### देशभर से 30 फिल्मों का हुआ चयन

डॉ. आजाद ने बताया कि महोत्सव के लिए देशभर से बड़ी संख्या में प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं, जिनमें से केवल 30 फिल्मों का चयन स्क्रीनिंग हेतु किया गया है। ये फिल्में विश्व की विविध सांस्कृतिक परंपराओं और धरोहरों को रचनात्मक दृष्टि से प्रस्तुत करती हैं। समारोह में विभिन्न देशों के फिल्मकार, सांस्कृतिक विशेषज्ञ और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### फीचर डॉक्यूमेंट्री कर रहे तैयार

डॉ. आजाद ने बताया कि वे आशापुरी पर एक विस्तृत फीचर डॉक्यूमेंट्री के निर्माण में भी जुटे हैं, जिसमें इतिहास, लोकआस्थाओं और समकालीन सामाजिक संदर्भों को व्यापक परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत किया जाएगा। उनका मानना है कि यदि संरक्षण और समुचित प्रचार हो, तो आशापुरी जैसे स्थल सांस्कृतिक पर्यटन के महत्वपूर्ण केंद्र बन सकते हैं।


डॉ. सुधीर आजाद

## खबर संक्षेप

### एमपी बना फिल्मकारों की पहली पसंद, अरबाज बोले- टूरिज्म बोर्ड का मिला बेहतरीन सहयोग



**भोपाल।** फिल्म अभिनेता एवं निर्माता अरबाज खान हाल ही में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने सचिव पर्यटन और प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैया राजा टी से भेंट की। इस दौरान मध्य प्रदेश में फिल्म निर्माण को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। अरबाज ने प्रदेश में शूटिंग के दौरान मिले प्रशासनिक सहयोग और फिल्म सुविधा प्रकोष्ठ के समन्वय की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उनके निर्माण संस्थान की मध्य प्रदेश में दूसरी फिल्म की मुख्य शूटिंग पूरी हो चुकी है और फिल्म अंतिम चरण में है। इससे पहले उनके बैनर तले बनी फिल्म पटना शुक्ला की शूटिंग भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर की गई थी। बैठक के दौरान मध्य प्रदेश की फिल्म नीति पर भी चर्चा हुई। इस दौरान बताया गया कि प्रदेश में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने के लिए अनुमति प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। अरबाज खान ने कहा कि अनुकूल वातावरण, बेहतर व्यवस्थाएं और सकारात्मक प्रशासनिक सहयोग के कारण मध्य प्रदेश फिल्मकारों की पहली पसंद बनता जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में वे नई फिल्मों की शूटिंग मध्य प्रदेश में करेंगे।

### डॉ. नेहल शाह को राष्ट्रीय साहित्य सम्मान




**भोपाल।** बीएमएचआरसी की फिजियोथैरेपिस्ट और युवा कवियत्री डॉ. नेहल शाह को उनकी पहली कविता पुस्तक 'और इन सब के बीच' के लिए वर्ष 2024-25 का स्व. अर्जुनराम सुथार स्मृति प्रथम प्रकाशित पुस्तक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान भाषा, साहित्य, संस्कृति, कला एवं सामाजिक जागरण को समर्पित राजस्थान की प्रतिष्ठित संस्था विविधा द्वारा दिया जा रहा है। संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. एनके सोमानी ने बतायाा कि बताया कि देशभर के विभिन्न साहित्यकारों को विभिन्न विधाओं में सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया है। डॉ. नेहल शाह को उनकी प्रथम प्रकाशित कृति के लिए चयनित किया गया है। पुरस्कार राशि, स्मृति चिह्न, प्रमाण-पत्र, श्रीफल एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह मार्च के अंत में आयोजित किया जाएगा। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने डॉ. नेहल शाह को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत रचनात्मक प्रयासों की पहचान है, बल्कि बीएमएचआरसी परिवार के लिए भी गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि संस्थान में कार्यरत प्रतिभाओं की बहुआयामी उपलब्धियां प्रेरणादायक है।

### राष्ट्रीय कथा सम्मान से सम्मानित रचनाकारों ने किया रचना पाठ

# वनमाली कथा सम्मान में दिखा साहित्य संवाद और रंगमंच का जीवंत समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तीन दिवसीय वनमाली कथा सम्मान समारोह के दूसरे दिन प्रथम सत्र में सम्मानित रचनाकारों का रचना पाठ किया। ज्ञानपीठ से सम्मानित वरिष्ठ रचनाकार प्रतिभा राय की अध्यक्षता और राजेन्द्र प्रसाद मिश्र तथा संतोष चौबे के सान्निध्य में आयोजित इस सत्र में मृदुला गर्ग, अलका सरावगी ने रचना पाठ किया।

ज्ञानपीठ सम्मान से सम्मानित उड़िया की वरिष्ठ रचनाकार प्रतिभा राय की चर्चित कहानी 'ट्रॉली वाली' का हिंदी अनुवाद पाठ वरिष्ठ रचनाकार राजेन्द्र प्रसाद मिश्र द्वारा किया गया। वनमाली कथाशीर्ष सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ कथाकार मृदुला गर्ग ने अपने नए उपन्यास 'वे नायाब पर्दे' से जर्मनी पर केंद्रित अंश का बहुत ही भावपूर्ण पाठ किया। राष्ट्रीय वनमाली कथा सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार अलका सरावगी ने अपने नवीन उपन्यास कलकत्ता कॉस्मोपोलिटन दिल और दरारें से एक अंश का बहुत ही संवेदात्मक पाठ किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में डिजिटल युग में साहित्य की बदलती प्रासंगिकताओं पर अंजुम शर्मा का विद्यार्थियों से संवाद भी आयोजित किया।


कार्यक्रम में मृदुला गर्ग की पुस्तक का लोकार्पण करते अतिथि।

### छात्रों ने रंग-संगीत से सजाई वनमाली समारोह की संध्या

तीसरे सत्र में टैगोर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंग-संगीत की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत विभिन्न नाटकों से लिए गए गीतों की प्रस्तुति से हुई, जिनमें बहुत सुंदर लगेगा सूर्य, हाय रे कैसा ये अंधेर, ज्ञान नहीं हो सकता बंदी, पानी नहीं है गांव में, चलो रे नर्मदा धाम और हो नदिया नीर से भरी जैसे गीतों ने सामाजिक सरोकार, प्रकृति संवेदना और मानवीय संघर्ष के विविध रंगों को साकार किया।


कार्यक्रम में संगीत की प्रस्तुति देते हुए टैगोर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के विद्यार्थी

### 'मगर शेक्सपियर को याद रखना' ने छोड़ी गहरी संवेदनात्मक छाप

समारोह की अंतिम प्रस्तुति के रूप में रंगशीर्ष नाट्य समूह, भोपाल द्वारा लेखक, साहित्यकार एवं कथाकार संतोष चौबे की चर्चित कहानी 'मगर शेक्सपियर को याद रखना' का प्रभावशाली नाट्य मंचन किया गया। संजय मेहता द्वारा निर्देशित इस प्रस्तुति ने रंगमंच के संवेदनात्मक और जटिल मानवीय पक्षों को अत्यंत आत्मीयता के साथ दर्शकों के सामने रखा। नाटक का नायक कार्तिक रायपुर में एक सम्मेलन के दौरान नाट्य प्रस्तुति आयोजित करने की योजना बनाता है। अनेक विकल्पों के बीच वरिष्ठ नाट्यकर्मी इरफान अहमद साहब को आमंत्रित करने का निर्णय लिया जाता है, जिनके व्यक्तित्व को लेकर उनकी प्रतिभा के साथ-साथ उनके कठोर और अव्यवहारिक स्वभाव की चचाएं भी सामने आती हैं। यात्रा के दौरान कार्तिक और इरफान साहब के बीच विकसित आत्मीय संवाद उनके प्रति कार्तिक के मन में गहरी सम्मान भावना उत्पन्न करता है, किंतु रायपुर पहुंचने पर प्रस्तुति के दौरान इरफान साहब का कठोर व्यवहार और व्यवस्थाओं को लेकर उनकी खिन्नता कार्तिक को आहत कर देती है। फिर इरफान साहब के समूह द्वारा शेक्सपियर के ए मिडसमर नाइट्स ड्रीम का अद्भुत मंचन किया जाता है जिसकी दर्शक भी सराहना करते हैं।

### सच, संवेदना और साहस की लेखिका मृदुला गर्ग से हरिभूमि की खास बातचीत

# मैंने सच लिखने की कीमत भी चुकाई, पर कलम नहीं रोकी..




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

जब मुझ पर प्रतिबंध लगाया गया, तो ऊपरी तौर पर अश्लीलता के लिए लगाया गया था। प्रतिबंध इसलिए लगाया जाता है ताकि आप सोच न सकें। किसी लेखक पर उसके लेखन के कारण प्रतिबंध नहीं लगाया जाता। हम दूसरों को सोचने से रोकना चाहते हैं इसलिए प्रतिबंध लगाया जाता है, क्योंकि मैंने 1979 में प्रेम, कामुकता और विवाह से इतर संबंधों को चित्रित करती पुस्तक 'चित्तकोबरा' लिखी और उस वक्त इस पुस्तक पर प्रतिबंध लगाया, और इस उपन्यास के लिए 1982 में मुझे गिरफ्तार भी किया गया था..... लेकिन क्या मैंने गलत लिखा था, नहीं... वास्तविकता लिखी थी और वास्तविकता सभी को हजम नहीं होती... यह कहना है व्यास सम्मान से सम्मानित चित्तकोबरा, उसके हिस्से की धूप, कठगुलाब, मिलजुल मन, अनित्य और मैं और मैं जैसी करीब तीन दर्जन से अधिक पुस्तकों की लेखिका वरिष्ठ साहित्यकार मृदुला गर्ग का। जो एक निजी सम्मान कार्यक्रम में भोपाल आईं और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने साहित्य से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा की।

#### 'चित्तकोबरा' आज के सामज का वास्तविक दर्पण

मृदुला ने कहा कि चित्तकोबरा को यदि आप आज पढ़ें तो लगेगा कि यह आज के समाज का वास्तविक आईना है, क्योंकि साहित्यकार समाज का दर्पण है और एक प्रकार से साहित्यकार समाज के आईने को ही पाठकों के समक्ष लाता है, लेकिन उस दौर में लोगों को लगा कि मैंने मानों कोई पाप कर दिया, लेकिन अब लोग इस पुस्तक की एक एक बात को सही मान रहे हैं, लेकिन यह बात उस दौर में भी सही थी।

#### अब राजनीतिक असहमति पर अधिक प्रतिबंध लग रहा है

अब स्थिति यह है कि ध्यान यौनिकता से हटकर राजनीतिक असहमति पर केंद्रित हो गया है। अब राजनीतिक असहमति पर अधिक प्रतिबंध लग रहा है और यह केवल लेखकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पत्रकारों, कार्टूनिस्टों, स्तंभकारों, सभी पर प्रतिबंध लग रहा है। हर कोई प्रतिबंध की चपेट में आ रहा है। इसलिए, मुझे लगता है कि हालात 50 साल पहले की तुलना में कहीं ज्यादा खराब हैं, जब मुझे मेरे अपराध के लिए गिरफ्तार किया गया था।

#### मेरी गिरफ्तारी से न मुझे डर लगा, न ही मेरे लेखन पर प्रभाव पड़ा

मेरी गिरफ्तारी ने मेरे सोचने, काम करने और लिखने के तरीके को कभी प्रभावित नहीं किया, दरअसल, जब मुझे गिरफ्तार किया गया, तब मैं अपने अगले उपन्यास, को लिख रही थी। मैंने उसे लिखना जारी रखा और वह अगले साल प्रकाशित हुआ। इसलिए, इससे मुझे डर नहीं लगा, न ही मेरे लेखन पर कोई असर पड़ा। लेकिन अन्य महिला लेखिकाओं का कहना है कि उन पर इसका असर पड़ा था।

### सस्टेनेबल तरीके से तैयार हुई कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर की बगिया

# बसंत आ गया है......

बसंत ने सजाया कुशाभाऊ ठाकरे सेंटर का आंगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बसंत मौसम होता है रंगों की बहार का.....प्रकृति में हर तरफ रंग बिरंगे फूल और हरियाली अपने चरम पर होती है। अगर आप भी रंग बिरंगे फूलों, महसूस करना चाहते हैं तो यह बसंत-बहार का मौसम आपके दिल-दिमाग़ और रूह को तरोताज़ा कर देगा। इसके लिए आपको कहीं बहुत दूर जाने की ज़रूरत नहीं है......बस आपको आना होगा कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, भोपाल। भोपाल के छोटा तालाब के क़रीब ही बने इस गार्डन में इन दिनों रंग-बिरंगे और खुशबूदार फूलों की बहार है। जिरेनियम ऑर्नामेंटल पॉपी, कैलेंड्यूला, होली हॉक, जरबेरा, सनफ्लॉवर, पिटूनिया वरबीना, गुलाब, लास्पर और कई किस्मों के फूल सेंटर की बगिया को चार चांद लगा रहे हैं। गार्डन में दाखिल होते ही आपको फूलों के रंग अपनी और खींचेंगे और इनकी महकती खुशबू आपपर ऐसा असर करेगी कि आप वाह! कहे बिना नहीं रह सकेंगे। यह जानकारी डॉ.कृपाल सिंह वर्मा,सहायक निदेशक (उद्यानिकी), म. प्र.राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा दी गई है।

#### एक दर्जन से अधिक बागबानों की मेहनत से बना गार्डन

उन्होंने बताया कि इस गार्डन में एक तरफ गेंदे के अलग-अलग तरह के फूल लगाए गए हैं, तो एक तरफ गुलाबों की बगिया गुलाबी, लाल, सफेद, पीले, नारंगी, नीले और मरून रंग के गुलाबों से भरी पड़ी है। अशोक के लंबे पेड़ों के नीचे सितारों के आकार में बनी क्यारी में डेंथस , पिटुनिया और जरबेरा जैसे फूलों से भरी हुई है। फूल और हरी भरी घास से भरा ये कन्वेंशन सेंटर गार्डन यूं ही अचानक इतने फूलों से नहीं भर गया है, बल्की इसके पीछे लगी है एक दर्जन से अधिक बागबानों की मेहनत।

#### डहेलिया, कॉस्मोस, साल्विया जैसे 30 से अधिक पौधे लगाए

इन फूलों के पौधे लगाए जाने से पहले मिट्टी को ख़ास तरीके से तैयार किया गया है जो जीता जागता उदाहरण है सस्टेनेबल टूरिज्म का.......क्यारी की मिट्टी को तैयार किया गया है कचरे की खाद से.....दरअसल, पेड़ों के पत्ते, काटने के बाद इकट्ठा हुई सूखी घास और अन्य कचरे को एग्रो बैग में इकट्ठा कर कई दिनों तक सड़ने दिया गया। इसके बाद तैयार हुई इस खाद को क्यारी की मिट्टी में मिला दिया गया। डहेलिया, कॉस्मोस, साल्विया, डाइऐन्थस, गेलार्डिया, केन्डीटफ, गजानिया, इंटरेनियम और अन्य फूलों को मिलाकर कुल 30 प्रकार के फूल सेंटर के गार्डन में लगाए गए हैं।

### मानव-प्रकृति एवं मानव-पशु के मध्य द्वैत संबंधों पर डाला प्रकाश

## भारत के पवित्र वन विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ


कार्यशाला के दौरान उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'पवित्र वनः जैव-सांस्कृतिक विरासत एवं सतत संरक्षण के भंडार' विषय पर मानव संग्रहालय में तीन दिनी कार्यशाला का शुभारंभ बुधवार से हुआ। संग्रहालय निदेशक प्रो. अमिताभ पांडेय ने सभी का स्वागत किया। प्रो. केके मिश्रा ने संरक्षण सिमोन वेल के 'नीड फॉर रूट्स सिद्धांत', आदिवासी ग्रामों की आस्था प्रणाली तथा मानव-प्रकृति एवं मानव-पशु के द्वैत संबंधों पर प्रकाश डाला।

### 45 जिलों के 260 विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों में आयोजित होंगे कार्यक्रम

## 41वां मप्र युवा वैज्ञानिक सम्मेलन आज से 28 फरवरी तक भोपाल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के युवा वैज्ञानिकों को शोध के क्षेत्र में प्रोत्साहन एवं उचित मंच प्रदान करने मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद प्रतिवर्ष युवा वैज्ञानिक कांग्रेस का आयोजन करती है। इस वर्ष 41वां युवा वैज्ञानिक सम्मेलन 26-28 फरवरी तक मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् किया जा रहा है।

36वीं युवा वैज्ञानिक कांग्रेस के दौरान चिन्हित 17 विषयों में 278 शोधपत्रों का प्रस्तुतीकरण होगा व चुने हुए युवा वैज्ञानिकों को पुरस्कार राशि 25,000/-, 20,000/- एवं 15,000/- क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हेतु प्रदान की जाएगी।


होटल पलाश में सम्मेलन की जानकारी देते महानिदेशक मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद डॉ. अनिल कोठारी व अन्य।

#### 28 को रवींद्र भवन में कार्यक्रम

उन्होंने बताया कि इसी क्रम में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का मुख्य कार्यक्रम रवींद्र भवन में 28 फरवरी को किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के 45 जिलों में 260 विद्यालयों, महाविद्यालयी, विवि एवं वैज्ञानिक संस्थानों के माध्यम से व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें 41वें युवा वैज्ञानिक सम्मेलन के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे।

### कथक, ओडिसी एवं मणिपुरी नृत्य शैलियों से सजा 52वां अंतर्राष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह

# नृत्य के साथ चित्र, शिल्प, संवाद एवं विचारों का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजुराहो नृत्य समारोह के 52वें संस्करण में नये कलेवर में नजर आ रहा है, जो केवल नृत्य समारोह नहीं, बल्कि भारतीय परम्पराओं एवं संस्कृति का विराट समागम बन गया है। जहां नृत्य ही नहीं, बल्कि चित्र, शिल्प, संवाद और विचारों पर केन्द्रित गतिविधियां पूरे दिन होती है। बुधवार को सायंकालीन मुख्य प्रस्तुतियों में कथक, ओडिसी एवं मणिपुरी नृत्य की प्रस्तुतियां हुई।



#### तिहाईयों में प्रकृति के मनमोहक दृश्यों को दर्शाया

प्रस्तुतियों का मंगलारंभ शाश्वती सेन, दिल्ली के कथक नृत्य के साथ हुआ। उन्होंने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत लय के साथ की, ठाठ के साथ जहां नायिका द्वारा प्रियतम के इंतजार का सुंदर दृश्य प्रस्तुत किया, वहीं तिहाईयों में प्रकृति के मनमोहक दृश्यों को आकर्षक ढंग से दर्शाया।

#### भगवान शिव को नृत्य से दी पुष्पांजली

अगली प्रस्तुति मोहंती, भुवनेश्वर की ओडिसी नृत्य की थी। उन्होंने ईश्वर की वंदना स्वरूप नृत्य के निर्माता भगवान शिव को नृत्य के माध्यम से पुष्पांजली अर्पित की।



#### नयनसखी देवी ने दी मणिपुरी नृत्य की प्रस्तुति

अगले क्रम में संगीत नाटक अकादमी अवार्डी नयनसखी देवी, मणिपुर का मणिपुरी नृत्य हुआ। उनकी प्रस्तुति का शीर्षक नाचोम था। नाचोम का अर्थ है यह मणिपुर की मैतेई महिलाओं द्वारा कान के पीछे या केशों में धारण किया जाने वाला विभिन्न पुष्पों से निर्मित छोटा पुष्प-गुच्छ अथवा पुष्पाभूषण है।



डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# केमिकल कलर्स से जब हो स्किन प्रॉब्लम



**मेरी उम्र 28 वर्ष है। पिछले साल होली में रंग-गुलाल खेलने के बाद मेरी स्किन पर दाने और रैशेज हो गए थे। कृपया कोई ऐसा उपाय बताएं, जिससे इस बार ऐसी प्रॉब्लम न हो।**

**-सौरभ, हिसार**

बाजार में तरह-तरह के केमिकल वाले रंग भी मिलते हैं। कई बार लोग इनका इस्तेमाल करते हैं। इसलिए इनके इस्तेमाल से खुद भी बचें और दूसरों को भी जागरूक करें। साथ ही रंग खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल का तेल या मॉयश्चराइजर लगा लें। नारियल तेल ज्यादा बेहतर रहेगा। साथ ही केवल हर्बल कलर का इस्तेमाल करें। एक ही बार मे रंग छुड़ाने की कोशिश ना करें। कई लोग एक ही बार में पूरा रंग छुड़ाने के लिए कई बार साबुन लगाते रहते हैं। ऐसा न करें। अगर थोड़ा हल्का भी हो जाए तो अगले दिन उतर जाएगा। इस तरह त्वचा को बचाया जा सकता है।

**मेरी उम्र 23 वर्ष है। अभी से ही मेरे सिर के आधे से अधिक बाल सफेद हो गए हैं। कृपया बताएं कि इसकी क्या वजह है और इसे कैसे ठीक किया जा सकता है?**

**-विकास, दुर्ग**

आजकल यंगस्टर्स में यह समस्या काफी देखी जा रही है। सबसे पहले आप बाजार में उपलब्ध तरह-तरह के शैंपू का बदल-बदल कर इस्तेमाल करना बंद करें। साथ ही एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें, वे आपको कुछ शैंपू और साबुन बताएंगे, उनका इस्तेमाल करें और जरूरत पड़ी तो कुछ जांच कराएंगे। बगैर जांच करवाए कोई उपचार नहीं बताया जा सकता है।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। अकसर सुबह के समय मेरी आंखों के नीचे और चेहरे पर सूजन सी लगती है। कुछ देर बाद खुद ही नॉर्मल हो जाता है। यह किसी बीमारी का संकेत तो नहीं, कृपया बताएं।**

**-एक पाठक, ई-मेल से**

आंखों के नीचे सूजन आना कई बार शुगर बढ़ने के लक्षण भी होते हैं। लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। सबसे पहले आप डॉक्टर से संपर्क कर शुगर की जांच कराएं। अगर वह रिपोर्ट नॉर्मल निकलती है तो फिर डॉक्टर और भी जांच कराएंगे, जिससे कारण पता चलेगा और इलाज हो सकेगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। मुझे दिन भर मीठा खाने की क्रेविंग होती रहती है। प्लीज बताएं इससे मुझे डायबिटीज तो नहीं हो जाएगी? अपनी इस हैबिट को छोड़ने के लिए क्या उपाय करूं?**

**-कल्पेश, रायपुर**

कोई भी चीज लिमिट में खाना ठीक होता है, लेकिन जरूरत से ज्यादा खाना नुकसानदायक होगा। सबसे पहले आप दो चीजों पर गौर करें कि आपकी शुगर कितनी है और आप फिजिकल एक्टिविटीज कितनी करते हैं? क्योंकि अगर आपकी फिजिकल एक्टिविटीज कम हैं और शुगर कंट्रोल है तो भी आपको मीठा कम खाना चाहिए। मीठे में भी ऐसे आइटम खाएं, जिसमें शुगर कम हो। डीप फ्राई वाली चीजें बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी पिता की उम्र 74 वर्ष है। उनके गॉल ब्लैडर में स्टोन है। लेकिन डॉक्टर ऑपरेशन करने से मना कर रहे हैं। इससे उनको कोई प्रॉब्लम तो नहीं होगी? कृपया बताएं हमें क्या करना चाहिए?**

**-पंकज, बिलासपुर**

देखिए, अगर डॉक्टर ही मना कर रहे हैं ऑपरेशन करने के लिए, तो कोई न कोई उसका कारण होगा। इसलिए आप रिस्क ना लें और डॉक्टर द्वारा बताई गयी सावधानी बरतते हुए ही ट्रीटमेंट कराएं।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। मैं जब भी ट्रैफिक में होता हूं तो बहुत घबराहट महसूस होती है। इस वजह से घर से कम निकलता हूं। ऐसा क्यों होता है? प्लीज इसका कोई कारगर उपचार बताएं।**

**-अवधेश, कांकेर**

सबसे पहले आप डॉक्टर से संपर्क कर अपनी सारी जांच कराएं, जिससे पता चल जाएगा कि यह किसी बीमारी के लक्षण तो नहीं हैं। अगर रिपोर्ट नॉर्मल है तो इसके बाद आप मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं। कई लोगों को भीड़ से घबराहट होती है। वो इससे बचाव के उपाय बताएंगे। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडेय

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

हेल्थ एडवाइस



संध्या पांडेय
चीफ डाइटिशियन
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

हाल के वर्षों में अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और गलत खान-पान के कारण वयस्कों से लेकर बच्चों में भी ओबेसिटी यानी मोटापे की समस्या बढ़ती जा रही है। असल में मोटापा कोई बीमारी नहीं है बल्कि यह एक ऐसी स्थिति है जो अनेक बीमारियों की आशंका बढ़ाती है। **वर्ल्ड ओबेसिटी डे (4 मार्च)** के अवसर पर आइए जानते हैं, मोटापे से संबंधित विभिन्न पहलुओं और इस पर नियंत्रण के बारे में।

# गुड हेल्थ के लिए है जरूरी ओबेसिटी को कंट्रोल करना







सारी दुनिया में ओबेसिटी एक बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम के रूप में सामने आ रहा है। इसके प्रति अवेयर करने के लिए ही वर्ल्ड ओबेसिटी डे मनाया जाता है। इस बार इस दिवस की थीम है- 8 बिलियन रीजंस टू एक्ट ऑन ओबेसिटी। इस थीम का आशय है कि दुनिया की 8 अरब आबादी के लिए मोटापे के खिलाफ कार्रवाई करने के अनेक कारण हैं। हमें हर हाल में मोटापे के प्रति सचेत रहकर इसे नियंत्रित करना है।

## कैसे तय होता है मोटापा

मोटापे के आकलन की सबसे प्रमुख विधि बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) है। कमर की माप से भी मोटापे का अंदाजा लगाया जा सकता है, लेकिन मान्य और प्रचलित विधि बीएमआई ही है। बीएमआई की गणना के लिए पहले किसी व्यक्ति के वजन को किलोग्राम में मापा जाता है और फिर उसे उसकी लंबाई (मीटर वर्ग) से विभाजित किया जाता है। सामान्य यानी स्वस्थ वजन वाले व्यक्ति का बीएमआई वैल्यू 23 से कम होना चाहिए। महिलाओं में कमर का घेरा 80 सेंटीमीटर से कम और पुरुषों में 90 सेंटीमीटर से कम होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को बीएमआई के संदर्भ में अपने डॉक्टर या फिर डाइटिशियन से परामर्श लेना बेहतर रहेगा।

## हो सकती है ये समस्याएं

मोटापे से ग्रस्त लोगों में उच्च रक्त चाप (हाई ब्लड प्रेशर), हृदय की बीमारियां, डायबिटीज टाइप 2, स्ट्रोक, अर्थराइटिस, सोते समय खर्राटे भरना या स्लीप एप्निया जैसी समस्याओं के होने का जोखिम कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। मोटापे से ग्रस्त गर्भवती महिलाओं में अत्यधिक वजन के बढ़ने से उनके गर्भस्थ शिशु को भी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अलावा जो लोग पहले से ही उपरोक्त बीमारियों से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने वजन नियंत्रण पर डॉक्टर से परामर्श लेकर विशेष ध्यान देना चाहिए, तभी वे उपरोक्त समस्याओं को नियंत्रित कर सकते हैं। इसके अलावा जो नवयुवक या नवयुवतियां अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनके अंदर कुछ मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। जैसे वे शारीरिक रूप से हीनता ग्रंथि के शिकार हो सकते हैं। उन्हें लोगों से मिलने-जुलने में अच्छा महसूस नहीं होता। यही नहीं, मोटापा और बांझपन (इनफर्टिलिटी) के बीच एक गहरा संबंध है। अधिक वजन और मोटापा महिलाओं और पुरुषों दोनों में प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकता है।




## ओबेसिटी के प्रमुख कारण

- जो लोग नियमित रूप से व्यायाम नहीं करते या कम शारीरिक श्रम करते हैं, उनके मोटे होने की संभावना बढ़ जाती है। मोटापे के अधिकांश मामलों में एक व्यक्ति जितनी कैलोरी बर्न करता है, उससे बहुत अधिक कैलोरी ग्रहण करता है। शरीर द्वारा इस्तेमाल न की जाने वाली कैलोरी वसा के रूप में संचित हो जाती है।
- लगभग हर दिन अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार ग्रहण करना या फिर अकसर जंक फूड्स लेना कालांतर में मोटापे से ग्रस्त कर देता है। इसके अतिरिक्त जो लोग अपने खान-पान में फलों और सब्जियों को वरीयता नहीं देते हैं, वे भी मोटापे से ग्रस्त हो सकते हैं।
- अकसर तनावग्रस्त रहना कालांतर में मोटापे का कारण बन सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि तनाव से शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं। हार्मोंस के असंतुलन की स्थिति से भी मोटापा बढ़ सकता है।
- वंशानुगत कारण से भी मोटापा बढ़ सकता है। जैसे अगर मां-बाप अपने जीवन काल में मोटापे की समस्या से ग्रस्त हैं तो उनकी संतानों में भी मोटापा बढ़ने की आशंका काफी ज्यादा होती है।
- थायरॉइड ग्रंथि के विकार या असंतुलन से भी मोटापा बढ़ने की काफी आशंका रहती है।

## कब लें डॉक्टर से परामर्श

जिन लोगों का वजन बीएमआई के मानकों से परे जाकर बढ़ता जा रहा है या जो लोग पहले से ही मोटापे से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। डॉक्टर आपको अपनी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने और स्वास्थ्यकर खान-पान के संदर्भ में समुचित जानकारी देंगे। इस संदर्भ में डॉक्टर आपसे कुछ सवाल भी पूछ सकते हैं। जैसे आप डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर अन्य किसी रोग से पीड़ित तो नहीं हैं, फिलहाल आप क्या दवाएं ले रहे हैं, शराब या धूम्रपान के तलबगार तो नहीं हैं। आप कितनी देर तक व्यायाम या शारीरिक गतिविधियों में भाग लेते हैं? इसके अलावा डॉक्टर आपकी बीएमआई भी चेक कर सकते हैं और अगर आपको कोई बीमारी है तो उससे संबंधित जांच भी करवा सकते हैं। डॉक्टर आपको डाइटिशियन के पास भी रेफर कर सकते हैं और इस संदर्भ में व्यायाम या योगासन के लिए किसी विशेषज्ञ को भी रेफर कर सकते हैं। अत्यधिक मोटापाग्रस्त होने की स्थिति में वे आपको बैरियाट्रिक सर्जन से परामर्श लेने की भी राय भी दे सकते हैं।

## मोटापे का सर्जिकल इलाज



**बैरियाट्रिक सर्जरी** एक प्रकार की सर्जरी है, जिसका उद्देश्य अत्यधिक मोटापे का इलाज करना है। यह सर्जरी विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए होती है, जिनका बीएमआई 40 या उससे अधिक होता है, या जिनका बीएमआई 35-39.9 होता है और उन्हें मोटापे से संबंधित गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, जैसे कि डायबिटीज, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप आदि। इसके अलावा यदि किसी व्यक्ति ने आहार और व्यायाम के माध्यम से वजन घटाने की कोशिश की है, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली, तो बैरियाट्रिक सर्जरी का विकल्प दिया जा सकता है।

## मोटापा कम करने वाली दवाएं

इस संदर्भ में महत्वपूर्ण बात यह है कि मोटापा कम करने वाली दवाओं का सेवन अपने डॉक्टर से परामर्श लिए बगैर नहीं करना चाहिए। अत्यधिक मोटापा (मॉर्बिड ओबेसिटी) को नियंत्रण करने में दवाओं का एक सीमित योगदान है। ये दवाइयां डॉक्टर की निगरानी में ली जाती हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि इनके साइड इफेक्ट भी होते हैं।

## इन बातों पर दें ध्यान

- डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेकर अपनी शारीरिक स्थिति और मेडिकल कंडीशन के अनुसार खान-पान का एक चार्ट बनवा लें और फिर उस पर अमल करें।
- मोटे अनाज या मिलेट्स वजन को नियंत्रित करने में सहायक हैं।
- अत्यधिक चिकनाईयुक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- नियमित रूप से व्यायाम करें, लेकिन इस संदर्भ में याद रखें कि प्रत्येक व्यक्ति की उम्र और उसकी मेडिकल कंडीशन के अनुसार ही व्यायाम और उसका समय निर्धारित किया जाता है। इसलिए इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श जरूर लें।
- जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखें और तनाव को स्वयं पर हावी न होने दें। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से भी मोटापा या वजन बढ़ सकता है। तनाव को नियंत्रित करने के लिए मेडिटेशन करें।
- खाना खाते समय टीवी या मोबाइल न देखें, इससे आप ओवरईटिंग से बचे रहेंगे, जो ओबेसिटी बढ़ाने का मुख्य कारण है।
- नमक, शुगर और प्रोसेस्ड फूड्स का कम से कम सेवन करें। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला




प्रिकॉशन

# होली सेलिब्रेशन में बरतें सावधानी अस्थमा-डायबिटीज पेशेंट्स

रंगों का त्योहार होली खुशियां और उमंग लेकर आता है, लेकिन अस्थमा और डायबिटीज के मरीजों के लिए यह त्योहार और इन दिनों का मौसम कुछ अतिरिक्त सावधानियां बरतने की मांग करता है। हल्की सी लापरवाही उनके स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है, इसलिए त्योहार का आनंद लेते हुए स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना जरूरी है।



**अस्थमा पेशेंट्स के लिए यूजफुल सजेशंस:** श्वास संबंधी रोगी होली खेलते समय किन बातों का ध्यान रखें इस बारे में रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर में कंसल्टेंट-पल्मनोलॉजी, **डॉ. आमिर नदीम** कहते हैं, 'होली पर उड़ने वाला गुलाल, धूल, धुआं और केमिकल युक्त रंग सांस के मरीजों के लिए गंभीर परेशानी पैदा कर सकते हैं। इन कणों के संपर्क में आने से सांस की नलियों में सूजन बढ़ सकती है और अस्थमा अटैक का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए अस्थमा मरीजों को कोशिश करनी चाहिए कि वे भीड़-भाड़ वाली जगहों और तेज धूल-धुएं से दूर रहें। होली खेलने के लिए केमिकल वाले गहरे रंगों की जगह फूलों से बने या हर्बल रंगों का इस्तेमाल ज्यादा सुरक्षित विकल्प है। घर से बाहर निकलते समय अच्छी क्वालिटी का मास्क जरूर पहनें, ताकि धूल और रंग सीधे श्वास नली में न जाएं। अपना रेस्क्यू इनहेलर और नियमित दवाएं हमेशा साथ रखें और दवा समय पर लेते रहें। अगर सांस फूलना, सीने में जकड़न, सीटी जैसी आवाज के साथ सांस आना या तेज खांसी की समस्या बढ़े तो इसे नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।'



**डायबिटीज पेशेंट्स रखें ध्यान:** होली के मौके पर डाइट में लापरवाही बरतने से डायबिटिक पेशेंट्स की तबियत बिगड़ सकती है। इससे बचाव के लिए श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट-एंडोक्राइनोलॉजी, **डॉ. साकेत कांत** सजेस्ट करते हैं, 'होली पर डायबिटीज मरीजों को मीठे का सेवन बहुत सीमित मात्रा में और सोच-समझकर करना चाहिए। कोशिश करें कि खाली पेट मीठा न खाएं और पहले सलाद, दाल या प्रोटीन युक्त हल्का भोजन लें, ताकि शुगर अचानक न बढ़े। दिन में नियमित रूप से ब्लड शुगर लेवल की जांच करते रहें और डॉक्टर द्वारा बताई गई दवा या इंसुलिन समय पर लें। ज्यादा देर धूप में रहने, भाग-दौड़ या अनियमित खान-पान से भी बचना जरूरी है।' *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स



# होली और रमजान की बाजारों में बढ़ी खाद्य सामग्रियों की खरीदारी और खपत

## शहरी और देसावरी खरीदारी से अकेले भोपाल में 25 से 30 करोड़ रुपए का रोजाना कारोबार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आगामी होली त्योहार के साथ रमजान का महीना चलने से राजधानी के थोक बाजार हनुमानगंज, जुमेराती, आजादमार्केट सहित सभी बाजारों में शक्कर ,तेल , बेसन, मैदा, रवा सहित शुद्ध घी की शहरी और देसावरी मांग जोरों पर है। बाजार जानकार बताते है रमजान और आगामी होली पर्व के मद्देनजर खाद्य सामग्रियों की खरीदारी होने से अकेले राजधानी भोपाल में 25 से 30 करोड़ रुपए का कारोबार रोजाना हो रहा है।

तेल-शक्कर ब्रोकर रमाकांत तिवारी ने बताया कि होली पर की नजदीकता से बाजार में खरीदी बढ़ गई है। वहीं शक्कर ,तेल , बेसन, मैदा, रवा सहित शुद्ध घी के थोक भाव में भी गिरावट का रूख है। उन्होंने बताया कि सोयाबीन तेल जो ऊंचे में 150 रुपए किलो बिका वह 144 रुपए किलो है। मूंगफली तेल 170 रुपए, सनफ्लावर 165 रुपए , पाम आयल 135 रुपए, सरसो तेल 170 रुपए और वनस्पति 135 रुपए किलो के भाव है जो कि ऊंचे भाव से 15 रुपए किलो तक नीचे हैं।

*सोयाबीन तेल जो ऊंचे में 150 रुपए किलो बिका वह 144 रुपए किलो है*

*वनस्पति 135 रुपए किलो के भाव है जो कि ऊंचे भाव से 15 रुपए किलो तक नीचे*

*शहर में सभी खाद्य तेलों की रोजाना खपत 15 से 18 गाड़ी*


राजधानी के पुराने शहर का गल्ला बाजार हनुमानगंज

### शक्कर, तेल सहित बेसन, मैदा के भाव में गिरावट, शुद्ध घी में 1500 रुपए टीन की गिरावट

उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा भाव में 1500 रुपए प्रति टीन (15 किलो) की गिरावट शुद्ध घी के दाम में है। 15 किलो शुद्ध घी का टीन जो ऊपर में 10 हजार रुपए के भाव बिका वह मौजूदा समय में 8500 रुपए प्रति टीन बोला जा रहा है। इसी प्रकार मैदा जो 40 रुपए किलो था 5 रुपए नीचे के भाव पर यानी 35 रुपए किलो बिक रहा है। जबकि 90 रुपए किलो का बेसन 80 रुपए में, 40 रुपए किलो का रवा अब 32 रुपए किलो में मिल रहा है। कारोबारी बताते है कि खाद्य तेलों की मांग और खपत दोनों में ही जबरदस्त इजाफा हुआ है। होली और रमजान की लेवाली होने से स्थानीय थोक बाजार में सभी खाद्य तेलों की रोजाना खपत 15 से 20 गाड़ी पहुंच गई है।


पुराने शहर के जुमेराती बाजार स्थित एक थोक किराना दुकान

## खबर संक्षेप

### पीएनबी ने बदली एफडी की ब्याज दरें

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी ) की ब्याज दरों में बदलाव किया है। यह नई दरें कल 24 फरवरी 2026 से लागू हो गई हैं। बैंक 3 करोड़ रुपए से कम की जमा पर नई दरों से इंटरेस्ट दे रहा है। इस बदलाव के बाद पीएनबी की 444 दिन वाली खास एफडी स्कीम सबसे ज्यादा आकर्षक यानी इंटरेस्ट देने वाली बन गई है। पीएनबी अब 444 दिन की एफडी पर सामान्य ग्राहकों को 6.60 फीसदी ब्याज दे रहा है। सीनियर सिटीजन को 7.10 फीसदी और सुपर सीनियर नागरिकों को 7.40 फीसदी ब्याज मिल रहा है।

### अड्डा एजुकेशन के साथ एक्सिस बैंक की साझेदारी

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने अड्डा एजुकेशन के साथ मिलकर अपने वाणिज्यिक बैंकिंग समूह (सीबीजी) के लिए रिलेशनशिप मैनेजरों (आरएम) का विशिष्ट कैडर तैयार करने के लिए नियुक्ति-प्रशिक्षण- तैनाती (हायर-ट्रेन-डिप्लॉय -एचटीडी) कार्यक्रम लांच किया है। इस पहल का उद्देश्य है, बैंक की तेजी से बढ़ती एसएमई फ्रेंचाइजी को मजबूत करना, जो इसके रणनीतिक प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से एक है। यह कार्यक्रम पारंपरिक उद्योग मॉडल से अलग तरीके से कौशल प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।

### यूपीआई प्रोसेसिंग प्लेटफॉर्म में इंडसइंड बैंक लाइव

**मुंबई।** इंडसइंड बैंक ने घोषणा की कि उसके डिजिटल बैंकिंग चैनल अब नेक्स्ट-जेन यूपीआई प्रोसेसिंग प्लेटफॉर्म पर लाइव हो गए हैं। यह कदम भारत के रियल-टाइम पेमेंट इकोसिस्टम में एक परिवर्तनकारी उपलब्धि है। यह नया प्लेटफॉर्म उन्नत गति, स्केलेबिलिटी और विश्वसनीयता को एक साथ जोड़ते हुए डिजिटल बैंकिंग में नया मानक स्थापित करता है और बैंक के लाखों ग्राहकों तथा देशभर के व्यापारियों को निर्बाध, उच्च-प्रदर्शन भुगतान अनुभव प्रदान करता है।

### अमेजन का 'प्रोटीन सप्ताह' प्राइस क्रैश डील्स लांच

**बेंगलुरु।** अमेजन.इन ने विश्व प्रोटीन दिवस के अवसर पर अपने प्रोटीन सप्ताह की शुरुआत करते हुए भारत में वेलनेस क्रांति को नई गति दी है, जो 28 फरवरी तक चलेगा। अमेजन.इन ने प्राइस क्रैश डील्स लांच की हैं, जिससे गुणवत्तापूर्ण पोषण अब और अधिक किफायती हो गया है। प्रोटीन सप्ताह दौरान ग्राहक देश के सबसे भरोसेमंद ब्रांड्स के व्हे प्रोटीन, प्लांट और यीस्ट-आधारित प्रोटीन, सप्लीमेंट्स, प्रोटीन बार और रेडी-टू-ड्रिंक विकल्पों में शीर्ष उत्पादों पर 45 फीसदी तक की बचत का लाभ उठा सकते हैं।

### सेमसंग ने की मल्टी-एजेंट ईकोसिस्टम विस्तार की घोषणा

**गुरूग्राम।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपने गैलेक्सी इकोसिस्टम में गैलेक्सी एआई का विस्तार करते हुए 'मल्टी-एजेंट इकोसिस्टम' को और मजबूत करने की घोषणा की है। कंपनी का उद्देश्य यूजर्स को अधिक विकल्प, और बेहतर नियंत्रण देना है, ताकि वे अपने दैनिक कार्य कम मेहनत और अधिक स्वाभाविक तरीके से पूरे कर सकें। हालिया आंकड़ों के मुताबिक, 10 में से लगभग 8 यूज़र्स दो या उससे अधिक एआई एजेंट्स पर निर्भर हैं। सैमसंग गैलेक्सी एआईको इस तरह विकसित कर रहा है ।

### चंदन हेल्थकेयर को 203 करोड़ की कुल आय

**लखनऊ।** चंदन हेल्थकेयर लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 के तीसरी तिमाही और नौवे माह के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2026 के तीसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 65.77 करोड़ रुपए, एबिटडा 12.61 करोड़ और शुद्ध लाभ 4.54 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। जबकि वित्त वर्ष 2026 के नौवे माह में कंपनी कुल आय 203.27 करोड़ रुपए , एबिटडा 42.59 करोड़ रुपए, शुद्ध लाभ 20.14 करोड़ रुपए पहुंच गया।

## भाव 2200 से 2400 रु. प्रति क्विंटल, आ रहा माल है गीला

# भोपाल सहित प्रदेश की मंडियों में नए गेहूं की आवक

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

रबी सीजन की फसल नए गेहूं की आवक भोपाल सहित प्रदेश दूसरी कृषि उपज मंडियों में शुरू हो गई है। गेहूं आवक फिलहाल काफी कमजोर है तो वहीं माल गीला होने से किसानों को गेहूं का भाव क्वालिटीनुसार 2200 से 2400 रुपए क्विंटल मिल रहा है।

स्थानीय करोंद अनाज मंडी के गेहूं व्यापारी संजीव जैन के अनुसार नए गेहूं की आवक शुरू है। भोपाल मंडी में 300 से 400 बोरा और सीहोर मंडी में बुधवार को 2500 बोरा नए गेहूं का आमद हुई। गेहूं व्यापारी संजीव जैन बताते हैं कि मंडी में मौजूदा भाव मिल क्वालिटी 2200 से 2400 रुपए,लोकवन 2400 से 2700 रुपए,



1544 वैराइटी गेहूं 2400 से 2450 रुपए प्रति क्विंटल के भाव हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस बार गेहूं का समर्थन मूल्य 2600 रुपए तय किया है। अगर मंडियों में गेहूं के भाव में मंदी रही तो किसानों के सर्वाधिक रूख उपार्जन केंद्रों की ओर होगा।

### 7 मार्च रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख

मध्य प्रदेश में गेहूं के उपार्जन के लिए रजिस्ट्रेशन जारी है। रबी मार्केटिंग ईयर 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए अब तक 1 लाख 81 हजार 793 किसानों ने पंजीयन कराया है। पंजीयन की कार्यवाही 7 मार्च तक जारी रहेगी। राज्य सरकार ने किसानों से अपील की है कि निर्धारित समय में पंजीयन जरूर करा लें।

### प्रदेशभर में 3186 पंजीयन केंद्र संचालित

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि किसान रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था को सहज और आसान बनाया गया है. कुल 3186 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रुपये ज्यादा है। अभी तक इंदौर संभाग में 27 हजार 175, उज्जैन में 73 हजार 398, ग्वालियर में 3358, चम्बल में 1449, जबलपुर में 12 हजार 342, नर्मदापुरम में 11 हजार 698, भोपाल में 41 हजार 268, रीवा में 3242, शहडोल में 726 और सागर संभाग में 7137 किसानों ने पंजीयन कराया है।

## पतंजलि अनुसंधान संस्थान में 2 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

# पारंपरिक उपचार बन सकती है वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था का सशक्त आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि अनुसंधान संस्थान और पतंजलि विश्विद्यालय के तत्वावधान में 2 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन पौधों से रोगियों तक श्रृंखला 4 - समय से परे एथनोफार्माकोलॉजी पूर्ण हुआ। इस सम्मेलन के माध्यम से विश्व को यह स्पष्ट संदेश प्रदान किया गया कि पारंपरिक उपचार पद्धतियां केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि वैज्ञानिक परीक्षण और प्रमाण के माध्यम से भविष्य की वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था का सशक्त आधार बन सकती हैं।

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पेरूजिया विश्वविद्यालय, इटली और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर एथनोफार्माकोलोजी के प्रेजिडेंट, प्रोफेसर डोमेनिको विटोरियो डेलफिनो, कोट द अज़ूर विश्वविद्यालय, फ्रांस से प्रोफेसर लुई-फेलिक्स नॉटियस, ग्राज विश्विद्यालय, आस्ट्रिया से प्रोफेसर रुडोल्फ बाउर, नीदरलैंड्स से एल्सेवियर प्रकाशन की सीनियर पब्लिशर, प्रोफेसर ऐन मैरी शोनी-पोरडॉन, माए फा लुआंग विश्विद्यालय, थाईलैंड से प्रोफेसर तिडारैट डुआंग्योट, सोसाइटी फॉर एथनोफार्माकोलोजी के संस्थापक पुलक के. मुखर्जी, एम्स, कल्याणी से प्रोफेसर वाई. के. गुप्ता, एम्स, ऋषिकेश की डायरेक्टर प्रोफेसर मीनू सिंह और उनके साथ प्रोफेसर पुनीत धामिजा,एम्स, नई दिल्ली से प्रोफेसर (मेजर) एम. डी. रे, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल , मुंबई से प्रोफेसर विक्रम गोटा, एवं नीपर , मोहली से प्रोफेसर संजय जाचक, आदि देश-विदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लेकर आयुर्वेद, आधुनिक विज्ञान और चिकित्सा के समन्वय पर गहन मंथन किया।



स्वामी रामदेव सहित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मंचासीन अतिथि

### शोध और वैज्ञानिक प्रमाणों पर वैदिक सनातन

इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव ने इस सम्मेलन में उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शोध और वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित चिकित्सा विज्ञान और वैदिक सनातन ज्ञान का संगम ही भविष्य की चिकित्सा पद्धति की दिशा सुनिश्चित कर सकता है। हजारों वर्षों से संरक्षित भारतीय चिकित्सा ज्ञान को वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ प्रस्तुत करना समय की आवश्यकता है और पतंजलि एक वैश्विक केंद्र के रूप में प्रमाण-आधारित भारतीय चिकित्सा को विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।
इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि विश्वभर में आयुर्वेद और सिद्ध चिकित्सा पद्धति के साथ ही यूनानी, मिस्र, ग्रीक, तिब्बती, चीनी, जापानी, कोरियाई चिकित्सा पद्धति विद्यमान है, आवश्यकता है इन चिकित्सा पद्धतियों को शोध और साइंटिफिक वैलिडेशन के साथ विश्व के समक्ष प्रस्तुत करने की, जिससे एक होलिस्टिक और प्रिवेंटिव हेल्थ केयर मॉडल और ग्लोबल हेल्थ का एक सशक्त माध्यम बन सके जिससे जनमानस को रोगों के लिए एक सुगम, सुरक्षित, सुलभ समाधान मिले। सम्मेलन में प्रख्यात नैदानिक वैज्ञानिक डॉ. वाई. के. गुप्ता ने ज्ञान के आयामों को अत्यंत सरल शब्दों में प्रस्तुत करते हुए कहा कि कहा कि वास्तविक शोध वहीं से प्रारंभ होता है जहां स्वीकार किया जाता है कि अभी बहुत कुछ अज्ञात है। यही दृष्टिकोण एविडेंस-बेस्ड आयुर्वेद की आधारशिला है। स्वामी एवं आचार्य के मार्गदर्शन में आयुर्वेद को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित करने की दिशा में पतंजलि द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। पतंजलि का यह दृष्टिकोण केवल परंपरागत ज्ञान को संरक्षित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे आधुनिक शोध पद्धतियों के माध्यम से प्रमाणित कर वैश्विक चिकित्सा मंच पर स्थापित करने का प्रयास है। पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने इस अवसर पर कहा कि पतंजलि आयुर्वेद, आधुनिक विज्ञान और आधुनिक चिकित्सा के समन्वय की दिशा में कार्यरत है। यह त्रिकोणीय मॉडल भविष्य की औषधि खोज का सशक्त माध्यम बन सकता है, जहाँ पारंपरिक ज्ञान प्रारंभिक संकेतों को आधार बना कर आधुनिक प्रयोगशालाओं के माध्यम से उन्हें प्रमाणित किया जा सकता है, एवं पतंजलि उसके लिए कार्यरत है।

## इसका लाभ शिक्षकों के साथ स्टूडेंट्स को होगा

# एलएनसीटी में दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एलएनसीटी में दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन 27 फरवरी से किया जा रहा है। यह एडवांस्ड इनोवेशन इन इंजीनियरिंग, साइंस एंड टेक्नोलॉजी विषय पर मप्र काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल के सहयोग से हाइब्रिड मोड में डिपार्टमेंट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, रायसेन रोड, भोपाल के द्वारा किया जा रहा है।

कांफ्रेंस के प्रमुख विषय एवं क्षेत्र- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और न्यूरल नेटवर्क, कंट्रोल और ऑटोमेशन सिस्टम कॉग्निटिव कंप्यूटिंग, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, एम्बेडेड सिस्टम इंटरनेट ऑफ थिंग्स, सिग्नल प्रोसेसिंग इमेज प्रोसेसिंग, वीएलएसआई और नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स, आरएफ कम्युनिकेशन, पावर सिस्टम इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिक व्हीकल, स्मार्ट ग्रिड टेक्नोलॉजी और मैक्रोग्रिड, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन, रिन्यूएबल एनर्जी सोर्स, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और ड्राइव, स्मार्ट हेल्थ केयर, मशीन लर्निंग।

यह सम्मेलन एक ऐसा प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा रहा है जो इंडस्ट्री और एकेडमिक ऑर्गनाइजेशन के बीच बातचीत के साथ-साथ रिसर्च से इंडस्ट्री में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर भी करे। एलएनसीटी समूह के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे ने कहा की इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस से ज्ञान का आदान प्रदान होगा ।



### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फॉर्मेसी में व्याख्यान

एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में बी.फार्म द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए "एंटीएपिलेप्टिक दवाओं का अवलोकन" विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान डॉ. प्रदीप कुमार मोहंती, फैकल्टी, स्कूल ऑफ फार्मेसी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. एके सिंघई, निदेशक, स्कूल ऑफ फार्मेसी एवं डीन एकेडमिक्स द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने मिर्गी (एपिलेप्सी) के प्रभावी प्रबंधन में एंटीएपिलेप्टिक दवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को समझने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### प्रोजेक्ट्स टुडे ने एआई-संचालित व्यावसायिक प्लेटफॉर्म शुरू किया

**नई दिल्ली।** प्रोजेक्ट्स टुडे ने भारत के परियोजना इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए एआई-संचालित व्यावसायिक अवसर प्लेटफॉर्म का अनावरण किया। यह नया प्लेटफॉर्म परियोजना जीवनचक्र संदर्भ, निविदाएं और एल1/आदेश अपडेट तथा हितधारकों की जानकारी को एक सुविधाजनक कार्यप्रणाली में एकीकृत करता है जिससे संगठनों को सही समय पर सही परियोजनाओं से जुडने में मदद मिलती है। यह शुभारंभ प्रोजेक्ट्स टुडे के उस दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण कदम है जिसके तहतभारत की परियोजना अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। 25 से अधिक वर्षों के रिसर्च-आधारित कवरेज के साथ प्रोजेक्ट्स टुडे 50,000 से अधिक सक्रिय परियोजनाओं पर नजर रखता है जो वर्तमान में गंभीर विचार-विमर्श, योजना, निविदा प्रक्रिया या कार्यान्वयन के चरण में हैं।

# वायासैट व बीएसएनएल ने किया सैटेलाइट कौशल विकास पाठ्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल ) और वायासैट इंडिया ने 'सैटेलाइट और सैटेलाइट तकनीक के अनुप्रयोग' पर अपना पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। यह कार्यक्रम भारत रत्न भीम राव अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेलीकॉम ट्रेनिंग , जबलपुर में प्रस्तावित दूरसंचार नवाचार, अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र के तत्वावधान में शुरू किया गया है।


सैटेलाइट संचार के क्षेत्र में कौशल विकास एवं उद्योग की तैयारी को बढ़ावा देने के लिए बीएसएनएल और वायासैट इंडिया ने पिछले वर्ष गठबंधन की घोषणा की थी। प्रशिक्षण के शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता बीएसएनएल के सीएमडी रॉबर्ट रवि ने की।

इस अवसर पर वायासैट के अध्यक्ष - कॉमर्शियल बेन पामर, वायासैट इंडिया के प्रबंध निदेशक गौतम शर्मा, वायासैट के उपाध्यक्ष- एडवांस्ड एनटीएन सॉल्यूशंस संदीप मूर्ति और दूरसंचार विभाग के अन्य अधिकारी भी संचार भवन में मौजूद थे। वहीं, इस समारोह के दौरान जबलपुर स्थित बीआरबीआरएआईटीटी में विद्यार्थी मौजूद थे। इस गठबंधन के तहत सैटेलाइट एवं सैटेलाइट टेक्नोलॉजी के उपयोग पर यह प्रारंभिक पाठ्यक्रम विद्यार्थियों और कॅरियर के शुरुआती दौर में काम कर रहे पेशेवरों के लिए 22 घंटे का एक वर्चुअल प्रोग्राम है। इन प्रशिक्षण सत्रों का संचालन एक्सपर्ट ट्रेनर द्वारा ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज के विद्यार्थियों, आईटी व इंजीनियरिंग के पेशेवरों और सैटेलाइट संचार एवं सैटेलाइट युक्त एप्लीकेशंस में बुनियादी ज्ञान प्राप्त करने के इच्छुक नए स्नातकों को लाभ प्रदान करना है।


प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह में मौजूद अधिकारी

## बिजनेस न्यूज

### दूरसंचार महिला कल्याण संगठन का फूड फेस्टिवल कार्यक्रम



**भोपाल।** बीएसएनएल परिमंडल कार्यालय भोपाल में दूरसंचार महिला कल्याण संगठन द्वारा भारतीय व्यंजनों का फ़ूड फेस्टिवल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फूड फेस्टिवल का उद्घाटन मीनाक्षी सिंह एवं मिथिलेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक, बीएसएनएल द्वारा किया । इस अवसर पर रामजी तिवारी, एडिशनल डायरेक्टर जनरल दूरसंचार तथा एचजीएस धाकड़, सीसीए मध्य प्रदेश एलएसए विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस संबंध में दूरसंचार महिला कल्याण संगठन, म.प्र. की अध्यक्षा मीनाक्षी सिंह ने बताया कि संगठन द्वारा निरंतर जनहित एवं सामाजिक कल्याण के कार्य किए जा रहे हैं। संगठन समय-समय पर वृद्धाश्रमों, अनाथालयों, शासकीय विद्यालयों तथा अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार कंबल, अनाज, पुस्तकें आदि सामग्री उपलब्ध कराता है। उन्होंने बताया कि सामाजिक गतिविधियों के साथ विभागीय स्तर पर कार्यक्रम एवं मेले आदि का भी आयोजन किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सहभागिता की भावना विकसित हो। इसी क्रम में आज बीएसएनएल भवन, परिमंडल कार्यालय, भोपाल में एक भव्य फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। फूड फेस्टिवल में कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्टॉलों से विभिन्न भारतीय व्यंजनों का स्वाद लिया।

### ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में तीन नए मास्टर्स डिग्री कार्यक्रमों की शुरुआत

**नई दिल्ली।** ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी देश में कानून के शासन, लोकतांत्रिक एवं संसदीय संस्थाओं को और बेहतर बनाने तथा चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए समर्पित है, जिसने चुनावी विश्लेषण एवं प्रबंधन, राजनीतिक संचार और विधायी प्रारूपण में तीन नए डिग्री पाठ्यक्रम ( लेजिस्लेटिव



ड्राफ्टिंग में एमए, इलेक्टोरल एनालिसिस एंड मैनेजमेंट में एमए, पॉलिटिकल कम्युनिकेशन में एमए) का शुभारंभ किया है। इन तीनों पाठ्यक्रमों का शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि ओम बिरला, और विशिष्ट अतिथि अर्जुन राम मेघवाल, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विधि एवं न्याय मंत्रालय, भारत सरकार की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर मौजूद अन्य गणमान्य हस्तियों में भारत के सॉलिसिटर जनरल, तुषार मेहता और ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति एवं सांसद, नवीन जिंदल भी शामिल थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं लोकसभा अध्यक्ष, ओम बिरला ने कहाकि मौजूदा लोकतांत्रिक दौर में, हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, इसलिए मौजूदा और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, ये मास्टर्स डिग्री पाठ्यक्रम हमारे लोकतंत्र को और बेहतर बनाएंगे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

क्र/PWD/2026/1015 — गंजबासौदा दिनांक 24/02/2026

नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा का आमंत्रण किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| ई-निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_484246_1 | Interception and diversion of Nallahs with STP works project of Ganjbasoda Town under SBM 2.0 | 19,36,31,000.00 | 968155.00 | 30000.00 | 09.03.2026 |

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड, करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी mptenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर बेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गंजबासौदा

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् हरदा जिला हरदा (म.प्र.)

Email-cmoharda@mpurban.gov.in — Conn. 07577222238
https://nagarpalikaharda.org — Toll free No 18002331353
क्रमांक 1080/ लो.नि./2026 — हरदा दिनांक 23.02.26

(नियम 91 (1) (क) (11)
ई- नगर पालिका आमंत्रण सूचना का प्रारूप
मध्यप्रदेश शासन
नगर पालिका का नाम नगर पालिका परिषद हरदा

एन.आई.टी. संख्या/4913/ई-टेण्डरिंग

निम्नलिखित निर्माण / आपूर्ति / सेवाओं के लिए निविदा मापदंडों को पूरा करने वाले ठेकेदारों / कंसल्टेंट्स और प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन निविदा आंमत्रित है-

| क्र.स./ पैकेज / कोड | निर्माण कार्य / आपूर्तियाँ / सेवाऐं | जिला | संभावित राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_483404_1 | 1. गिट्टी काली 6, mm<br>2. गिट्टी काली 40, mm | हरदा | 25 लाख | 31 मार्च 2027 |

01. इच्छुक बोलीदाता वेबसाइट पर एनआईटी देख सकता है www.mptenders.gov.in
02. बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोडकर टेण्डर क्रं. 1. 2026_UAD_483404_1 से 20.03.2026 समय 5:30 बजे तक
03. एनआईटी में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल बेबसाइड पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्र में नहीं।
04. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया श्री अरूण पर्ते उपयंत्री मोबाईल नं. 8827416868 पर संपर्क करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हरदा




# आज जिम्बाब्वे से आर-पार की जंग, भारत के टॉप ऑर्डर को दिखाना होगा दम

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

शीर्षक्रम की नाकामी और पिछली हार के बाद भारी दबाव से जूझ रही गत चैंपियन भारतीय टीम को 'जाइंट किलर' जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के 'करो या मरो' के मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका से रविवार को 76 रन से हार के बाद भारत का नेट रनरेट (माइनस 3.80) खराब हो गया है, जिससे सेमीफाइनल की उम्मीद बनाए रखने के लिए यह मुकाबला हर हालत में बड़े अंतर से जीतना होगा। इसके लिए पारी की शुरुआत और तीसरे नंबर की समस्या से पार पाना होगा।

## अभिषेक ने खोई लय

विश्व कप से पहले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन शानदार फॉर्म में थे, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया था। लेकिन पेट के संक्रमण के बाद से अभिषेक की लय खो गई है। सपाट पिचों पर आफ स्पिनरों के सामने वह अपने पसंदीदा शॉट नहीं खेल पा रहे हैं, जिसका भारत को नुकसान हो रहा है। इस टूर्नामेंट में चार मैचों में वह 15 रन ही बना सके हैं जबकि उनका स्ट्राइक रेट 75 और औसत 3.75 रहा। सवाल यह है कि आक्रामक बल्लेबाजी की स्वाभाविक शैली को तिलांजलि देकर क्या वह कुछ रन बना सकेंगे।

**जाइंट किलर और डिफेंडिंग चैंपियन के बीच कांटे का मुकाबला शाम 7 बजे से**

**दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद भारत का नेट रन रेट खराब**



## तिलक को करना होगा प्रदर्शन में सुधार

तिलक वर्मा को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। अभिषेक के खराब फॉर्म के कारण तिलक को ईशान का बखूबी साथ देना चाहिए था लेकिन ऐसा हुआ नहीं। ईशान 193 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं लेकिन दूसरे छोर से उन्हें साथ नहीं मिल पा रहा। सूर्यकुमार यादव ने 180 रन बनाए हैं लेकिन उनका स्ट्राइक रेट 127 रहा है, जो उनके टी20 कैरियर के 161 के स्ट्राइक रेट से काफी कम है, जिससे ईशान पर काफी दबाव बन गया है।शिवम दुबे और हार्दिक पंड्या निचले क्रम पर आक्रामक पारियां नहीं खेलते तो कुछ मैचों में तो भारत का स्कोर सम्मानजनक भी नहीं रहता। बाएं हाथ के तीन बल्लेबाजों ईशान, अभिषेक और तिलक के सामने विरोधी टीमों ने पावरप्ले में आफ स्पिनरों का उपयोग किया है।

## शीर्ष तीन में सैमसन को शामिल करने की संभावना

शीर्ष तीन में दाहिने हाथ के बल्लेबाज संजू सैमसन को शामिल करने की संभावना है हालांकि वह खुद बहुत अच्छे फॉर्म में नहीं हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन सूर्यकुमार को तीसरे और तिलक को चौथे नंबर पर उतार सकता है । वैसे चेपॉक की पिच से उन्हें काफी मदद मिल सकती है। जिम्बाब्वे के पास उतना खतरनाक स्पिन आक्रमण भी नहीं है, जिसका अभी तक भारत ने सामना किया है। तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी , रिचर्ड एनगारावा और ब्राड इवांस से कड़ी चुनौती मिल सकती है।

## टीमें इस प्रकार

**भारत :** सुयकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, संजू सैमसन (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह।

**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ग्रीम क्रेमर, बेन कुरेन, ब्रैड इवांस, क्लाइव मदांडे, टिनोटेंडा मापोसा, तदिवानाशे मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाद्जा, टोनी मुनयोंगा, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डायोन मायर्स, रिचर्ड एनगारवा।

**मैच का समय :** शाम 7 बजे से।

## खबर संक्षेप



### अहमदाबाद की पिच हर बार अलग होती है : महाराज

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप के अपने अधिकतर मैच नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेलने को मिल रहे हैं लेकिन उसके बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज का मानना है कि इससे उनकी टीम को खास फायदा नहीं मिल रहा है क्योंकि हर बार परिस्थितियां अलग होती हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम गुरुवार को सुपर आठ के मुकाबले में वेस्टइंडीज का सामना करेगा। उसने भारत के खिलाफ सुपर आठ का मैच भी इसी मैदान पर खेला था। ग्रुप चरण में उसने यहां तीन मैच खेले थे। महाराज ने कहा, 'यात्रा नहीं करना अच्छा है लेकिन पिच के लिहाज़ से हर मैच बहुत अलग रहा है। हमने यहां जो चार मैच खेले हैं उनमें परिस्थितियां लगातार बदलती रही हैं। मुझे नहीं लगता है कि इससे हमें बड़ा फायदा मिल रहा है। हमारे लिए महत्वपूर्ण यह है कि हम जल्द से जल्द परिस्थितियों से सामंजस्य से बिठाकर अपने प्रदर्शन पर ध्यान दें।'


### भारत को रणनीति पर विचार करना होगा

**चेन्नई।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार भारत के लिए खतरे की घंटी रही है और अब उसे टीम संयोजन पर पुनर्विचार करना होगा। शास्त्री ने कहा,' आपने लगातार 12 मैच जीते तो एक खराब दिन तो आना ही है। लेकिन मुझे खुशी है कि यह जल्दी आ गया। यह भारत के लिए जरूरी खतरे की घंटी रहा। इससे अब टीम को रणनीति और संयोजन पर फिर से विचार करना होगा।' उन्होंने कहा,' उन्होंने पिछले अनुभव से सबक ले लिया होगा कि चीजों को हलके में नहीं लेना है। एक और मैच हारने से काफी दबाव बन जाएगा।' शास्त्री ने भारतीय टीम को अतिरिक्त स्पिनर लेकर उतरने की सलाह दी। उन्होंने कहा,' अक्षर पटेल को वापिस लाना ही होगा। आपको उसके अनुभव की जरूरत है ।



### ब्रूक ने अपने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली : अफरीदी

**पाल्लेकल।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने शानदार शतक लगाकर इंग्लैंड को टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में ले जाने वाले कप्तान हैरी ब्रूक की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। अफरीदी ने कहा,' मुझे लगता है कि यह उसके कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी थी। उसने खालिस क्रिकेट शॉट्स खेले। विकेट आसान नहीं था।' उन्होंने कहा,' उनके सारे बल्लेबाज जूझ रहे थे लेकिन उसने बेहतरीन पारी खेली।' मैच के दौरान अफरीदी ने ब्रूक से हाथ मिलाकर उनकी पारी की प्रशंसा की।



## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 61 रन से हराया, 3 अंकों के साथ ग्रुप में दूसरे पायदान पर

# न्यूजीलैंड ने सुपर-8 में खोला जीत का खाता, श्रीलंका खिताबी रेस से बाहर, सेंटनर-रचिन शानदार की पारी

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मुकाबले में 61 रन से जीत दर्ज की। इस हार के साथ श्रीलंकाई टीम खिताबी रेस से बाहर हो गई है। श्रीलंका ने सुपर-8 के अपने शुरुआती दोनों मैच गंवाए। न्यूजीलैंड की टीम 2 मुकाबलों में 3 प्वाइंट्स के साथ दूसरे पायदान पर मौजूद है। सुपर 8 में यह कीवी टीम की पहली जीत है।

बुधवार को खेले गए मैच में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने 7 विकेट खोकर 168 रन बनाए। टिम सीफर्ट ने फिन एलन के साथ 30 रन की साझेदारी की। एलन 23 रन, जबकि सीफर्ट 8 रन बनाकर पवेलियन लौटे। ग्लेन फिलिप्स ने रचिन रवींद्र के साथ तीसरे विकेट के लिए 41 रन जोड़े। रचिन 22 गेंदों में 4 बाउंड्री के साथ 32 रन बनाकर आउट हुए।न्यूजीलैंड ने 84 के स्कोर तक अपने 6 विकेट खो दिए थे। इसके बाद कप्तान मिचेल सेंटनर (47) ने कोल मैककोन्ची (नाबाद 31) के साथ सातवें विकेट के लिए 47 गेंदों में 84 रन जोड़ते हुए टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचा दिया। श्रीलंका की तरफ से महेश थीक्षाना और दुष्मंथा चमीरा ने 3-3 विकेट निकाले। एक विकेट डुनिथ वेललेज ने हासिल किया।



### सिर्फ 107 रन ही बना सकी श्रीलंकाई टीम

श्रीलंकाई टीम निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर सिर्फ 107 रन ही बना सकी। श्रीलंका को पहली ही गेंद पर पथुम निसांका (0) के रूप में झटका लगा। इसके बाद टीम ने 6 के स्कोर पर चरिथ असलांका (5) का विकेट भी खो दिया। रत्नायके ने 10 रन का योगदान टीम के खाते में दिया, जबकि मेंडिस ने 31 रन की पारी खेली। डुनिथ वेललेज ने 29 रन जोड़े, लेकिन श्रीलंका को शर्मनाक हार से बचा नहीं सके। न्यूजीलैंड की तरफ से 'प्लेयर ऑफ द मैच' रचिन रवींद्र ने 27 रन देकर 4 विकेट हासिल किए, जबकि मैट हैनरी ने 2 विकेट निकाले। 1 सफलता कप्तान सेंटनर के हाथ लगी।

### सेंटनर - मैककोन्ची ने की 7वें विकेट के लिए बड़ी पार्टनरशिप

जब न्यूजीलैंड की टीम संकट में थी, तब कप्तान मिचेल सेंटनर और कोल मैककोन्ची ने मोर्चा संभाला। मैककॉन्ची और सेंटनर के बीच 84 रन की पार्टनरशिप हुई, जो टी20 विश्व कप में 7वें विकेट या उससे नीचे के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप है। इससे पहले साल 2010 में ब्रिजटाउन में माइक हसी और स्टीव स्मिथ ने बांग्लादेश के खिलाफ 74 रन की पार्टनरशिप की थी, जो अब पीछे रह गई है।

### सैंटनर के टी-20 में 1 हजार रन पूरे

सैंटनर अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर के तीसरे अर्धशतक से चूक गए। हालांकि, इस बीच उन्होंने अपने 1,000 रन पूरे किए। इस आंकड़े के साथ वह 13वें कीवी बल्लेबाज बन गए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के अब 132 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 131.74 के स्ट्राइक रेट से 1,021 रन हो गए हैं। सैंटनर के 47 रन अब टी-20 विश्व कप में उनका बल्लेबाजी में सबसे बड़ा स्कोर दर्ज हो गया है।

## टी20 रैंकिंग

# बुमराह, बॉश और फोर्ड की लंबी छलांग, वरुण नंबर एक पर काबिज



एजेंसी ▶▶| दुबई

टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 मुकाबलों के बीच आईसीसी ने टी20 रैंकिंग जारी की है। ताजा रैंकिंग में भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान पर बने हुए हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश, वेस्टइंडीज के मैथ्यू फोर्ड और भारत के जसप्रीत बुमराह ने लंबी छलांग लगाई है।

ताजा रैंकिंग में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान दूसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश ने 21 स्थान की छलांग लगाते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद चौथे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद को दो स्थान का नुकसान हुआ है। अबरार पांचवें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जांपा ने 2 स्थान की छलांग लगाते हुए छठा स्थान हासिल किया है।

वेस्टइंडीज के मैथ्यू फोर्ड ने भी बड़ी छलांग लगाई है। फोर्ड ने 23 स्थान की छलांग लगाते हुए शीर्ष 10 में एंट्री की है और सातवां स्थान हासिल किया है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की थी। उस प्रदर्शन के आधार पर बुमराह की भी एंट्री भी शीर्ष 10 में हो गई है। बुमराह 7 स्थान की छलांग लगाते हुए आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### अभिषेक शीर्ष पर कायम

टी20 के शीर्ष 10 बल्लेबाजों में भारत के अभिषेक शर्मा पहले, इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे, पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान तीसरे (दो स्थान का फायदा हुआ है), श्रीलंका के पाथुम निसांका चौथे, भारत के ईशान किशन पांचवें (तीन स्थान का फायदा हुआ है), भारत के सूर्यकुमार यादव छठे, भारत के तिलक वर्मा सातवें (तीन स्थान का नुकसान हुआ है), इंग्लैंड के जोस बटलर आठवें (एक स्थान का नुकसान), दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस नौवें (दस स्थान का फायदा हुआ है), और न्यूजीलैंड के टिम साइफर्ट दसवें स्थान पर हैं।

# एक शतक, 5 फिफ्टी, जम्मू-कश्मीर ने खड़ा किया 527 रनों का स्कोर

एजेंसी ▶▶| हुबली

रणजी 2025-26 सीजन का फाइनल मुकाबला जम्मू एंड कश्मीर और कर्नाटक के बीच खेला जा रहा है। कर्नाटक के हुबली मैदान पर जारी इस मुकाबले में जम्मू एंड कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कर्नाटक के गेंदबाजों को जमकर दबाव में डाला। जम्मू एंड कश्मीर के लिए शुभम पुंडीर का बल्ला जमकर गरजा और उन्होंने 121 रन की शानदार पारी खेली। उनके अलावा पांच अन्य बल्लेबाजों ने भी फिफ्टी प्लस स्कोर बनाया, जिससे टीम ने दूसरे दिन के अंत तक छह विकेट पर 527 रन बनाकर कर्नाटक पर विशाल बढ़त हासिल कर ली।



### पांच बल्लेबाजों ने बनाया फिफ्टी प्लस स्कोर

कर्नाटक के हुबली मैदान पर खेले जाने वाले फाइनल में जम्मू एंड कश्मीर की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी। इसके सलामी बल्लेबाज यावेर हसन ने 150 गेंदों में 13 चौके से 88 रन की पारी खेली। शुभम पुंडीर ने 247 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के से 121 रन बनाकर अपनी टीम को विशाल स्कोर की तरफ धकेला। इन दोनों के अलावा कप्तान पारस डोगरा ने 166 गेंद में आठ चौके से 70 रन, अब्दुल समद ने 104 गेंद में छह चौके और एक छक्के से 61 रन, कनहैया वाधवन ने 109 गेंद में 70 रन बनाए।

## चैंपियंस लीग

# इंटर मिलान को हरा कर बोडो/ग्लिम्ट की पहली बार अंतिम-16 में एंट्री



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नॉर्वे के क्लब बोडो/ग्लिम्ट ने इतिहास रच दिया है। टीम पहली बार चैंपियंस लीग के राउंड ऑफ 16 में पहुंच गई है। बोडो/ग्लिम्ट ने इंटर मिलान को 5-2 के एग्रीगेट स्कोर से हराया।

तीन बार के यूरोपियन चैंपियन के खिलाफ नॉर्वे की टीम की यह जीत बेहद शानदार रही। मेहमान टीम को शुरुआती घंटे में ज्यादातर समय नेराज़ुरी के लगातार दबाव का सामना करना पड़ा, लेकिन पूर्व एसी मिलान अटैकर जेंस पीटर हॉग ने अहम गोल दागकर अपनी टीम की राह आसान की। उनके करीबी फिनिश और हैकन एनजन के शानदार गोल से बोडो/ग्लिम्ट ने मजबूत बढ़त बना ली।

इंटर ने अंत में वापसी की कोशिश की। मैनुअल अकांजी ने फेडेरिको डिमार्को के कटबैक पर गोल किया, जबकि एलेसेंड्रो बास्टोनी ने भी स्कोर किया, लेकिन यह जीत छीनने के लिए पर्याप्त नहीं था।कोच केजेटिल नुटसेन की टीम ने शानदार प्रदर्शन के दम पर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

### न्यूकैसल यूनाइटेड ने कराबाग एफके को दी मात

दूसरे मुकाबले में न्यूकैसल यूनाइटेड ने कराबाग एफके को 3-2 से हराकर अंतिम-16 में प्रवेश किया। पहले लेग में 6-1 की बढ़त लेने के बाद न्यूकैसल ने कुल 9-3 से मुकाबला अपने नाम किया। यह मुकाबला चैंपियंस लीग इतिहास के सर्वाधिक गोलों वाले मुकाबलों में से एक था। शुरुआती मिनटों में सैंड्रो टोनाली और जोएलिंटन ने गोल कर बढ़त मजबूत की।

# 47 प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय जज कोर्स में लिया भाग

*नई दिल्ली। कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में बुधवार को समाप्त हुए राष्ट्रीय जज कोर्स में रिकॉर्ड 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के तत्वावधान में आयोजित किया गया यह कोर्स 21 फरवरी को शुरू हुआ था। एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने कहा कि पांच दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आईएसएसएफ के नियमों, रेंज प्रबंधन, स्कोरिंग प्रोटोकॉल आदि के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा, ''इस कोर्स में रिकॉर्ड प्रतिभागियों की उपस्थिति से भारतीय निशानेबाजी में निष्पक्षता और उत्कृष्टता सुनिश्चित करने वाले कुशल जज का मजबूत समूह तैयार करने के लिए एनआरएआई की प्रतिबद्धता का पता चलता है। उनका समर्पण विश्व स्तर पर भारत की निरंतर सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है।'' एनआरएआई अब अगले महीने आईएसएसएफ बी जज कोर्स का आयोजन करेगा।*



## एफआईएच प्रो लीग : टूटा भारत की हार का सिलसिला

# पेनल्टी शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| होबार्ट

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने विश्व में तीसरे नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराकर एफआईएच प्रो लीग में लंबे समय से चले आ रहे हार के सिलसिले को खत्म कर दिया। दोनों टीमें निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थीं। इस जीत से भारत का प्रो लीग के अगले चरण से पहले मनोबल बढ़ेगा।



### भारत ने हासिल किए दो अंक

इसके बाद दोनों टीमों ने निर्णायक गोल करने की पूरी कोशिश की लेकिन असफल रहीं और मैच शूटआउट में चला गया, जहां भारत ने जीत दर्ज करके दो अंक हासिल किए जबकि ऑस्ट्रेलिया को एक अंक मिला। भारत की तरफ से शूटआउट में लाकड़ा, मनिंदर सिंह और विष्णुकांत सिंह ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एकमात्र गोल हेवर्ड ने किया। भारतीय गोलकीपर मोहित शशिकुमार होन्नेनहल्ली ने ऑस्ट्रेलिया के बाकी खिलाड़ियों के शॉट रोककर जीत में अहम भूमिका निभाई।

### पहले 3 क्वार्टर में कांटे की टक्कर

पहले तीन क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के सामने हर तरह से कड़ी चुनौती पेश की। पहले तीन क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। ऑस्ट्रेलिया ने आखिर में 49वें मिनट में जेरेमी हेवर्ड के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल की मदद से बढ़त हासिल कर ली। ऑस्ट्रेलिया की यह खुशी हालांकि क्षणिक रही क्योंकि शिलानंद लाकड़ा (51वें मिनट) ने दो मिनट बाद ही एक शानदार मैदानी गोल करके स्कोर बराबर कर दिया।

## रुसी ग्रैंडमास्टर क्रामनिक की विवादास्पद मुहिम के पक्षधर नहीं

# चीटिंग पर हंगामा बेवजह, शतरंज उतना प्रभावित नहीं

एजेंसी ▶▶| प्राग

विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने साफ तौर पर कहा है कि शतरंज मे बेईमानी की समस्या उतनी बड़ी नहीं है जितनी उसे पेश किया जा रहा है। गुकेश आनलाइन खेल को प्रभावित करने वाले बेईमानी के खतरे के खिलाफ रूसी ग्रैंडमास्टर ब्लादीमिर क्रामनिक की विवादास्पद मुहिम के पक्षधर भी नहीं हैं। पूर्व विश्व चैंपियन क्रामनिक ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) पर मानहानि का मुकदमा दायर किया है चूंकि फिडे ने अमेरिका के दिवंगत ग्रैंडमास्टर डेनियल नारोदित्स्की और चेक खिलाड़ी डेविड नवारा के खिलाफ धोखेबाजी के आरोपों के लिए उन्हें फटकारा था। नारोदित्स्की की असामयिक मौत काफी चर्चा में रही और उनका आखिरी वीडियो स्ट्रीम भी, जिसमें उन्होंने क्रामनिक के आरोपों के कारण मानसिक तनाव की बात की थी।



### अनुचित खेल के खिलाफ

गुकेश ने कहा ,' मैं किसी भी तरह के अनुचित खेल के खिलाफ हूं । यह ऐसी समस्या है जो देखने में आई है। मैंने न तो कभी बेईमानी की है और उम्मीद करता हूं कि कोई ऐसा नहीं करता होगा।' उन्होंने कहा,' मुझे लगता है कि लोग इस समस्या को बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रहे हैं, इतनी समस्या है नहीं। क्रामनिक के आरोपों की बात करें तो अधिकांश से मैं इत्तेफाक नहीं रखता। मुझे लगता है कि शतरंज जगत में और समरसता और शांति होनी चाहिए।'इससे पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन, फिडे अध्यक्ष अर्काडी डीवोरकोविच और भारत के अर्जुन एरिगेसी तथा निहाल सरीन ने भी क्रामनिक की आलोचना की थी क्योंकि वह अपने आरोपों के पक्ष में सबूत नहीं दे सके थे।

### मैं क्रामनिक के साथ नहीं

गुकेश ने कहा,' क्रामनिक जो कर रहे हैं, मैं उसके साथ नहीं हूं। पिछले कुछ साल में बेईमानी को लेकर बहुत लोग अतिरंजित प्रतिक्रिया देते आए हैं। इस बीच सुपर टूर्नामेंट के पहले दौर में गुकेश का सामना अमेरिका के हैंस मोक नीमैन से होगा।




आज मुख्यमंत्री करेंगे उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन संवाद

## मध्य प्रदेश में निवेश संभावनाओं पर भीलवाड़ा में इंटरैक्टिव सेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में भीलवाड़ा के 'द ऑरियम रिसॉर्ट्स एंड इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर' में आयोजित 'मप्र में निवेश संभावनाओं पर इंटरैक्टिव सेशन' शामिल होंगे। इंटरैक्टिव सेशन का आयोजन 26 फरवरी सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। आयोजन 'इन्वेस्ट मध्यप्रदेश' पहल के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसमें उद्योग जगत के प्रतिनिधि, प्रमुख औद्योगिक समूह और निवेशक भाग लेंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंटरैक्टिव सेशन में निवेशकों से संवाद करेंगे और राज्य की औद्योगिक नीतियों, निवेश-अनुकूल वातावरण तथा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे। आयोजन में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन तथा एमएसएमई विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह मध्यप्रदेश में निवेश संभावनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति देंगे। सेशन में एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप एवं मेवाड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स सहित प्रमुख उद्योगपति भी विचार साझा करेंगे।

कार्यक्रम में नेटवर्किंग लंच के साथ चयनित उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठक तथा टेक्सटाइल राउंड टेबल चर्चा भी आयोजित की जाएगी। इस सत्र में राज्य सरकार के प्रतिनिधि निवेशकों के प्रत्यक्ष संवाद करेंगे। इंटरैक्टिव सेशन से मप्र सरकार राज्य की औद्योगिक संभावनाओं, बुनियादी ढांचे, लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी, एमएसएमई प्रोत्साहन और टेक्सटाइल समेत विभिन्न सेक्टरों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी प्रस्तुत करेगी। यह आयोजन मप्र को निवेश के लिए एक सशक्त, विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी केन्द्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

मिसरोद थाने के बगल में सिंगल लेन पर हुआ विवाद, हिंदू संगठन ने थाने का घेराव कर किया विरोध प्रदर्शन

# गाड़ी पहले निकालने को लेकर विवाद, साध्वी रंजना के वाहन में तोड़फोड़, झूमाझटकी भी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाने के बगल में अंडर ब्रिज की तरफ जाने वाली सिंगल लेन पर पहले गाड़ी निकालने की बात को लेकर बुधवार शाम साध्वी रंजना और उनके साथ मौजूद दो महिलाओं सहित ड्राइवर से झूमाझटकी और गाड़ी में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। साध्वी रंजना की गाड़ी में तोड़फोड़ और उनसे झूमाझटकी की जानकारी जब हिंदू संगठन के लोगों को लगी तो बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होने लगे। इसके बाद थाने का घेराव कर दिया।

हिंदू संगठन आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन करने लगे। हिंदू संगठन का कहना था कि आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए। उन पर गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाए। शाम पांच बजे से शुरू हुआ यह प्रदर्शन रात करीब 11 बजे तक चलता रहा। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की तरफ से झूमाझटकी हुई है। लिहाजा काउंटर प्रकरण दर्ज किया गया है।

**दूसरे पक्ष के लोग भी थाने पहुंचे, उन्होंने भी किया विरोध प्रदर्शन**

**मिसरोद, कटारा, बागसेवनिया थाने से पहुंचा पुलिस बल**





### ड्राइवर और सामने वाली कार में मौजूद व्यक्ति की हुई बहस

जानकारी के अनुसार साध्वी रंजना दीदी, दो साथी महिलाओं के साथ हेरियर कार से मिसरोद थाना के पास से गुजर रही थी। उनकी गाड़ी ड्राइवर चला रहा था। उन्हें अंडर ब्रिज होते हुए जाना था। वह मंदिर के पास पहुंची ही थी कि सामने से एक कार आई। कार के चालक ने कार बीच में अड़ा दी। इससे उनकी हेरियर गाड़ी निकलने के लिए जगह नहीं मिली। ड्राइवर ने सामने वाली कार में मौजूद व्यक्ति से कहा कि गाड़ी हटा लो। गाड़ी वाला गाड़ी हटाने के लिए तैयार नहीं हुआ। ड्राइवर और सामने वाली कार में मौजूद व्यक्ति की बहस होने लगी। इसी बीच साध्वी ने सामने की कार वाले व्यक्ति को समझाने का प्रयास किया। इस पर वह भड़क गया और परिचितों को बुला लिया। पास ही मौजूद थाने से पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों ही पक्षों के बीच विवाद बढ़ते ही जा रहा था।

### दोनों पक्षों में हुई झूमाझटकी

बताया जाता है कि साध्वी रंजना दीदी की गाड़ी में तोड़फोड़ करने वाली पाटीदार हैं और पास ही रहते हैं। घटना की जानकारी लगते ही पाटीदार समुदाय के लोग एकत्रित हो गए थे और बवाल की स्थिति बन गई। इधर स्थिति बिगड़ती देख मिसरोद पुलिस से बल पहुंच गया। साथ ही कटारा और बागसेवनिया थाने से भी बल बुला लिया गया। साध्वी रंजना की गाड़ी में तोड़फोड़ और उनके साथ हुई झूमाझटकी की जानकारी विहिप के पदाधिकारियों को लगी तो वह कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंच गए और उन्होंने जमकर हंगामा किया।

## बुरहानपुर जल प्रदाय परियोजना बिल्ड इंडिया इंफ्रा अवॉर्ड्स-2026 से हुआ सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के नगरीय विकास और सुशासन के प्रयासों को आज राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिल रही है। नई दिल्ली में आयोजित 'बिल्ड इंडिया इंफ्रा अवॉर्ड्स 2026' समारोह में मप्र नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम, 'मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी' की बुरहानपुर जल प्रदाय परियोजना को 'सोशल इंपैक्ट एक्सीलेंस ऑफ द ईयर' की प्रतिष्ठित श्रेणी में सम्मानित किया गया है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने यह पुरस्कार प्रदान किया। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की ओर से मुख्य अभियंता शैलेन्द्र शुक्ला एवं तकनीकी अधिकारी कमलेश भटनागर द्वारा यह सम्मान प्राप्त किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाईक सहित पूर्व सचिव डीएस मिश्रा और सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस राघव चंद्रा उपस्थित रहे। यह परियोजना बुरहानपुर के शहरी जनजीवन में आमूलचूल परिवर्तन का संवाहक बनी है।

कलेक्टोरेट में हुई डीएलसीसी की बैठक में एलडीएम पर नाराज हुए कौशलेंद्र

## सरकारी योजनाओं के लोन केस बैंकों में अटके, कलेक्टर भड़के

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पशुपालन, मत्स्य, स्व-सहायता समूह, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित कई सरकारी योजनाओं के लोन केस बैंकों में भेजे गए हैं, लेकिन उनका निराकरण नहीं किया जा रहा है। जिसकी वजह से आवेदकों को बैंकों के चक्कर काटना पड़ रहे हैं।

इतना कहते हुए कलेक्टर ने बैंकों के प्रतिनिधियों से कहा कि इन प्रकरणों को टाइम लिमिट में निपटाया जाए। यह बात बुधवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कलेक्टोरेट में रखी गई डीएलसीसी की बैठक में कही। कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सभी बैंकर्स जो प्रकरण स्वीकृत हो गए हैं, उनका वितरण एक सप्ताह के अंदर किया जाए। आवेदन में दस्तावेज की कमी होने पर उसे विभाग के जिम्मेदार पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायते जो बैंकों में लंबित हैं, उनकी की जानकारी आगामी टीएल बैठक में पेश करें।



स्थानीय व्यापारियों से किया वार्तालाप

## जायका टीम ने किया महावड़िया सब स्टेशन का सूक्ष्म मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जायका) ने मप्र के ट्रांसमिशन नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण के लिए मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में संचालित जायका-2 वित्त पोषित विभिन्न परियोजनाओं के तहत भोपाल में हुए कार्यों का विस्तृत निरीक्षण कर उनका सूक्ष्म मूल्यांकन किया गया।

जायका जापान की इवैल्यूएटर सुश्री हिसाए ताकाहाशी एवं जायका के भारतीय प्रतिनिधि कुनाल गुप्ता ने निर्माण कार्यों, उनकी गुणवत्ता, उपयोगिता तथा अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप क्रियान्वयन की बारीकी से जांच-पड़ताल की।

महावड़िया सब स्टेशन एवं लाइन का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान टीम ने सर्वप्रथम 132 केवी सब स्टेशन महावड़िया तथा इसके लिए निर्मित 132 केवी महावड़िया-मुगलियाछाप डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन का निरीक्षण कर सूक्ष्म मूल्यांकन किया। इवैल्यूएटर सुश्री ताकाहाशी ने लोन स्वीकृति के समय प्रस्तुत प्रारंभिक योजना, परियोजना के क्रियान्वयन, स्थापित उपकरणों की गुणवत्ता, लागत एवं रखरखाव से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

कृषक द्वारा बैंक में बंधक रखी कृषि भूमि को नियम विरुद्ध नीलाम करने का मामला

लोकायुक्त के विशेष न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

## कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक घोटाला मामले के दोषियों को 3 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कृषक द्वारा बैंक में कृषि भूमि को बंधक रखकर लिए गए ऋण की वसूली न होने पर उसे बताए बगैर कम दाम में अन्य व्यक्ति को नीलाम करने के अपराध को प्रमाणित पाए जाने पर लोकायुक्त के विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के तत्कालीन विक्रय अधिकारी हरिहर प्रसाद मिश्रा, तत्कालीन महाप्रबंधक हुकुमचंद सिंघई, आरएस गर्ग पुष्टिकर्ता अधिकारी एवं कृषि भूमि की क्रेता भावना पति प्रभात सिन्हा को दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास और 2000-2000 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक हेमलता कुशवाहा द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार ग्राम महाबडिया तहसील हुजूर जिला भोपाल के कृषक आदिवासी मोहम्मद फिरोज पिता मोहम्मद इब्राहिम द्वारा अपनी कृषि भूमि 1990 में बंधक रख 20,000 रूपए का लोन पंप एवं थ्रेसर के के लिए लिया था। आरोपीगण द्वारा कृषक की 5 एकड़ भूमि 25 फरवरी 2000 को मात्र 70 हजार रुपए में भावना पति प्रभात सिन्हा को नीलामी प्रक्रिया का उल्लंघन कर बाजार मूल्य एवं कलेक्टर द्वारा निर्धारित मूल्य से अत्याधिक कम मूल्य पर अवैधानिक रूप से नियम के विरूद्ध नीलामी कार्यवाही कर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर पुष्टि के लिए संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं भोपाल को भेजा गया, जहां उनके द्वारा अवैधानिक रूप से नीलामी की पुष्टि आदेश पारित किया गया। उक्त लिखित सूचना के आधार पर लोकायुक्त पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था।




मप्र ने इन्फ्रास्ट्रक्चर को अपनी विकास नीति का केंद्र बनाया: मंत्री सिंह

विभाग के पास परिसंपत्तियों का अद्यतन एवं प्रमाणिक डिजिटल डेटा उपलब्ध

## 71,210 किमी से अधिक सड़कों का जीआईएस आधारित सर्वेक्षण पूर्ण

***भाजपा-कांग्रेस दोनों के विधायक समेत 26 विधायकों ने लिया हिस्सा***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभा के बजट सत्र में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने विभागीय बजट चर्चा के दौरान सड़क, पुल, भवन तथा अधोसंरचना विकास की उपलब्धियों, नवाचारों और आगामी योजनाओं पर कहा कि मप्र आज उस निर्णायक दौर से गुजर रहा है, जहां विकास केवल वर्तमान आवश्यकताओं का समाधान नहीं, बल्कि आने वाले दशकों की जरूरतों की तैयारी है।

मंत्री सिंह ने कहा कि मप्र ने इन्फ्रास्ट्रक्चर को अपनी विकास नीति का केंद्र बनाया है। विभाग में नवाचरों और अभिनव प्रयासों को क्रियान्वित किया जाने के प्रयास है। चर्चा में 26 विधायकों ने लिया भाग लिया। पक्ष विपक्ष की तरफ से रामेश्वर शर्मा, महेश परमार, दिलीप सिंह परिहार, नीलेष उईके, गौरव पारधी, नारायण सिंह पट्टा, आशीष शर्मा, डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह, नीरज सिंह ठाकुर, अभय मिश्रा, संदीप जायसवाल, देवेन्द्र सखवार, महेन्द्र नागेश, फूलसिंह बरैया एवं डॉ. प्रभुराम चौधरी सहित 26 विधायकों ने भाग लिया। इसमें भाजपा-कांग्रेस दोनों के ही विधायक लगभग बराबर संख्या में थे। सभी विधायकों ने अपने क्षेत्र में सड़कों एवं पुलों की मांग करते हुए विभाग मे हो रहे रिफॉर्मस को सराहा। लोक निर्माण विभाग के दशा सुधारने के लिए इतने नवाचार हो रहे है।



निश्चित रूप से समय के साथ हमको परिवर्तन करते रहना चाहिए। सड़क नेटवर्क का वैज्ञानिक पुनर्गठन और जीआईएस आधारित सर्वेक्षण में उन्होंने बताया कि विभाग ने सड़क श्रेणियों के व्यावहारिक असंतुलन को दूर करने के लिए रोड नेटवर्क का रैशनलाइजेशन करने का निर्णय लिया है, ताकि सड़क की भूमिका, यातायात भार, भविष्य की आवश्यकता और क्षेत्रीय विकास के अनुरूप श्रेणी निर्धारण हो सके।

उन्होंने कहा कि सुधार की शुरुआत डेटा से करते हुए लोक निर्माण सर्वेक्षण मोबाइल एप विकसित किया गया, जिसके माध्यम से 71,210 किमी से अधिक सड़कों, 2,975 भवनों तथा 1,426 पुलों का जीआईएस आधारित सर्वेक्षण पूर्ण किया जा चुका है। अब विभाग के पास परिसंपत्तियों का अद्यतन एवं प्रमाणिक डिजिटल डेटा उपलब्ध है, जिससे निर्णय अनुमान से नहीं, प्रमाण से लिए जा रहे हैं।

### रोड नेटवर्क मास्टर प्लान और ग्रीनफील्ड एलाइन्मेंट

*मंत्री सिंह ने बताया कि डेटा के आधार पर विभाग ने परियोजना-दर-परियोजना दृष्टिकोण से आगे बढ़कर समग्र रोड नेटवर्क मास्टर प्लानिंग अपनाई है। मास्टर प्लान विश्लेषण में शहरों के बायपास, औद्योगिक-खनन क्षेत्रों की कनेक्टिविटी तथा जिला मुख्यालयों से संपर्क सुधार के लिए महत्वपूर्ण आवश्यकताएं चिन्हित हुई हैं। साथ ही, एरियल दूरी बनाम सड़क दूरी के तुलनात्मक विश्लेषण से 6 नए ग्रीनफील्ड एलाइन्मेंट चिन्हित किए गए हैं, जिनसे यात्रा समय कम होगा और नए क्षेत्रों में विकास के अवसर खुलेंगे।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930